पटना, गुरुवार
01:06:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 148 | epaper.rashtriyakhabar.com | ज्येष्ठ, शुक्लपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080



## चाणक्य नीति

धन्या द्विजमयी नौका विपरीता भवार्णवे।
तरन्त्यधोगताः सर्वे उपरिस्थाः पतन्त्यधः॥

भावार्थ : इस संसार सागर में ब्राह्मणरूपी नौका धन्य है, जो उल्टी गति से चलती है। यह उल्टी गति क्या है? जो इस नाव के नीचे रहते हैं, वे सब तो भवसागर से पार उतर जाते हैं और जो नाव के ऊपर चढ़ते हैं, उनका पतन हो जाता है।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 39.00 °c | 28.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.30 बजे
सूर्योदय (कल) » 05.02 बजे

## पुराना किला की खुदाई में मिली भगवान की प्रतिमाएं

**नईदिल्ली :** दिल्ली के पुराना किला में तीसरे फेज की खुदाई का काम शुरू हो गया है। खुदाई का मकसद महाभारत के अंश ढूंढना है। मंगलवार को केंद्रीय टूरिज्म मंत्री जी किशन रेड्डी पुराना किला में खुदाई वाली जगहों का जायजा लेने के लिए पहुंचे। खुदाई की इस जगह को इंद्रप्रस्थ एक्सजकेवेशन साइट नाम दिया गया है। दिल्ली में 1969 में पहले फेज की खुदाई हुई थी। फिर 2013-14 और 2017-18 में दूसरे फेज की खुदाई हुई। अब इस साल जनवरी 2023 में तीसरे फेज की खुदाई शुरू हुई है। पुराना किला में खुदाई के दौरान अबतक 2500 साल पुराना इतिहास मिला है। यहां 9 लेवल का कल्चसर मिला है, जिसमें मौर्य से मुगल काल तक का इतिहास शामिल है।

## उत्तर कोरिया का सैटेलाइट समुद्र में जा गिरा

**सिओल :** उत्तर कोरिया ने 31 मई से 11 जून के बीच देश के पहले मिलिट्री स्पाई सैटेलाइट लॉन्च की घोषणा की थी। इस बीच मीडिया रिपोर्ट के हवाले से कहा गया कि उत्तर कोरिया ने अपनी सैटेलाइट का प्रक्षेपण कर दिया लेकिन प्रक्षेपण फेल रहा। जापान और दक्षिण कोरिया ने लॉन्च के फेल होने की संभावना जताई है। हालांकि उत्तर कोरिया ने लॉन्च को लेकर अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। उत्तर कोरिया ने कहा था कि वह इस सैटेलाइट के जरिए अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया और अमेरिका के सैन्य अभ्यासों पर नजर रखना चाहता है, इसलिए 31 मई और 11 जून के बीच वह यह लॉन्च करेगा। अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक उत्तर कोरिया ने कहा था कि वह दक्षिण की रॉकेट लॉन्च करेगा।

## मलेशिया ने पाकिस्तान का प्लेन जब्त किया

**नई दिल्ली :** पाकिस्तानि कंगाल हो चुका है। उसके पास नकदी की इतनी ज्यारदा कमी है कि वह अपनी एयरलाइंस तक चला नहीं पा रहा है। ऐसे समय में उसके इस्लाहमिक दोस्तल मलेशिया ने उसे बड़ा झटका दिया है। पाकिस्ताइन को लीज पर दिंए अपने प्ले ःन का पैसा न मिलने पर मलेशिया ने उस प्लोन पर कब्जा कर लिया है। खबरों के मुताबिक पाकिस्ताान इंटरनेशनल एयरलाइंस के बोइंग 777 प्लेन को मलेशिया की राजधानी कुआला लुम्पुर एयरपोर्ट पर रोक लिया है। पाकिस्तालन मीडिया में आई खबरों के मुताबिक यह प्लोनि लीज पर लिया गया था, लेकिन 40 लाख डॉलर के बकाया होने के कारण इस पर कब्जात कर लिया है।

## कोसोवो में नाटो सैनिकों पर जोरदार हमला तीस घायल

**कोसोवो :** यूक्रेन युद्ध के बीच यूरोप में एक और विवाद तेज होता जा रहा है। कोसोवो में सर्बिया के प्रदर्शनकारियों के हमले में नाटो के 30 शांतिरक्षक सैनिक घायल हो गए हैं। अब नाटो ने फैसला किया है कि वह 700 अतिरिक्ति सैनिकों को भेजने जा रहा है। अभी नाटो के 3800 शांतिरक्षक सैनिक कोसोवा में तैनात हैं। नाटो के महासचिव जेंस स्टो ल्टोनबर्ग ने कहा कि हमने पश्चिमी बाल्कोन के लिए 700 और सैनिक तैनात करने जा रहे हैं। उन्होंवने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो अतिरिक्तक रिजर्व बटालियन को हाई अलर्ट पर रखेंगे ताकि उन्हेंक तत्कातल तैनात किया जा सके। इस बीच सर्बिया ने अपनी सेना को सर्वोच्चट अलर्ट पर कर दिया है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**कार्यक्रम** › अमेरिका के कार्यक्रम में भारत जोड़ो यात्रा सहित सभी मुद्दों पर चर्चा

# नरेंद्र मोदी भगवान को भी समझा सकते हैं: राहुल गांधी

- अमेरिका में मोहब्बत की दुकान खोली
- भारतीय लोकतंत्र की चुनौतियों की बात की
- भारत जोड़ो यात्रा के अनुभवों को सांझा किया

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर हैं। इस दौरान सैन फ्रांसिस्को में उन्होंने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में ऐसे लोग हैं जो सोचते हैं कि वे भगवान से अधिक जानते हैं और पीएम मोदी ऐसा ही एक नमूना हैं। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस यूएसए द्वारा आयोजित मोहब्बत की दुकान कार्यक्रम में बोलते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि कुछ लोग पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि वे सब कुछ जानते हैं और इतिहासकारों को इतिहास, वैज्ञानिकों को विज्ञान और सेना को युद्ध के बारे में समझा सकते हैं। दुनिया इतनी बड़ी और जटिल है कि कोई भी व्यक्ति सब कुछ नहीं जान सकता। यही असली बीमारी है, भारत में ऐसे लोगों का एक समूह है जो पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि वे सब कुछ जानते हैं। उन्हें लगता है कि वे भगवान से भी अधिक जानते हैं। वे भगवान के साथ बैठ सकते हैं और उन्हें समझा भी सकते हैं कि पूरे सौर मंडल में क्या चल रहा है। निश्चित रूप से, हमारे प्रधान मंत्री एक ऐसा ही नमूना हैं। यदि आप मोदी जी को भगवान के साथ बिठाते हैं, तो वह भगवान को समझाएंगे कि ब्रह्मांड कैसे काम करता है और भगवान भ्रमित हो जाएंगे कि मैंने क्या बनाया है। उन्हें लगता है कि वे इतिहासकारों को इतिहास, वैज्ञानिकों को विज्ञान और सेना को युद्ध की व्याख्या कर सकते हैं। लेकिन इसके मूल में सामान्यता है। वे सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि आरएसएस और भाजपा भारत में राजनीति के सभी संस्थानों नियंत्रित कर रहे हैं। अमेरिका में कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में प्रवासी भारतीयों की एक सभा को संबोधित करते हुए, वायनाड के पूर्व सांसद ने कहा कि ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल शुरू करने से पहले, उन्होंने महसूस किया कि भारतीय राजनीति में ऐतिहासिक रूप से इस्तेमाल होने वाले सामान्य उपकरण काम नहीं कर रहे थे। इसके बाद। चलने से पहले, हम पा रहे थे कि सामान्य उपकरण जो हम राजनीति के लिए इस्तेमाल करते थे, इस तरह की बातचीत, सार्वजनिक बैठकें, अब

» पेज 2 भी देखें



### केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता पर आरोप लगाया

राहुल के इस बयान पर स्वाभाविक तौर पर भाजपा की तरफ से तीखी प्रतिक्रिया आयी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता पर अपनी विदेश यात्राओं के दौरान भारत का अपमान करने का आरोप लगाया। अपनी विदेश यात्राओं के दौरान, राहुल गांधी भारत का अपमान करते हैं, जो अस्वीकार्य है। वह पीएम मोदी का अपमान करना चाहते हैं, लेकिन भारत की प्रगति पर सवाल उठाते हुए भारत का अपमान करते हैं। वह ऐसे समय में भारत को कलंकित करने की कोशिश कर रहे हैं, जब दुनिया हमारे बढ़ते कद को स्वीकार कर रही है। पीएम मोदी ने हाल ही में अपनी विदेश यात्रा के दौरान लगभग 24 पीएम और दुनिया के राष्ट्रपतियों से मुलाकात की और 50 से अधिक बैठकें कीं। कई विश्व नेताओं का कहना है कि मोदी सबसे लोकप्रिय नेता हैं। जब ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने कहा पीएम मोदी इज द बॉस, तो राहुल गांधी को इस प्रशंसा को पचा नहीं पाये हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने तीखे खंडन में कहा कि कांग्रेस नेता अपनी हालिया विदेश यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री की प्रशंसा और सराहना को पचा नहीं पा रहे हैं।

## सीमावर्ती शहर में समूहों, कुकीज और पीड़ितों से भी मुलाकात की

# जलाए गए 50 से अधिक घरों का भी दौरा किया अमित शाह ने



- शाह ने मोरेह में कुकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की
- सरकार ने इंटरनेट पर प्रतिबंध पांच जून तक बढ़ाया
- पीड़ितों ने उन्हें हमले की वास्तविक जानकारी भी दी

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 31 मई को मणिपुर के मोरेह जिले पहुंचे और राज्य में जारी हिंसा के बीच जमीनी हालात का आकलन किया। शाह ने मोरेह जिले में नागरिक समाज और छात्र संगठनों से मुलाकात की और मणिपुर हिंसा के दौरान जलाए गए 50 से अधिक घरों का भी दौरा किया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुधवार सुबह भारत-म्यांमार सीमवर्ती शहर मोरेह पहुंचे। हिंसाग्रस्त मणिपुर यात्रा के तीसरे दिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सुबह भारत-म्यांमार सीमावर्ती शहर मोरेह का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कुली, नागरिक समाज समूह और कुछ पीड़ितों से भी मुलाकात करने की खबर है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुधवार सुबह भारत-म्यांमार सीमवर्ती शहर मोरेह पहुंचे।जानकारी के मुताबिक इस दौरान उन्होंने कुकी, कुछ नागरिक समाज के समूह और पीड़ितों से मुलाकात की। सूत्रों ने दावा किया कि गृह मंत्री के सुरक्षा उपायों की समीक्षा भी करेंगे। गृहमंत्री अपने दौरे के तीसरे दिन कांगपोकपी जिले का दौरा करेंगे और वहां विभिन्न समूहों से मुलाकात करेंगे।मणिपुर घाटी से चुराचांदपुर मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे एमबीबीएस छात्रों ने कहा है कि वे अब अपनी

» पेज 2 भी देखें

## क्या वाकई भाजपा से मोहभंग हुआ शिंदे खेमा के लोगों का

# गुट के 22 विधायक और नौ सांसद नाराज



- पहले से ही मिल रहे थे कई संकेत
- सामना में इस बारे मे रिपोर्ट छपी है
- कीर्तिकर ने खुलकर कहा वह नाराज हैं

**राष्ट्रीय खबर**

**मुंबई:** यह राजनीतिक चर्चा अब जोर पकड़ रही है कि एकनाथ शिंदे खेमा और भाजपा के रिश्ते कड़वे हो रहे हैं। कई संकेत पहले भी मिले थे लेकिन सरकार गिरने का भय सभी को है। अब पहली बार यह कहा गया है कि शिवसेना के एकनाथ शिंदे खेमे के 22 विधायक और 9 सांसद भाजपा के बेलगाम व्यवहार से तंग आकर खेमा छोड़ना चाहते हैं। यह दावा शिवसेना के उद्धव शिबिर के मुखपत्र सामना में किया गया है। दावा किया जा रहा है कि महाविकास अघाड़ी गठबंधन तोड़ भाजपा के साथ चले गए हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र के लिए कुछ नहीं कर पा रहे हैं। यह भी दावा किया गया है कि भाजपा के साथ गठबंधन के कारण उनका दम घुटने की स्थिति है। महाराष्ट्र में सियासी तूफान थमने के संकेत पहले से ही मिल रहे थे। जब एनसीपी नेता अजीत पवार की हरकतों पर सवाल उठाए गए। लेकिन अजित को शरद पवार के मास्टरस्ट्रोक ने नाकाम कर दिया। महाराष्ट्र में इस बार फिर से हंगामे के संकेत हैं। शिवसेना के उद्धव खेमे के मुखपत्र में मोर्चे पर लिखा गया है, ह्यजनप्रतिनिधियों का एक बड़ा हिस्सा जिन्होंने एकनाथ शिंदे को तोड़कर भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई, उनका सब्र टूट गया है। भाजपा के साथ जगह बनाते-बनाते उनका दम घुट रहा है। समाना का दावा है कि 22 विधायक और 9 सांसद शिंदे खेमे में नहीं रहना चाहते हैं। ये सभी भाजपा के लापरवाह व्यवहार से तंग आ चुके हैं और पार्टी छोड़ने की सोच रहे हैं। सोमवार को बागी और शिवसेना के वरिष्ठ नेता

» पेज 2 भी देखें

### पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड दिल्ली पहुंचे

**नईदिल्ली :** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड भारत के चार दिवसीय दौरे पर बुधवार को दिल्ली पहुँच गए हैं। प्रचंड की अगवानी एयरपोर्ट पर भारत की विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने की। प्रचंड अपने दौरे के पहले दिन भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मिलेंगे। मंगलवार शाम सात बजे नई दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास में प्रचंड के स्वागत में रात्रिभोज का आयोजन है। गुरुवार को दिन में 11 बजे प्रचंड की मुलाकात भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से होगी। इसके बाद नेपाली प्रधानमंत्री भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और फिर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेंगे। इसी दिन शाम में प्रचंड की मुलाकात भारत के कारोबारियों से होगी। शुक्रवार को प्रचंड इंदौर जाएंगे और वहां के राज्यपाल से मिलेंगे। शनिवार को दौरा खत्म करते हुए वापस काठमांडू चले जाएंगे।

## फिर बनने लगा है एक और चक्रवात का माहौल

# मॉनसून की बारिश के पहले निशाने पर पूर्वी भारत के राज्य

**राष्ट्रीय खबर**



**कोलकाता:** मानसून के आगमन को देखते हुए बंगाल की खाड़ी में एक बार फिर चक्रवाती तूफान का कहर नजर आने लगा है। अभी चंद दिनों पहले ही बंगाल की खाड़ी से उपजा एक तूफान बांग्लादेश और म्यांमार होते हुए पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन का कारण बना था। स्थानीय मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रारंभिक अवलोकन में पश्चिम बंगाल इस बार के बन रहे नये चक्रवात का लक्ष्य हो सकता है। कई लोगों का मानना है कि इस चक्रवात की सवारी कर मानसून राज्य में प्रवेश कर सकता है। हालांकि, मौसम विज्ञानी इतनी जल्दी कोई खास भविष्यवाणी देने को तैयार नहीं हैं। पूर्वानुमान के अनुसार, 3 जून को म्यांमार की राजधानी यांगून के पास एक चक्रवात बनेगा। यह धीरे-धीरे उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और 8 जून को उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी में पहुंचेगा। यूरोपीय मौसम विज्ञान संगठन के पूर्वानुमान के अनुसार, चक्रवात पश्चिम बंगाल या ओडिशा के तट को निशाना बना सकता है। लेकिन चक्रवात कब लैंडफॉल करेगा, इसके पूर्वानुमान के लिए हमें कुछ दिन और इंतजार करना होगा। प्रारंभिक पूर्वानुमान

» पेज 2 भी देखें

# अज्ञात कारणों से दो कंपनियों पर नोटिस के बाद आगे कार्रवाई नहीं

### अडाणी के संदिग्ध निवेशों के बारे में जानता था आयकर विभाग

**राष्ट्रीय खबर**




**नई दिल्ली:** अडानी समूह पर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में उल्लेखित दो मॉरीशस कंपनियां एक दशक से अधिक समय से भारतीय कर अधिकारियों के रडार पर थीं। अंग्रेजी दैनिक इंडियन एक्सप्रेस ने यह रिपोर्ट प्रकाशित की है। इसमें बताया गया है कि दो फंड हैं मावी इन्वेस्टमेंट फंड लिमिटेड अब एपीएमएस इन्वेस्टमेंट फंड लिमिटेड) और लोटस ग्लोबल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड। मॉरीशस रेवेन्यू अथॉरिटी (एमआरए) ने सितंबर 2012 में मावी इन्वेस्टमेंट फंड को एक नोटिस भेजा था। अखबार ने बताया है कि इसने कंपनी से डायरेक्ट टैक्स अवॉइडेंस एग्रीमेंट के तहत भारतीय टैक्स अथॉरिटीज के साथ जानकारी साझा करने को कहा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोटस ग्लोबल इन्वेस्टमेंट को जुलाई 2014 में एमआरए से सूचना, भारतीय कर अधिकारियों को आगे प्रसारण के लिएह्व साझा करने के लिए इसी तरह का नोटिस मिला था। अपनी रिपोर्ट में, हिंडनबर्ग रिसर्च ने मॉरीशस की पांच संस्थाओं - एपीएमएस इन्वेस्टमेंट फंड (पहले मावी इन्वेस्टमेंट्स), अल्बुला इन्वेस्टमेंट फंड, क्रेस्टा फंड, एलटीएस इन्वेस्टमेंट फंड और लोटस ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फंड का नाम दिया। इसमें कहा गया है कि ये फंड एक

» पेज 2 भी देखें

**खोज** › जीवन के क्रमिक विकास के बारे में नये शोध में जानकारी

# नदियों के क्षरण से बदलता है मछलियों का विकास

- नमूनों की जांच से जेनेटिक समानता मिली
- अलग अलग इलाकों में अलग अलग विकास
- इससे नदियों के प्रवाह को बदलाव से जोड़ा गया

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** प्राचीन काल से अब तक धरती में अनेक उथलपुथल हुए हैं। कभी उल्कापिंडों के गिरने की वजह से तबाही आयी है और शीतकाल लौटा है। कभी टेक्नोनिक प्लेटों की रगड़ से भूकंप और सूनामी के साथ साथ बड़े ज्वालामुखी विस्फोट हुए हैं। इनका जीवन के क्रमिक विकास के साथ रिश्ता पाया गया है। मसलन अपने युग के सबसे ताकतवर और आक्रामक प्राणी डायनासोर ही उल्कापिंड के गिरने की वजह से खत्म हो गये थे। लेकिन जीवन के क्रमिक विकास के उस विषय पर अब तक किसी का ध्यान नहीं गया था, जिसे एमआईटी के वैज्ञानिकों ने खोजा है। अब, एक एमआईटी अध्ययन

» पेज 2 भी देखें

### सेसिल और इडा ग्रीन प्रोफेसर टेलर पेरोन कहते हैं

एमआईटी में पृथ्वी, वायुमंडलीय और ग्रह विज्ञान के सेसिल और इडा ग्रीन प्रोफेसर टेलर पेरोन कहते हैं अगर हम भूगर्भिक कारकों को समझ सकते हैं जो जैव विविधता में योगदान करते हैं, तो हम इसे संरक्षित करने का बेहतर काम कर सकते हैं । स्टोक्स वर्तमान में फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर हैं। शोध दल ने उत्तरी अमेरिकी मीठे पानी की मछलियों की वंशावली का अध्ययन किया। मीठे पानी की मछलियों से एकत्र किए गए डीएनए अनुक्रम डेटा का उपयोग करता है, यह दिखाने के लिए कि कैसे और कब कुछ प्रजातियां एक दूसरे के संबंध में विकसित हुईं और अलग हो गईं। इस पैटर्न के कारणों की जांच करने के लिए, स्टोक्स ने येल में नियर के व्यापक संग्रह के साथ-साथ टीवीए सहयोगियों की मदद से क्षेत्र से ग्रीनफिन डार्टर ऊतक के नमूने एकत्र किए। उसके बाद उन्होंने पूरे जीनोम से डीएनए अनुक्रमों का विश्लेषण किया, और प्रत्येक मछली के जीन की तुलना डेटासेट में हर दूसरी मछली से की। इसके बाद टीम ने मछलियों के बीच आनुवंशिक समानता के आधार पर ग्रीनफिन डार्टर का जातिवृत्तीय वृक्ष बनाया। इसके जरिए उन्होंने देखा कि एक सहायक नदी के भीतर की मछलियाँ अन्य सहायक नदियों की तुलना में एक दूसरे से अधिक संबंधित थीं।

# मणिपुर की हिंसा राष्ट्रविरोधी नहीं है: सीडीएस जनरल चौहान

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** भारतीय सेना के सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि मणिपुर की स्थिति का राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से कोई लेना देना नहीं है।। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के जारी दौरे के बीच जनरल चौहान ने कहा कि यह सिर्फ वहां के जातिगत विभेदों की परिणाम है, जिसकी वजह से इतनी व्यापक हिंसा हुई है। उनके मुताबिक यह सिर्फ जातियों के बीच की लड़ाई है और इसका उग्रवाद से भी कुछ लेना देना नहीं है। इससे पहले सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के अपने चार दिवसीय दौरे पर सोमवार को राज्यपाल अनुसुइया उइके, इंटेलिजेंस ब्यूरो प्रमुख तपन डेका से राज्यमंत्री नित्यानंद राय की मौजूदगी में मुलाकात की। अपने प्रवास के दौरान, वह वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करने और शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से कई सुरक्षा

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### बाबूलाल मरांडी ने उठाए सवाल

रांची: पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के रवैये पर सवाल उठाया है। खासकर इसके अध्यक्ष और एक सदस्य की भूमिका को लेकर चिंता जाहिर की है। सोशल मीडिया के जरिये इस विषय पर सीएम हेमंत सोरेन का भी ध्यान आकृष्ट कराते कहा है कि आयोग के रवैये से सरकार की बदनामी होने की बात कही है। बाबूलाल के मुताबिक झारखंड में एक ही आयोग का अब तक गठन हुआ है- झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग। इसका का काम कायदे से उन बच्चों के हित में काम करना है जिन्हें सुरक्षा की आवश्यकता है। परंतु, आयोग से दो लोग- अध्यक्ष और एक सदस्य एक के बाद एक रांची के सभी प्रतिष्ठित स्कूल में जा रहे हैं। वे ऐसे स्कूलों में जा रहे हैं जहां पहले से ही बच्चे सुरक्षित हैं।

**बैठक** जंगली जानवरों से नुकसान पर मुआवजा राशि बढ़ी

# त्रिस्तरीय पंचायती राज के सदस्यों का मानदेय बढ़ा

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 39 प्रस्ताव पारित किये गये। त्रिस्तरीय पंचायत में जिला परिषद पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के सदस्यों के मानदेय में बढ़ोतरी की गयी। जिला परिषद के अध्यक्ष को 10000 की जगह 12000, उपाध्यक्ष को 7500 की जगह 10000 पंचायत समिति के प्रमुख को 5000 की जगह 8000 उप प्रमुख को 3000 की जगह 4000 मुखिया को 1000 की जगह 2500, उप मुखिया को 500 की जगह 1200 प्रतिमाह दिये जायेंगे। वहीं दैनिक भत्ता 150 की जगह 200 दिया जायेगा। यात्रा भत्ता 5 प्रति किलोमीटर की जगह ?10 प्रति किलोमीटर दिया जायेगा।जंगली जानवरों से जानमाल फसल मकान क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि में बढ़ोतरी की गयी। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को अभी एक लाख के बजाय डेढ़ लाख रुपये, साधारण रूप से घायल व्यक्ति को 15000 की जगह 25000, स्थायी अपंग होने पर 200000 के बजाए ?325000 राशि दी जायेगी। वहीं मौत होने की स्थिति में 400000 दिये जायेंगे। मकान को नुकसान होने पर 120000 रुपये दिये जायेंगे। गिरिडीह के क्रिटिकल केयर अस्पताल को 21 करोड़ दिये गये। पेयजल विभाग के अंतर्गत जलसहिया को एक स्मार्टफोन, दो साड़ी दी जायेगी। इसके लिए 39 .72 करोड़ रुपये मंजूर किये गये। पाकुड़ के अमरापाड़ा में 1218 हेक्टेयर भूमि में खनन के लिए मेसर्स डब्ल्यूबीपीडीसीएल को पट्टा देने की स्वीकृति दी गयी। पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति नियमावली में संशोधन हुआ। राज्य के सभी पुस्तकालयों के विकास की योजना स्वीकृत की गयी। कैबिनेट में इसके अलावा कई विभागों की नियुक्ति नियमावली में भी संशोधन किया गया। सरिया अनुमंडलीय न्यायालय की स्थापना की मंजूरी दी गयी। रांची अंचल के नगड़ी के मुड़मा में बैंक ऑफ इंडिया के प्रशासनिक भवन के लिए 75 एकड़ भूमि 110000000 शुल्क लीज पर दी गयी। सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी एक्ट की मंजूरी दी गयी। झारखंड उत्पाद अधीनस्थ सेवा संवर्ग नियमावली 2013 में संशोधन किया गया। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गौरांग महत्व को दिए गए एक दंड को कैबिनेट में यथावत रखने का निर्णय लिया। विशेष शाखा में आरक्षी पद के लिए अनुसूचित नियमावली में संशोधन किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में कार्यरत स्वीपर और माली को अब श्रम विभाग के नियम के अनुसार मानदेय का भुगतान किया जाएगा। राज्य के क्राइम कोर्ट में 75 स्थाई पद के सृजन की मंजूरी दी गयी। झारखंड राज्य पुलिस अवर निरीक्षक नियुक्ति नियमावली 2016 को निरस्त किया गया। श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान को सचिवालय के संलग्न कार्यालय के रूप में शामिल करने की मंजूरी दी गयी। सहायक प्रशाखा पदाधिकारी इत्यादि पदों की स्वीकृति भी दी गयी। ब्यूरो में कार्यरत स्वीपर और माली को अब श्रम विभाग के नियम के अनुसार मानदेय का भुगतान किया जाएगा। राज्य के क्राइम कोर्ट में 75 स्थाई पद के सृजन की मंजूरी दी गयी। झारखंड राज्य पुलिस अवर निरीक्षक नियुक्ति नियमावली 2016 को निरस्त किया गया। श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान को सचिवालय के संलग्न कार्यालय के रूप में शामिल करने की मंजूरी दी गयी। सहायक प्रशाखा पदाधिकारी इत्यादि पदों की स्वीकृति भी दी गयी इत्यादि प्रमुख निर्णय लिए गये।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का दावा

# 2024 में भी केंद्र में होगी भाजपा, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यों पर जनता लगायेगी मुहर

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने भरोसा जताते कहा है कि अगले वर्ष 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव में भाजपा फिर से केंद्र में आएगी। प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रेस वार्ता में उन्होंने इसका दावा किया। कहा कि केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने बेमिसाल 9 साल पूरे कर लिए हैं। इस अवधि में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित मोदीजी ने जो कर दिखाया है, वह बेमिसाल है। अमृत काल में अब 2047 तक विकसित, समृद्ध भारत का सपना और उसके लिए योजनाएं तय की जा चुकी हैं। अब स्थिति यह है कि ना सिर्फ इस देश के नागरिक अपने पीएम पर गौरवान्वित हैं बल्कि विदेशों में रहने वाले भारतीय भी अपना नाता उस मुल्क से बताते हैं जिसके पीएम नरेंद्र मोदी हैं। इस दौरान प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहु के अलावा प्रदीप वर्मा भी उपस्थित थे।दीपक प्रकाश ने कहा कि केंद्र सरकार ने पंचप्राण को लक्ष्य कर लगातार काम किया है। गुलामी के प्रतीक चिन्हों को हटाने, अपने विरासत पर गर्व करने, एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने के जरिये देशवासियों की एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य भावना के उदय के लिए भी प्रयास किए गये हैं। देश-दुनिया को वैक्सीन उपलब्ध कराने का अद्भुत काम किया केंद्र सरकार ने किया है जबकि कांग्रेस वाले इसे भाजपा की और गेरुआ वैक्सीन बताते रहे। कोरोना संकट के बीच 80 करोड़ लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया। नमामि गंगे, स्वच्छता मिशन, कोरोना काल में भाजपा कार्यकताओं द्वारा सेवा ही संगठन पर काम हुए हैं। गरीब कल्याण योजना (आवास व अन्य), जनधन योजना, जनजाति कल्याण, जीरो टॉलरेंस करप्शन, डिजिटल इंडिया और अन्य ऐसे काम हुए हैं जिससे तय है कि 2024 में भी जनता का विश्वास केंद्र को मिलेगा। अरविंद केजरीवाल के रांची आगमन कार्यक्रम के सवाल पर दीपक ने कहा कि वे सीएम हेमंत सोरेने से मिलने वाले हैं। वास्तव में यह घोटालेबाजों का गला मिलन कार्यक्रम होगा। राहुल गांधी द्वारा विदेशों में देश में केंद्र सरकार के द्वारा दोयम दर्जे के नागरिक बनाये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे विदेश दौरों में देश को अपमानित करते हैं। उन्हें ना तो लोकतंत्र पर विश्वास है, ना सुप्रीम कोर्ट पर, ना चुनाव आयोग पर, ना संवैधानिक संस्थाओं पर। हकीकत में जनता को उन पर ही विश्वास नहीं है।महाजनसंपर्क अभियान के संयोजक प्रदीप वर्मा ने मौके पर जानकारी देते कहा कि पूरे जून महीने पार्टी के स्तर से महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाना है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर 10 मुसहर परिवारों के बीच ज़मीन पट्टा का हुआ वितरण



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देशानुसार पलामू के नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड के नौडीहा पंचायत स्थित कोइरीपतरा गांव में 10 मुसहर परिवार के बीच आवासीय भूमि का पट्टा वितरण किया गया। सभी परिवारों को सरकार की ओर से 3-3 डिसमिल आवासीय भूमि बंदोबस्त की गयी है। अब मुसहर परिवार आवंटित भूमि पर अपना घर बनाकर रह सकेंगे। साथ ही, घर बनाने के लिये सभी मुसहर परिवार को अंबेडकर आवास योजना से जल्द लाभान्वित किया जायेगा। मालूम हो कि पूर्व में भी जिले के लोगों को जमीन का पट्टा उपलब्ध कराया गया था। पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने आज बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वैसे मुसहर परिवार जिनका अबतक आधार कार्ड नहीं बना है, उनको चिन्हित करते हुए सभी का आधार कार्ड बनाया जायेगा। श्री दोड्डे ने कहा कि इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने सभी परिवार को सरकारी योजनाओं यथा सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना आदि से लाभान्वित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश के आलोक में जिले के अन्य स्थानों में रह रहे मुसहर परिवारों को भी चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

# एडमिशन आयोग का अध्यक्ष समझ बैठी हैं काजल यादवः अजय राय

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष काजल यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके क्रियाकलाप से महसूस हो रहा है कि वह झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष की जगह एडमिशन आयोग के अध्यक्ष बन बैठी हैं। उनके लगातार शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों में एडमिशन को लेकर दबाव बनाए जाने की शिकायत मिल रही है यह कहीं से आयोग के प्रतिष्ठित पद के लिए उपयुक्त नहीं है। अजय राय ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पूरे मामले पर संज्ञान ले ताकि स्कूलों के खिलाफ किए जा रहे भयादोहन पर रोक लग सके। अजय राय ने सभी प्राइवेट स्कूल के प्रबंधकों से आग्रह किया है कि इस तरह की हरकतों का वह विरोध करें उनके साथ झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन बराबर खड़ी है। साथ ही अजय राय ने कहा कि जो बच्चे कड़ी मेहनत कर अपनी काबिलियत पर अच्छे नंबर लाकर नामांकन के लिए स्कूलों में जाते हैं तो उनके साथ भेदभाव ना करे उन्हें उचित सम्मान देते हुए उनका नामांकन सुनिश्चित करें ताकि उनके भविष्य उज्जवल हो सके।

# 2 जून को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल का झारखंड दौरा

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 2 जून को एकदिवसीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। प्रस्तावित दौरे में सीएम अरविंद केजरीवाल झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात करेंगे साथ ही पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। आप के झारखंड मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने जानकारी देते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल जी के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है।इस वजह से गुरुवार को राजभवन के समक्ष प्रस्तावित धरना कार्यक्रम को भी स्थगित करते हुए पार्टी नेता और कार्यकर्ता तैयारी में जुट गए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का झारखंड की धरती पर आगमन को पार्टी कार्यकर्ता भव्य बनायेंगे।माना जा रहा है कि इस दौरे में झारखंड और बिहार में पार्टी की मजबूती को लेकर की चर्चा होगी और 2024 के चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकताओं को होमवर्क देने का काम सीएम अरविंद केजरीवाल करेंगे।

मिशन 2024 की तैयारी में गोलबंद हो रहे विपक्ष की तैयारी के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलना काफी अहम माना जा रहा है। इस दौरान वर्तमान राजनीतिक हालात और मिशन 2024 को लेकर रणनीति बनेगी। यह देखा गया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई मौकों पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यों से प्रभावित होते रहे हैं और झारखंड में उसी के तर्ज पर कई योजनाएं शुरू भी की गई है। ऐसे में दोनों नेताओं के वैचारिक मेल-जोल 2024 के रणनीति बनाने में जरूर काम आयेगा।

**साजिश** लातेहार के कचहरी परिसर में 400 टाना भगतों पर लाठी चार्ज गलती

# लातेहार में टाना भगतों पर लाठी बरसाया जाना गलत, उन्हें जेल में डाला जाना साजिशः बंधु तिर्की

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की ने कहा है पिछले वर्ष (10 अक्टूबर 2022) लातेहार के कचहरी परिसर में 400 टाना भगतों पर लाठी चार्ज किया गया जो गलत है। लातेहार जिला प्रशासन ने इस पूरे मामले में साजिश रची। पार्टी कार्यालय में बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जल,जंगल और जमीन की रक्षा में टाना भगत अगुवा रहे हैं।

वे कचहरी परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से धरना दे रहे थे। उसके बावजूद उनपर बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसायी गयीं। करीब 40 टाना भगतों को गिरफ्तार कर लिया गया। ये गलत है। उन्होंने लातेहार प्रशासन से पूछा कि धरना दे रहे टाना भगत क्या कोई क्रीमिनल हैं, हत्यारे हैं या उग्रवादी ? टाना भगत का इतिहास रहा है वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ देश की आजादी में अपनी महत्ती भूमिका निभायी है।

ये हमेशा शांतिपूर्वक और अहिंसात्मक आन्दोलन के पक्षधर रहें हैं। उन्होंने कहा कि इस आन्दोलन को बहुत सोची-समझी साजिश के तहत गलत दिशा में ले जाया गया। एक चाल के तहत आन्दोलन करने वाले अगुवाओं को जेल में डालने की पूरी साजिश रची गई हैं। प्रेस वार्ता में प्रवक्ता राकेश सिन्हा समेत अन्य भी मौजूद थे।बंधु तिर्की के मुताबिक लातेहार में टाना भगतों के खिलाफ साजिश रची जा रही है। तुबैर, बनरदीं, चकला, बालूमाथ जैसे कोयला खदानों में बेरोक-टोक खनन कार्य करने का षडयंत्र रचा गया है।

इसी कारण से उन्हें जेल में डाल कर उनकी जमीन से बेदखल किया जा रहा है। जो घटनास्थल पर नहीं थे, उनका भी नाम अभियुक्तों में शामिल कर दिया गया है। घटना के एक सप्ताह के भीतर ही माईनिंग का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।श्री तिर्की ने कहा कि आज इन गांव में एक भी सामाजिक अगुवा नहीं बचे हैं। जेल में बन्द टाना भगतों से मिलने से लोग कतरा रहें हैं।

टाना भगतों के साथ इस तरह बर्बतापूर्वक कार्रवाई किया जाना चिन्तनीय है। आखिर कौन लोग थे जो टाना भगतों को उकसाया इसकी जांच होनी चाहिए। इसके लिए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेताओ से भी बातचीत किया जा रहा है। जरूरत पड़ी तो एक प्रतिनिधिमण्डल महामहिम राष्ट्रपति से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया जायगा। कोल माइनिंग भारत सरकार के संरक्षण में हो रहा है।

## पेज एक का शेष

### नरेंद्र मोदी भगवान को .. ..

काम नहीं कर रही थीं। भारत में राजनीति करने के लिए हमें जितने भी साधनों की जरूरत थी- वे भाजपा और आरएसएस के नियंत्रण में थे। हमने भारत के दक्षिणी सिरे से श्रीनगर तक चलने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि कैसे कांग्रेस ने नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली। श्री गांधी ने कहा, वास्तव में 1,000 किलोमीटर पैदल चलना आसान बात नहीं थी। और मेरे घुटने में एक पुरानी चोट थी जो काम करना शुरू कर दी थी इसलिए मैंने कहा कि अब मैं वास्तव में परेशानी में हूं क्योंकि कोई विकल्प नहीं है, किसी को चलना है और मुझे काफी दर्द हो रहा है।

फिर एक आश्चर्यजनक बात हुई। उन्होंने कहा कि तीन सप्ताह तक हर दिन 25 किमी चलने के बाद, एक दोपहर उन्हें अचानक महसूस हुआ कि उन्हें बिल्कुल भी थकान महसूस नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि पैदल चलते साथियों के साथ विचार से यह निष्कर्ष निकला कि दरअसल वे अकेले नहीं चल रहे थे बल्कि पूरा भारतवर्ष उनके साथ चल रहा था क्योंकि सभी की उम्मीदें इस पैदल यात्रा के साथ जुड़ी हुई थी।

### जलाए गए 50 से अधिक ...

पढ़ाई जारी रखने के लिए वहां लौटने में सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। जब हिंसा शुरू हुई तब उपद्रवियों ने कॉलेज हॉस्टल में धावा बोल दिया था। सरकार से छात्रों ने वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। हथियारबंद बदमाशों ने मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में भी धावा बोल दिया। मोबाइल फोन और अन्य सामान ले गए। इस बीच बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली मणिपुर सरकार ने 31 मई को एक बार फिर राज्य भर में इंटरनेट सेवाओं के निलंबन को 5 जून तक बढ़ा दिया।

### गुट के 22 विधायक .. ..

गजानन कीर्तिकर की हालिया कुछ टिप्पणियों को भी सामने लाया गया। गजानन ने जहां साफ किया, वे भाजपा द्वारा अपने लोगों का इस्तेमाल किये जाने से नाराज हैं। इसके अलावा शिंदे खेमे के विधायक और सांसद जो अपने क्षेत्र के लिए कोई काम नहीं कर पा रहे हैं, वे भी शिकायत के स्वर में आ गए हैं। कीर्तिकर का दावा है कि उनकी पार्टी 22 लोकसभा सीटों पर लड़ना चाहती है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का दावा है कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आएंगे, संघर्ष तेज होगा।

### मॉनसून की बारिश .. ..

के अनुसार, चक्रवात के केंद्र में अधिकतम हवा की गति 100 किमी प्रति घंटा होगी। लेकिन समुद्र से उठनेन वाले ऐसे तूफानों के बारे में पक्के तौर पर कुछ भी कह पाना कठिन है क्योंकि आगे बढ़ते हुए कई कारणों से वे अचानक अधिक गति भी प्राप्त कर लेते है। चक्रवात नामकरण की सूची के अनुसार जो तूफान सबसे पहले बनेगा उसका नाम तबाही होगा, दूसरे का नाम गति होगा।

### अज्ञात कारणों से दो .. ..

कथित स्टॉक पार्किंग इकाई मॉन्टेरोसा इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स (बीवीआई) के नियंत्रण में हैं। इन फंडों ने अदानी समूह की कंपनियों में एक दशक से अधिक समय तक निवेश किया है। हालाँकि, इन फर्मों के स्वामित्व का विवरण अज्ञात है। जुलाई 2014 में, एमआरए ने लोटस ग्लोबल को 2006 से 2012 के लिए ऑडिटेड वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा। यह वह अवधि है जब लोटस ग्लोबल ने अडानी कंपनियों में हिस्सेदारी की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, लोटस ग्लोबल को शेयरधारकों और लाभार्थी मालिकों, कर्मचारियों की संख्या, अप्रैल 2000 से मार्च 2013 की अवधि के लिए बैंक विवरण, क्रेडिट के स्रोत और बैंक खातों में डेबिट प्रविष्टियों का विवरण जमा करने के लिए कहा गया था। हालांकि, मॉन्टेरोसा, एपलबी और संबंधित संस्थाओं के अधिकारियों और वकीलों ने उन बैंकों से सीधे जानकारी निकालने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए मॉरीशस के सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का फैसला किया, जहां लोटस ग्लोबल के खाते हैं। लोटस ग्लोबल ने 2013 में अदानी पावर लिमिटेड में अपनी पूरी हिस्सेदारी गौतम अदानी के बड़े भाई विनोद अदानी को बेच दी। उसने दिसंबर 2009 में एपीएल में अपनी हिस्सेदारी अल्बुला (मॉरीशस) को बेच दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एईएल में इसकी हिस्सेदारी धीरे-धीरे 2008 में 4.51% के उच्च स्तर से कम हो गई थी, जब तक कि यह 2010 की दूसरी तिमाही में बाहर नहीं निकल गई।

### नदियों के क्षरण से .. ..

एक भूवैज्ञानिक प्रक्रिया की पहचान करता है जो विवर्तनिक रूप से निष्क्रिय क्षेत्रों में प्रजातियों की विविधता को आकार दे सकता है। विज्ञान में प्रदर्शित होने वाले एक पेपर में, शोधकताओं ने बताया कि इन पुराने, शांत वातावरणों में नदी का कटाव जैव विविधता का चालक हो सकता है।

वे दक्षिणी एपलाचियन और विशेष रूप से टेनेसी नदी बेसिन में अपना मामला बनाते हैं, जो एक ऐसा क्षेत्र है जो मीठे पानी की मछलियों की विशाल विविधता के लिए जाना जाता है। टीम ने पाया कि जैसे-जैसे नदियाँ इस क्षेत्र में विभिन्न चट्टानों के माध्यम से नष्ट होती गईं, बदलते परिदृश्य ने मछली की एक प्रजाति को नदी नेटवर्क की विभिन्न सहायक नदियों में ग्रीनफिन डार्टर के रूप में धकेल दिया।

इसलिए प्रारंभिक सबूतों के आधार पर यह माना गया कि नदियों के क्षरण और बदलाव से मछलियों की प्रजातियों में भी बदलाव हुए। ग्रीनफिन डार्टर प्रजाति की मछली अलग-अलग आबादी बाहरी रूप से समान दिखाई देती है, ग्रीनफिन डार्टर के विशिष्ट हरे-रंग वाले पंखों के साथ, वे अपने आनुवंशिक मेकअप में काफी भिन्न होते हैं। अभी के लिए, अलग-अलग आबादी को एक ही प्रजाति के रूप में वगीर्कृत किया गया है।

माया स्टोक्स कहती है लगता है कि ये अलग-अलग वंश अलग-अलग प्रजातियां बन जाएंगे। ग्रीनफिन डार्टर नदी के कटाव के परिणामस्वरूप विविधता लाने वाली एकमात्र प्रजाति नहीं हो सकती है। शोधकताओं को संदेह है कि कटाव ने कई अन्य प्रजातियों को पूरे बेसिन में विविधता लाने के लिए प्रेरित किया हो सकता है, और संभवतः दुनिया भर के अन्य टेक्टोनिक रूप से निष्क्रिय क्षेत्रों में।

क्या अधिक है, अधिक दूर की सहायक नदियों की मछलियों की तुलना में पड़ोसी सहायक नदियों के भीतर की मछलियाँ एक दूसरे के समान थीं। स्टोक्स और पेरोन ने ग्रीनफिन डार्टर आवासों और जहां वे पाए जाते हैं, चट्टान के प्रकार के बीच एक रिश्ता था। टेनेसी नदी बेसिन के दक्षिणी आधे हिस्से में, जहाँ प्रजातियाँ प्रचुर मात्रा में हैं, मेटामॉर्फिक चट्टान से बना है, जबकि उत्तरी आधे हिस्से में तलछटी चट्टान होती है, जहाँ मछलियाँ नहीं पाई जाती हैं। विभिन्न चट्टान परतों के माध्यम से कटाव ने ग्रीनफिन डार्टर की विभिन्न आबादी के बीच अलगाव पैदा किया और वंशावली में विविधता लाने का कारण बना।

### मणिपुर की हिंसा .. ..

बैठकों में शामिल हो रहे हैं। अंतर-जातीय हिंसा में वृद्धि के बाद मणिपुर अत्यधिक तनाव और अशांति से जूझ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 70 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और हजारों लोग विस्थापित हो गए। शाह ने एक अन्य ट्वीट में कहा, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मोरेह (मणिपुर) में सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा सुबह 11 बजे तक कर्फ्यू में छह घंटे की छूट दिए जाने के बाद मंगलवार को हिंसा प्रभावित इंफाल के ख्वैरामबंद बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में अपने तीसरे दिन के दौरान कुकी समुदाय के प्रतिनिधिमंडल और विभिन्न अन्य समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक टीम के साथ बैठकें कीं। इन बैठकों के दौरान, उन्होंने शांति और स्थिरता बहाल करने के सरकार के प्रयासों में अपना दृढ़ विश्वास व्यक्त किया। गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि शाह ने म्यांमार की सीमा से लगे मोरेह शहर में सुरक्षा समीक्षा बैठक की।

## शहर >> अपडेट

### अखंड रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन

**मोतिहारी पू चं:** सेवक संजयनाथ काली नया दस महाविद्या मंदिर के स्थापना दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर सुबह 6 बजे से अखंड रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें देश एवं विदेश से आये श्रद्धालुओं ने भाग लिया एवं भाजपा नेता सुमित श्रीवास्तव तथा अन्य भक्तों ने कालकालीनाथ का अभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम 6:00 बजे जगद्गुरु सेवक संजयनाथ जी महाराज द्वारा महाकाल की भष्म आरती की गई। इस अवसर पर जगद्गुरु ने समस्त हिन्दूराष्ट्र की सुख समृद्धि की कामना की और वहाँ आये तमाम श्रद्धालुओं को शपथ दिलाया कि वह पापनाशिनी और पुण्यदायिनी माँ गंगा के अविरलता और निर्मलता को लेकर करेंगे।

# प्रखंड के कई गांवों के सैकडों किसान नीलगाय के आतंक से है परेशान

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.च :** प्रखंड के कई गांवों के सैकडों किसान नीलगाय के आतंक से परेशान है। फसलों को सफाचट कर जाना नीलगायों के लिए चुटकी का खेल है। इनके चलते लागत लगा कर खेती करने वाले किसानों को हाथ मलने के सिवा कुछ और नहीं सूझता। उनकी पैदावार शून्य के बराबर हो जाती है,और किसान अपने लिये गए कर्ज को नहीं सधा पाते हैं। सरकार और वन विभाग भी किसानों के इस समस्या से निजात दिलाने के पक्ष में अपनी आंख मूंदे हुई हैं। प्रखंड के फुलवरिया,सुगांव, कोबेया,छपरा बहास, भटहा,सरहरी,भरगावा सहित दर्जन भर गांव के किसान नीलगायों से परेशान हैं।किसानों में पन्नालाल प्रसाद,मनोज मिश्रा,झुनू शर्मा,संतोष मिश्र,बिंदेश्वरी महतो,मुन्ना कुशवाहा,शंभू दास,यासीन मियां,अशोक यादव,विनय कुमार,ध्रुप गुप्ता सहित अन्य ने बताया कि कड़ी मेहनत करने के बाद की गई खेती को नीलगाय हमेशा बर्बाद कर देता है।खेत मे लगी फसल की बबार्दी से किसानों की कमर टूट गई है। कर्ज लेकर फसल लगाई जाती है,लेकिन फसल नुकसान होने से कर्ज के बोझ से उबार नहीं मिल रहा है। जिसके चलते किसान किसानी छोड़ने को मजबूर हो रहे है। करीब दस वर्षों से नील गाय के आतंक से किसान परेशान हैं।अब तो किसानों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न होने लगी है।इसको लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से शिकायत की गई,लेकिन अब तक कोई समाधान नही हो सका। इस बाबत बीएओ हरेन्द्र नाथ मेहरा ने बताया कि इसके निदान के लिए सम्बंधित विभाग को सूचना दी गई है।

## नगर परिषद की दुकानों को लीज पर लेकर बेचने के मामले में ईओ से मांगी गई रिपोर्ट

**बगहा :** नगर परिषद की दुकानों को लीज पर लेकर लेकर बेचे जाने के मामले में तत्कालीन डीएम ने दो वर्ष पहले जांच का आदेश दिया था। लीजधारकों एवं बगहा एसडीएम कार्यालय के बाबुओं की कारस्तानी की बदौलत लंबी अवधि तक यह फाइल दबी पड़ी रही। 2 जनवरी 2021 को डीएम ने जांच का आदेश फिरोज अंसारी के आवेदन के आलोक में दिया था। जांच व कार्रवाई की प्रतीक्षा में जब लंबा समय बीत गया तो फिरोज अंसारी ने फिर एक आवेदन वरीय अधिकारियों को दिया। इस बार एसडीएम डॉ. अनुपमा सिंह ने मामले का संज्ञान लेकर ईओ से एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट तलब की है। एसडीएम के आदेश के बाद लीजधारकों व संबंधित दुकानों के खरीदारों के बीच हड़कंप मच चला है। इधर, ईओ ने बताया की पत्र के आलोक में इसके जांच के लिए नगर परिषद दारोगा मो साबिर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम का गठन भी नगर परिषद द्वारा कर दिया गया है। जो एक सप्ताह के अंदर अपनी जांच रिपोर्ट कार्यालय को सौंपेंगे। बताते चलें कि 1980 में नगर परिषद ने 23 दुकानों का लीज किया था। बगहा-1 में पुराने नप भवन के सामने और यूनियन बोर्ड स्कूल के बगल में अवस्थित इन दुकानों का मासिक किराया महज 30 रुपए निर्धारित किया गया था। मामूली किराया वाली इन दुकानों को दूसरों से ऊंची कीमत लेकर लीजधारकों द्वारा अवैध रूप से बेच देने का आरोप है। गंभीर बात यह कि इन दुकानों का किराया भी लंबे समय से जमा नहीं किया गया है। जबकि व्यावसायिक दृष्टि से आज ये दुकानें काफी कीमती हो चुकी हैं। वरीय अधिकारियों के समक्ष इस मामले की शिकायत करने वाले फिरोज अंसारी कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता व सामाजिक कार्यकर्ता हैं । फिरोज ने ही 2021 में भी इस मामले को अधिकारियों के समक्ष उठाया था।

## जिला चौकीदार-दफादार संघ के समिति का गठन संपन्न

**रीगा :** जिला चौकीदार दफादार संघ की बैठक एवं जिला संगठन का चुनाव चौकीदार उमाकांत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संघ को मजबूत बनाने को लेकर समिति का गठन किया गया। श्री सिंह ने बताया कि सर्वसम्मति से रामचंद्र पासवान को जिलाध्यक्ष, हरिश्चंद्र राय उपाध्यक्ष, सूरज कुमार सिंह जिला मंत्री, उमाकांत सिंह उप सचिव, नंदकशोर राय, शंकर पासवान, ताहिर हुसैन को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। रीगा थाना क्षेत्र के चौकीदार संघ के सदस्य उमाकांत सिंह, अलाउद्दीन अंसारी, रवि भूषण सिंह, अनिल पासवान, शंकर पासवान, आशनारायण मंडल, विनोद राय, हरबंस पासवान आदि ने जिला कार्यकारिणी समिति को बधाई एवं शुभकामना दिया है। इन लोगों ने बताया कि जिला कमेटी चौकीदार एवं दफादार के अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति सचेत होकर काम करेगी।

## विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी नियुक्त

**रीगा :** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाधक्ष

चंदेश्वर पूर्वे ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में किसान प्रकोष्ठ के प्रभारी की नियुक्ति की है। ताकि आने वाले दिनों में संगठन को और सशक्त बनाया जाए। सर्वप्रथम शशि रंजन सिंह बाजपट्टी, नवल किशोर सिंह परिहार, रामप्रवेश कुशवाहा बथनाहा, अजय कुमार सिंह सीतामढ़ी, राम स्वार्थ पटेल रीगा, मुन्ना झा रुन्नीसैदपुर, संजीव कुमार सुरसंड, अभिषेक कुमार को बेलसंड का प्रभारी नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि ये सभी प्रभारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में काम करेंगे।

## चोरी-छुपे मेठ की बहाली पर वार्ड सदस्यों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**बेतिया :** पंचायत रोजगार सेवक के बिना आमसभा के मेठ की बहाली करने के मामले को लेकर वार्ड सदस्यों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। घटना बैरिया प्रखंड की बताई गई है। वार्ड संघ अध्यक्ष बैद्यनाथ राम ने कहा कि रोजगार सेवक के बिना ग्रामसभा व वार्ड सदस्यों को सूचना दिये चोरी-चोरी, चुपके-चुपके, चौथी- पांचवी कक्षा पास लोगो से पांच हजार व सात हजार रुपए लेकर धड़ले से मेठ की बहाली कर ली गई है । कही भी ग्राम सभा का आयोजन नही किया गया है। इस बहाली में व्यापक रुप से धांधली करने की खबर ग्रामीणों ने दी है। बैरिया के मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी देवकांत कुमार ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद जांच की जा रही है। जांच में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। विनोद कुमार चौधरी, जैनुदीन आलम, कुंदन द्विवेदी, मंजीत राम, सुनील कुमार चौधरी व वार्ड सदस्यों का कहना है कि इस प्रकार की धांधली से वार्ड सदस्यों के अधिकार की धज्जियां उड़ाई गई है, जबकि मेठ की बहाली जिस वार्ड मे होती है। उस वार्ड के वार्ड सदस्य की उपस्थिति में ग्राम सभा की जाती है। अलबत्ता कही भी ग्राम सभा नही की गई है। कागजी कोरम पूरा कर चहेतों की बहाली की गई है। जिसकी जांच की मांग वार्ड सदस्यों ने किया है। इस चुपकेझचोरी तकी गई बहाली को रद्द करते हुए, बतौर वार्डवार तिथि निर्धारित कर सार्वजानिक रुप से ग्राम सभा आयोजन कर मेठ की बहाली की जाए।

# कार्रवाई : रंगे हाथों पकड़े गए मझौलिया के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी

निगरानी की टीम ने 55 हजार रुपये रिश्वत के साथ दबोचा

आए दिन हो रही कार्रवाई फिर भी बाज नहीं आ रहे रिश्वतखोर

राष्ट्रीय खबर टीम



**बेतिया/मझौलिया :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत मझौलिया प्रखण्ड क्षेत्र में रिश्वतखोरी परवान पर है। जिसका ताजा नमूना प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार के रुप में सामने आया है। पटना से आई निगरानी विभाग की टीम ने मझौलिया के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को 55 हजर रुपया रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा है।

निगरानी डीएसपी सुजीत कुमार सागर ने बताया कि मझौलिया के जन वितरण दुकानदार अजीत कुमार ओझा से कारणपृच्छा (शोकॉज) वापस लेने एवं जन वितरण दुकान की लाइसेंस रद्द नहीं करने के लिए मझौलिया प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने 55 हजर रुपये की मांग किया। इस मामला में जन वितरण दुकानदार अजीत कुमार ओझा की शिकायत पर सत्यापन उपरांत निगरानी की टीम ने बुधवार की सुबह बेतिया के न्यू कॉलोनी स्थित मझौलिया प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) शैलेंद्र कुमार को उनके निजी आवास से 55,000 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें टीम पटना ले गई।

निगरानी टीम का नेतृत्व स्वयं विभाग के डीएसपी सुजीत कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि टीम में डीएसपी अरुणोदय पांडेय शामिल रहे। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सत्येंद्र राम, विंध्याचल प्रसाद, ईश्वर प्रसाद, अवर निरीक्षक गणेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक राजीव कुमार तथा सिपाही मणिकांत, शशिकांत, रणधीर कुमार व विनोद कुमार सिंह शामिल रहे। बता दें कि इसके पूर्व बेतिया के सीओ, नगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक, शिक्षा विभाग के कलर्क, सहायिका के पति, मुखिया को निगरानी विभाग ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अचानक हुई निगरानी की कार्रवाई की खबर से जिला में हड़कंप है। बावजूद इसके रिश्वतखोर सरकारी कर्मचारी व पदाधिकारी बाज नहीं आ रहे हैं।

# प्रधानाध्यापक गुटखा खाते पकड़े गये कोटपा के तहत चालान काटने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर:** साप्ताहिक क्षेत्र भ्रमण सह सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार द्वारा बरियारपुर प्रखंड के झौवा बहियार पंचायत का भ्रमण किया गया। भ्रमण के क्रम में उन्होंने पंचायत में सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं की जांच की। इस मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो.मंजूर आलम, सिविल सर्जन डा.पीएम सहाय, सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।भ्रमण के क्रम में जिलाधिकारी सर्वप्रथम विषहरी स्थान रामपुर नगर के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 125 पहुंचे, जहां बच्चों से कई तरह की जानकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जब पूछा गया तो बच्चे सही जवाब नहीं दे पाये। इस पर वहां कार्यरत सेविका सोनी कुमारी के 15 दिनों के मानदेय कटौती का निर्देश दिया गया। ग्रामीण बॉबी देवी, लक्ष्मी देवी से डीलर द्वारा दिए जाने वाले राशन की जानकारी ली गयी, इस पर लाभुकों ने बताया कि डीलर द्वारा प्रायः राशन कम दिया जाता है। बॉबी देवी के राशन कार्ड में 6 लाभुक हैं, जिसमें एक की शादी हो गयी है, तो डीलर द्वारा पांच के योग से ही अनाज वितरित किया जाता है, जबकि 6 लोगों का रसीद काटा जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने एमओ को संबंधित डीलर के खिलाफ जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी जब उत्क्रमित उच्च विद्यालय माणिकपुर झौवा बहियार पहुचे तो वहां कई तरह की अनियमितता देख प्रधानाध्यापक के खिलाफ जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही प्रधानाध्यापक महेंद्र पासवान गुटखा खाते भी पकड़े गये तो उनके खिलाफ कोटपा के तहत चालान भी काटने का निर्देश दिया। विद्यालय में रंगरोगण कार्य भी गुणवत्तापूर्ण नहीं रहने पर प्रधानाध्यापक को फटकार लगयी गयी। जिलाधिकारी कक्षा सप्तम एवं अष्टम के छात्र-छात्राओं से पढ़ाई संबंधित जानकारी भी ली, लेकिन बच्चों द्वारा सही जवाब नहीं दिए जाने पर असंतुष्ट दिखे और शिक्षक शिक्षिका को फटकार लगाते हुए बच्चों को सही से शिक्षा देने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय के अंग्रेजी के शिक्षक धनंजय कुमार से अंग्रेजी विषय पर जब पूछा तो शिक्षक द्वारा सही जवाब नहीं दिया गया। इसके अलावे भी शिक्षक द्वारा कई जानकारी नहीं दी जा सकी। इस पर जिलाधिकारी ने शिक्षक धनंजय कुमार के सर्टिफिकेट के जांच कराने का निर्देश दिया। वहीं बच्चों द्वारा मध्याह्न भोजन की जानकारी भी ली गयी, जिस पर स्कूली बच्चों द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि जनगणना के दूसरे चरण में विद्यालय में 15 दिनों तक भोजन नहीं बनाया गया, जिस पर जिलाधिकारी खासे नाराज दिखे। उन्होंने रसोईया से भी इस बारे में जानकारी लेनी चाही, परन्तु रसोईया शांति देवी सहित एक अन्य पर कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानाध्यापक सहित रसोईयों को सख्त निर्देश दिया कि बच्चों के लिए प्रत्येक कार्य दिवस के दिन उन्हें उचित मध्याह्न भोजन दिया जाए, अन्यथा आपलोगों को बर्खास्त कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने विद्यालय के सभी बच्चों को अपना मोबाइल नंबर देते हुए कहा कि यदि किसी शिक्षक या विद्यालय प्रधान द्वारा धमकी दी जाती है अथवा परेशान किया जाए तो सीधे मुझसे संपर्क कर इसकी जानकारी दें। उन्होंने विद्यालय के छात्र कोष, विद्यालय कोष सहित कैश बूक की भी जांच की, जहां विद्यालय एवं छात्र कोष के कैश बुक नहीं रहने पर संबंधित पदाधिकारी को जांच कर प्रधानाध्यापक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। शिक्षकों को कहा कि वे समय पर विद्यालय आएं अन्यथा उनका सीएल लगा कर वेतन काटा जाएगा।आवास सहायक अजय कुमार दास द्वारा 20 हजार रुपए मांगा गया। इस पर जिलाधिकारी ने अजय कुमार से पूछताछ की तथा डोमी यादव के आरोप के आधार पर उस पर कार्रवाई का निर्देश दिया। सुषमा देवी ने डीलर इंदिरा देवी के खिलाफ शिकायत करते हुए कम राशन देने की बात कही। जिलाधिकारी ने एमओ को संबंधित डीलर के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया।

प्रेमनगर पहुचने पर स्थानीय ग्रामीण खूबो मंडल, अशोक मंडल के घर जलने पर पूरा लाभ नहीं मिलने की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने सीओ को तत्काल बकाये लाभ देने का निर्देश दिया।

एएनसी की जांच में मरीजों की कम संख्या तथा गर्भवती लाभूकों को पर्याप्त सुविधा एवं जांच उपलब्ध नहीं रहने पर एएनएम सरिता कुमारी, मंयका राज से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा पंचायतों में चल रहे मनरेगा योजना की भी जांच की गयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा पंचायतों में चलाये जा रहे सभी योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुचाना हमारा कर्तव्य है, बावजूद इसके ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है जो खेदजनक है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहाकि योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ लाभूकों को पहुचायें। कर्तव्य के प्रति लापरवाही या अनियमितता बरतने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बीएओ को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई, हुई कार्यकाल की सराहना

**बगहा :** प्रखंड बगहा एक के ई-किसान भवन में सेवानिवृत्त प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय कुमार के सम्मान में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में सेवानिवृत्त बीईओ श्री कुमार को पाग,चादर एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। कृषि समन्वयक,एटीएम,किसान सलाहकार सहित कृषि कार्यालय परिवार के सभी कर्मी व पदाधिकारी ने बीईओ श्री कुमार को अपनी ओर से पाग,दुपट्टा,अंगवस्त्र,छाता और बैग भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और कहा कि मुझे बीईओ साहब से इतना आत्मीय लगाव हो गया है,कि इसे जीवन में भुलाया नहीं जा सकता है। भावुक होते हुए अनुमंडल बीईओ ने कहा बीईओ साहब हमारे गार्जियन तुल्य है।रतवल मुखिया ने कहा बीईओ श्री कुमार का कृषि और किसानों के प्रति जो लगाव था उसके बदौलत वे हम सबो के दिल में बस गए।सेवानिवृत्त बीईओ अजय कुमार ने भावुक होते हुए कहा कि आप लोगो से मिला प्यार,स्नेह और सहयोग को मैं अपने जीवन मे कभी भुला नहीं सकता।विदाई समारोह मे कृषि समन्वयक गौरीशंकर प्रसाद,विनोद प्रसाद,मुन्ना साह, दशरथ कुमार,महेंद्र कुशवाहा,शैलेन्द्र कश्यप,कार्यपालक सहायक मनीष कुमार गुप्ता,रतवल मुखिया नितेश राव सहित कृषि कार्यालय से जुड़े सभी कर्मी व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## धनहा पुलिस ने गुटका लदे डीसीएम को किया जप्त

**मधुबनी :** धनहा थाना पुलिस ने बुधवार की सुबह धनहा गौतम बुद्ध सेतु चेक पोस्ट से जांच के दौरान यूपी से डीसीएम पर लाद कर लाए जा रहे लाखों रुपए की गुटखा जप्त किया। थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की भांति बुधवार की सुबह शराब एवं शराब तस्करों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया जा रहा था उसी दौरान यूपी के तरफ से आ रहे ट्रक की जांच की गई तो उस पर ला दे शुद्ध प्लस गुटखा है उसका तंबाकू बरामद हुआ गुटखा से लदे डीसीएम को जप्त कर लिया गया है। वही जांच के लिए भेजा गया है। जांच के बाद अगली करवाई की जाएगी।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर वर्क ऑगेनाईजेशन का पैदल मार्च

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर वर्क ऑगेनाइजेशन ने पैदल मार्च निकाल तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया गया।

बेतिया वर्क ऑगेनाइजेशन के दर्जनों वर्कर एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक रैली निकाला, जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों तथा मुख्य बाजार होते हुए शहीद स्मारक पहुंचा। वहां वर्क ऑगेनाइजेशन के प्रमुख इरशाद अहमद ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर लोगों को तंबाकू तथा तंबाकू से बने सामानों का सेवन न करने तथा इसके खरीद फरोख्त को पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए लोगों से आगे आने के लिए विशेष आग्रह किया। उन्होंने बताया कि जब तक आमजन जहरीली पदार्थ के विरुद्ध आगे नहीं आयेंगे तब तक यह अभियान अधूरा रहेगा। इसलिए सबकी सहायता और प्रयास से इस पर विजय पाया प्राप्त किया जा सकता है। विश्व तंबाकू निषेध के इस कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाएं हाथों में तख्तियां लिए तंबाकू निषेध वाली नारे लगाते हुए देखी गई।

# खरीफ महाअभियान को लेकर प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण में किसान नदारद

जन-प्रतिनिधियों द्वारा कृषि पदाधिकारी व कृषि सलाहकारो पर लगाया अनियमितता का आरोप

12 किसान चार अतिथि और 10 कर्मी हुए शामिल, खाली रह गई कुर्सियां

अमरूल आलम खान



**सुगौली,पू.च :** प्रखंड में खरीफ महोत्सव 2023 टाय-टाय फीस होकर रह गया। प्रखंड कृषि कार्यालय द्वारा महाअभियान की खानापूर्ति की गई। प्रखंड परिसर स्थित ई-किसान भवन में बुधवार को खरीफ महाअभियान आयोजित था। जिसमें 12 किसान चार अतिथि और 10 कर्मी शामिल हुए। सभागार में लगी कुर्सियां खाली थी।

खरीफ महाअभियान खानापूर्ति देख नगर पंचायत के अध्यक्ष के प्रतिनिधि अलीहसन, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सहनी और स्थानीय विधायक के आयोजन के लिए बनाएं गये प्रतिनिधि ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और प्रखंड कृषि पदाधिकारी की जमकर क्लास लगाई। प्रशिक्षण कार्यशाला में पहूचे किसान रंजित मिश्रा, नगीना भगत, महन्त साह सहित अन्य ने प्रखंड कृषि विभाग पर कई गंभीर आरोप लगाएं और खेती किसानी के समय पर खाद बीज नही मिलने का सीधा आरोप लगाया। किसानो ने बताया कि कृषि विभाग के द्वारा ना तो सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है ना ही किसान हित के लिए कोई सहयोग किया जाता है। कार्यालय के कर्मी कम ही मिलते है और काम में सहयोग करने में बहुत ही परेशान करते है। खरीफ महाअभियान प्रशिक्षण के लिए बनाएं गये विधायक के प्रतिनिधि ताराचंद यादव ने बताया कि कभी भी किसानो को खाद-बीज उचित समय, उचित दर और उचित मात्रा में नही मिलता है। हमलोगो को दूसरे जगह से या ब्लेक में खाद खरीद कर खेती करनी पड़ती है। वही नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि भाई अलीहसन ने बताया कि प्रखंड का कृषि विभाग नाम के लिए रह गया है। दर्जनों कर्मी सरकार से वेतन ले रहे है पर इससे किसानो को कोई फायदा नही होता है।खरीफ महाअभियान प्रशिक्षण में केवल बारह किसानों के आने की बात पूछे जाने पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी हरेंद्र नाथ मेहरा ने बताया कि खरीफ महाअभियान प्रशिक्षण में किसानों को बुलाने के लिए सभी किसान सलाहकारो को निर्देश दिया गया था। कुल मिलाकर प्रशिक्षण की स्थिति यह रही की इस कार्यक्रम पर सरकारी रुपए तो खर्च हो गए पर इससे किसानो को कोई लाभ नही हुआ, और यह महज खानापूर्ति बनकर रह गया।

## नगर परिषद की दुकानों को लीज पर लेकर बेचने के मामले में ईओ से मांगी गई रिपोर्ट

**बगहा :** नगर परिषद की दुकानों को लीज पर लेकर लेकर बेचे जाने के मामले में तत्कालीन डीएम ने दो वर्ष पहले जांच का आदेश दिया था। लीजधारकों एवं बगहा एसडीएम कार्यालय के बाबुओं की कारस्तानी की बदौलत लंबी अवधि तक यह फाइल दबी पड़ी रही। 2 जनवरी 2021 को डीएम ने जांच का आदेश फिरोज अंसारी के आवेदन के आलोक में दिया था। जांच व कार्रवाई की प्रतीक्षा में जब लंबा समय बीत गया तो फिरोज अंसारी ने फिर एक आवेदन वरीय अधिकारियों को दिया। इस बार एसडीएम डॉ. अनुपमा सिंह ने मामले का संज्ञान लेकर ईओ से एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट तलब की है। एसडीएम के आदेश के बाद लीजधारकों व संबंधित दुकानों के खरीदारों के बीच हड़कंप मच चला है। इधर, ईओ ने बताया की पत्र के आलोक में इसके जांच के लिए नगर परिषद दारोगा मो साबिर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम का गठन भी नगर परिषद द्वारा कर दिया गया है। जो एक सप्ताह के अंदर अपनी जांच रिपोर्ट कार्यालय को सौंपेंगे। बताते चलें कि 1980 में नगर परिषद ने 23 दुकानों का लीज किया था। बगहा-1 में पुराने नप भवन के सामने और यूनियन बोर्ड स्कूल के बगल में अवस्थित इन दुकानों का मासिक किराया महज 30 रुपए निर्धारित किया गया था। मामूली किराया वाली इन दुकानों को दूसरों से ऊंची कीमत लेकर लीजधारकों द्वारा अवैध रूप से बेच देने का आरोप है। गंभीर बात यह कि इन दुकानों का किराया भी लंबे समय से जमा नहीं किया गया है। जबकि व्यावसायिक दृष्टि से आज ये दुकानें काफी कीमती हो चुकी हैं। वरीय अधिकारियों के समक्ष इस मामले की शिकायत करने वाले फिरोज अंसारी कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता व सामाजिक कार्यकर्ता हैं । फिरोज ने ही 2021 में भी इस मामले को अधिकारियों के समक्ष उठाया था।

## 10 लीटर देशी शराब बरामद, कारोबारी फरार

**सुगौली,पू.च:** स्थानीय पुलिस ने थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा के नेतृत्व में छपवा महादलित बस्ती में छापेमारी कर 10 लीटर देसी शराब बरामद किया।लेकिन पुलिस को देख धंधेबाज भाग निकला।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के छपवा महादलित बस्ती में एक महिला बिक्री करने के लिए देसी शराब की खेप लेकर आई हुई है।सूचना मिलते ही एसआई दिलीप सिंह व पुलिस बल के जवान के साथ महादलित बस्ती में छापेमारी की गई।जहाँ 10 लीटर देसी शराब बरामद किया गया।लेकिन पुलिस के पहुंचने के पहले ही भाग निकली।शराब कारोबारी महिला की पहचान कर ली गई है।शराब को जब्त कर ली गई।मामले में केस दर्ज की गई है।शराब कारोबारी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# बगहा दो सभागार में मेट प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बगहा दो :** प्रखंड सभागार में मेट प्रशिक्षण का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम पदाधिकारी संजीव राय,जेई अशोक कुमार,पीटीए रूपलाल दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम पदाधिकारी,जेई अशोक कुमार,पीटीए रूपलाल दास,पीआरएस ने सभी मेट के कार्य एवं दायित्व के बारे मे प्रशिक्षण के दौरान बताया। कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि मनरेगा मजदूर को प्रतिदिन 228 मजदूरी देय होगी।मेट की मजदूरी 248 रुपए होगी।काम मांगने वाले मजदूर को 15 दिन में जॉब कार्ड एवं काम उपलब्ध कराए जाने की जिम्मेवारी मेट को होगी।पंचायतों में चल रहे कार्य स्थल पर पहुंचकर मजदूरों से निर्धारित कार्य लेना एवं उनकी उपस्थिति दर्ज करने का भी काम मेट द्वारा किया जायेगा।कार्यस्थल पर पेयजल की व्यवस्था करना अन्य सुविधा का भी ख्याल रखने का जनकारी दिया गया और प्रत्येक पंचायत में कुल 10 लोग को मेट के लिए चयन करना है।

जिसको लेकर ग्राम स्तर पर तीन कमिटी बनेगा,जो तीन साल के लिए चयन करेगा।वही अगर तीन साल के अंदर मेट का कोई शिकायत मिलती है तो उन्हें निष्काषित कर दिया जायेगा।इस मौके पर एकाउंटेंट शंकर कुमार,पीआरएस उमेश पाल,रामव्रत पासवान,अजित कुमार,संतोष कुमार,गौरीशंकर महतो आदि मौजूद रहें।

# शिक्षक के विदाई समारोह में पहुंचे दर्जनों शिक्षक, हुई कार्यों की सराहना



राष्ट्रीय खबर

**बगहा : प्रखंड बगहा-2** अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय गोबरहिया में बुधवार को सेवानिवृत्त शिक्षक मोहम्मद मसीहां को सम्मानित कर विदाई दी गई। इस दौरान उन्हें मुख्य अतिथि डा.शकील मोइन, प्रधानाध्यापक मेनेजर कुमार, उमेश प्रसाद साह, अशोक कुमार गुप्ता,अभय सिंह, पूर्णेन्दु सत्यार्थी, रामानंद प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, अभय कुमार सिंह,कयूम अंसारी, सरपंच प्रतिनिधि हरेंद्र बाबा उर्फ लालका बाबा आदि के द्वारा माला व अंगवस्त्र पहनाकर तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोबरहिया के प्रधानाध्यापक सह सीआरसीसी मैनेजर राम और संचालन शिक्षक शैलेन्द्र कुमार ने किया। साथ ही उनके याद में विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार पौधो का संयुक्त रूप पौधारोपण किया गया।

प्रधानाध्यापक मैनेजर कुमार ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के प्रति मोहम्मद मसीहां की ईमानदारी, मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा एक उदाहरण है। सरपंच प्रतिनिधि हरेंद्र बाबा ने कहा कि मसिहां की विदाई ग्रामीणों के लिए भावुक क्षण है। वहीं सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक मसिहां ने कहा कि करीब 14 वर्षों तक बच्चों और अभिभावक के साथ परिवार जैसा रिश्ता बना रहा। मौके पर शिक्षक अरविंद साहनी, संजय कुमार सिंह ,राजेश साह, शैलेश पासवान, अरविंद गिरी, मोहम्मद शानी अंसारी, प्रियंका कुमारी,राजांती देवी, मुन्नी कुमारी, आदित्य तिवारी, समाज सेवी हरेंद्र कुमार चौधरी, छविलाल राम, विनोद कुशवाहा,सम्भु राम, अरविंद चौधरी आदि छात्र छात्राओं व अन्य मौजूद थे।

# किसानों के लिए ई-केवाईसी का सत्यापन जारी



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.चः** प्रखंड के किसानों के लिए ई केवाईसी का सत्यापन कराया जा रहा है। जिन किसानों का यह सत्यापन हो जाएंगा उनको सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान हित में किसी भी योजना का लाभ सीधे उनके खाता में मिलेगा। इसको लेकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी हरेंद्र नाथ मेहरा ने बताया कि यह काम एक सप्ताह के अंदर करना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत छूटे किसानों का ई केवाईसी कराना है।उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में इस तरह के लगभग 3000 से अधिक किसान है जिनके ई केवाईसी का सत्यापन नही हो सका है। कार्यालय के बीटीएम,एटीएम,किसान सलाहकार और कोऑर्डिनेटर को इसकी जिम्मेवारी सौंपी गई है। इन सभी कामो की मॉनिटरिंग प्रखंड कृषि पदाधिकारी स्वयं करेगे।

# शिक्षा विभाग के छात्राध्यापकों ने मनाया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

**बोधगया :** मगध विश्वविद्यालय अंतर्गत शिक्षा विभाग के बी एड सत्र 2022 - 24 के छात्राध्यापकों द्वारा डॉ रश्मि सिन्हा, सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग, मगध विश्वविद्यालय बोधगया के नेतृत्व में मध्य विद्यालय दुबहल, नगर प्रखंड- बोधगया मे बुधवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया । डॉ सिन्हा द्वारा सभी छात्राध्यापकों एवं सभी छात्रों को अवगत कराया गया कि तम्बाकू के उपयोग से सेहत पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और दुनिया भर में तम्बाकू के इस्तेमाल को कम या बंद करने के लिए हर साल 31 मई को 'वर्ल्ड नो टोबैको डे' यानी विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर शुभम कुमार, अभिषेक कुमार साह, अनामिका, आकाशी कुमारी, अमित कुमार, सौरभ भारती, सोनू कुमार, निवास कुमार, मुन्ना कुमार, प्रियंका सोरेन, पंचम कुमार, मिथिलेश कुमार, शुभम कुमार, शहला नाज सूरी अन्य छात्राध्यापक उपस्थित थे।

# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत डस्टबिन का वितरण

राष्ट्रीय खबर

**संग्रामपुर :** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत बुधवार को प्रखंड के बलिया ग्राम पंचायत भवन में ठोस एवं तरल अपशिस्ट प्रबंधन लिए पंचायत वासियों के बीच डस्टबिन वितरण का शुभारंभ किया गया। साथ ही पंचायत के सभी 16 वार्ड सदस्यों के बीच हस्तचालित रिक्शा का वितरण किया गया जिसे प्रखंड विकास पदाधिकारी अजेश कुमार, अंचल अधिकारी स्नेहा सत्यम एवं पंचायत की मुखिया सारिका सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सभी लोग अपने अपने घर के सूखे व गीले कचरों को अलग-अलग डस्टबिन



में एकत्रित करके रखें।यह कचरा वाहन घर-घर पहुंचकर कचरा का उठाव करेगा. पंचायत के सभी 16 वार्डो के लिए एक-एक स्वच्छताकर्मी की नियुक्ति की गई है. साथ ही एक एक ठेला रिक्शा भी स्वच्छता कमीर्यों को उपलब्ध कराया गया है। जिससे हर घर से कचरा का उठाव समुचित तरीके से किया जा सके. उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि कचरे को कभी भी इधर उधर ना फेंकें। गीले एवं सूखे कचरे को डस्टबिन में अलग-अलग जमा करे।प्रतिदिन स्वच्छता कर्मी आकर आपके घर के कचरे को उठाकर कचरा प्रबंधन इकाई में ले जाकर जमा करेंगे। पंचायत के मुखिया एवं वार्ड सदस्यों को उन्होंने विभिन्न चौक चौराहों पर डस्टबिन रखवाने का निर्देश दिया। स्वच्छता कर्मी द्वारा नियमित रूप से कचरे का उठाव कर रहे हैं या नहीं इसकी निगरानी वार्ड सदस्य को करनी है। पंचायत में अपशिष्ट कचरा प्रबंधन इकाई के निर्माण का कार्य भी जल्द ही पूरा हो जाएगा। जहां इन अवशिष्ट कचरे का प्रबंधन कर उसका उपयोग किया जाएगा। इससे अर्जित आए पंचायत की होगी।

# अरुण कुमार उर्फ नन्हे मिश्रा बने भाजपा बगहा दो के मंडल प्रवक्ता

**बगहा :** भाजपा कार्यकर्ता अरुण कुमार मिश्रा उर्फ नन्हे मिश्रा को प्रखंड बगहा दो का मंडल प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर मंडल के तमाम भाजपा कार्यकताओं ने हर्ष जताया तथा नन्हे मिश्रा को बधाई दिया। इस आशय की जानकारी बगहा दो भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम मिश्रा द्वारा दी गई। मंडल अध्यक्ष बलराम मिश्रा ने बताया कि अरुण कुमार मिश्रा पार्टी के पुराने कार्यकर्ता है तथा पार्टी के सभी कार्यक्रमों में उनकी गतिविधि सराहनीय रही है। इसलिए उनको मंडल प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्ण विश्वास है कि वे अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करेंगे। वही नन्हे मिश्रा ने बताया कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है । उसके लिए मैं अपने मंडल अध्यक्ष सहित पार्टी के वरिय नेतृत्व को धन्यवाद देता हूं।

# नशा मुक्त युवा को भारत का विकास करने, उसे स्व-निर्भर बनाने की जरूरत है: राज्यमंत्री कौशल किशोर

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी पू चः** राष्ट्रीय सेवा योजना, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति समाज आंदोलन - अभियान कौशल का विषयक विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन मिश्रित (ऑनलाइन -ऑफलाइन) मोड से किया गया।

प्रत्येक वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और दुनिया भर के सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशंसक मिलकर विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन करते हैं। इस वर्ष का थीम है हमें खाने की जरूरत है, तंबाकू की नहीं।

मुख्य अतिथि श्री कौशल किशोर, राज्य मंत्री, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने बताया 2020 में अपने बहुत खास को नशे के कारण खो दिया। बेहतरीन चिकित्सा सहायता के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सकने की बेबसी ने उन्हें इस मिशन को शुरू करने के लिए तटस्थ बना दिया है। उन्होंने इस दिन की स्मृति महत्व बताई और पदार्थ उपयोग के हानिकारक शारीरिक, मानसिक, भौतिक और सामाजिक प्रभावों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह देश में मृत्यु और बीमारी का प्रमुख कारण



है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 13.5 लाख मौतें होती हैं। उन्होंने सभी लोगों को नशा मुक्त भारत के मिशन में भाग लेने को कहा और महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय को हिंदुस्तानियों नशा छोड़ो अभियान के तहत आगामी राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति श्री संजय श्रीवास्तव ने इस नेक कार्य के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय नशे के उपयोग से रहित छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए एक वातावरण बनाने और बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। नशा मुक्ति के बारे में जागरूकता अभियान और कार्यक्रमों के माध्यम से विश्वविद्यालय नशा मुक्त भारत बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहा है। कुलपति ने इसके साथ ही घोषणा की कि विश्वविद्यालय चार छात्रों के साथ एक शिक्षक सदस्य का वित्त प्रबंधन करेगा, जो नई दिल्ली में होने वाले प्रमुख अभियान का हिस्सा होंगे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो प्रसून दत्त सिंह, डीन, मानविकी और भाषा संकाय और समन्वयक, एनएसएस, एमजीसीयू थे। श्री अक्षत कांत, राष्ट्रीय कार्यक्रम संयोजक, नशा मुक्त समाज आन्दोलन अभियान कौशल कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के अध्यक्ष प्रो. अशीष श्रीवास्तव, प्रो. प्रसून दत्त सिंह और कुलानुशासक प्रो. प्राणवीर सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत में छात्रों को किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग करने से रोकने की प्रेरणा दी। कौशल किशोर द्वारा तंबाकू निषेध को लेकर कार्यक्रम में मौजूद सभी शिक्षकगण,विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों प्रशासित प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विश्वेश वाग्मी ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कुंदन किशोर राजक ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा चाणक्य परिसर में एक सेल्फी स्टैंड स्थापित किया गया है, जो नशे के उपयोग के खिलाफ संदेश देने के साथ छात्रों को आकर्षित और संवेदनशील करने के लिए है।

# टी मॉडल इंटर विद्यालय के प्राचार्य को दी गई भावभीनी विदाई

राष्ट्रीय खबर

**गया :** टी मॉडल इंटर विद्यालय के सभागार में बुधवार को विद्यालय के प्राचार्य डॉ भोला सिंह के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने प्राचार्य डॉ भोला सिंह को अंग वस्त्र पुष्पगुच्छ व माला पहनाकर सम्मान विदाई दिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में किए गए शैक्षणिक विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि विगत वर्षों के सेवाकाल में विद्यालय परिवार का सहयोग मिलता रहा जो कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आप सभी शिक्षकों के प्यार और



अपनापन से विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हुआ है। उन्होंने एनसीसी कैडेटों और छात्रों को अनुशासन के साथ कार्य करने की सलाह दी। अन्य वक्ताओं ने भी प्राचार्य डॉ भोला सिंह के कार्यों की प्रशंसा की। समारोह में पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हम पार्टी रामेश्वर प्रसाद यादव,पूर्व प्राचार्य डॉ राम सिहांसन सिंह, खतीब अहमद धर्मदेव बरसात डॉ पीएन सिंह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद असगर अली, अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, संतोष ठाकुर राम लखन स्वर्णकार, टूटू खान, डॉ चंद्र देव यादव प्रधानाध्यापक संतोष कुमार राम लखन स्वर्णकार डॉ रीता कुमारी वैशाली आनंद संजीव कुमार रेणुका पाली रोहित कुमार मोहम्मद शमशेर खान आदि ने अंग वस्त्र एवं पुष्प कुछ देकर डॉ भोला सिंह को सम्मानित किए समारोह की अध्यक्षता डॉ राम सिहासन सिंह ने किया मंच का संचालन मार्शल अमित राज एवं धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद तौफीक ने किया इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी छात्र छात्र एवं एनसीसी कैडेट काफी संख्या में उपस्थित थे।

# हिंदी पत्रकरिता दिवस पर जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने पत्रकारों को किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर देश के पत्रकारों की आवाज बुलंद करने वाले सबसे बड़े संगठन जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने पत्रकारों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। देश के ऐसे पत्रकार जो पत्रकारिता के साथ साथ पत्रकारों की समस्याओ को भी उठाने मे सहयोग दिया है उन सभी को डिजिटल सर्टिफिकेट के माध्यम से जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया संगठन ने सम्मानित किया है।

जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग सक्सेना ने बताया कि कोरोना काल मे पत्रकारों की हुई दुर्दशा को देखकर और अन्य किसी संगठन ने इस पर विचार न करने के कारण ही जेसीआई का गठन किया गया था।गठन के बाद कोरोना मे हुई पत्रकारों की दुर्दशा और असमय अनगिनत पत्रकारों की मौत से सरकार को अवगत कराया गया,जिसके बाद ही सरकार ने पत्रकारों की सुध ली। इसी कड़ी



में हमने वैसे पत्रकारों का मनोबल बढ़ाने के लिए जो कि हमेशा हमारे साथियों की आवाज बुलंद करते है इस दिन हमने उन्हें सम्मानित किया ताकि उनका आत्मबल बढ़े और वे मजबूती से पत्रकारो की समस्याओं को उठा सके।

वही संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ आर सी श्रीवास्तव ने इस अवसर पर बोला कि साधारणतया देखा जा रहा है कि पत्रकारों का शोषण दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है संगठन का प्रयास है कि किसी भी स्थिति में किसी के भी द्वारा पत्रकारों का शोषण न किया जा सके परंतु इसके लिए हम सभी को भी संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारी, भागीदारी और सक्रिय सहयोग सुनिश्चित करना होगा तभी हम पत्रकार भाइयों की समस्याओं को और मजबूती से उठा सकेंगे लेकिन किसी भी संगठन के लिए आवश्यक होता है उसके कार्यकर्ता और उसकी कार्यप्रणाली। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया पत्रकारों की समस्याओं को लेकर खासी चिंतित है इसलिए संगठन चाहता है कि हमारे सभी जिम्मेदार एवं सम्मानित सदस्य तथा पदाधिकारी गण और अधिक सक्रिय होकर संगठन में अपनी भागीदारी स्पष्ट करें । संगठन के बिहार इकाई के सक्रिय सदस्य कुणाल भगत,अकबर ईमाम, अश्वनी कुमार आदि को भी जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर कुणाल भगत ने बताया कि पत्रकारों के हक के लिए जर्नलिस्ट काउंसिल द्वारा लड़ाई जारी है। चुकी पत्रकार किसी भी पक्ष के सॉफ्ट टारगेट होते है क्योंकि उन्हें सत्य दिखना होता है। पत्रकार और पत्रकारिता शब्द बहुत ही आकर्षक होता है पर जो भी व्यक्ति इस क्षेत्र में है उन्हे मालूम है कि कितना जोखिम भरा और कठिन है यह पग और तो और सरकार की भी कोई मंशा पत्रकारों को उनका हक देने का नही लगता है। ऐसे में अंतिम विकल्प सिर्फ संगठन ही है जो हरेक सुख और दुख में आम पत्रकारों के साथ खड़ा है। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया पत्रकारों की सुरक्षा और हक के लिए पूरे देश में लड़ाई लड़ रही है।

# अहिल्याबाई के प्रति सदैव ऋणी रहेगी गया जी की पुण्य धरती: डॉ रश्मि

राष्ट्रीय खबर



**गया :** गयाजी अवस्थित श्री विष्णुपद मंदिर की निर्मात्री देवी अहिल्याबाई का गयाधाम पर जो उपकार है, वह हर किसी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है, प्रणम्य है। पितृपक्ष के समय तो फल्गु नदी और विष्णुपद मंदिर का महत्व और भी बढ़ जाता है। महारानी अहिल्याबाई प्रारंभ से ही एक अत्यंत धार्मिक स्वभाव की महिला रहीं। यह उनकी उदार धार्मिक प्रवृत्ति ही थी, जिसने उन्हें एक गरीब साधारण से परिवार में पली-बढ़ी बालिका से महारानी बना डाला। उक्त बातें महारानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय से अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने कही। उन्होंने कहा कि कहीं उनके प्रति अति स्नेह रखने वाले श्वसुर मल्हारराव, पति खण्डेराव, पुत्र मालेराव तथा पुत्री मुक्ताबाई की मृत्यु से उत्पन्न असीम दुःखों के झेलने के उपरांत भी अहिल्याबाई ने अपने भीतर देश-समाज की सेवा की भावना को जीवित रखा तथा आजीवन मनसावाचाकर्मणा वे धर्म, साहित्य तथा कलाओं की समर्पित संरक्षिका बनी रहीं।

अठारहवीं शताब्दी में, जब महिलाओं के जीवन का मूल उद्देश्य घर की चाहारदीवारी में बंद रहकर सास-ससुर, पति तथा पुत्र की सेवा सुश्रुषा तक सीमित था, देवी अहिल्याबाई ने एक विधवा होकर भी लीक से अलग हटकर नारी-शक्ति के समाजसेवी रूप को जीवंत किया। महारानी ने अपने धर्म-उत्प्रेरित सुकर्मों के माध्यम से ईश्वर में अपनी अटूट आस्था को हमेशा अटल बनाए रखा। प्रिय परिजनों की मृत्यु के उपरांत भी ईश्वर के प्रति उनकी आस्था अडिग बनी रही और वो लोकहित में मंदिर एवं देवालयों का निर्माण करवाती रहीं। तब तो आज इक्कीसवीं सदी में भी उनकी गरिमा ज्यों-की-त्यों बरकरार है। एक समृद्ध राज्य की महारानी होने पर भी उन्होंने स्वयं को सुख-वैभव-विलासिता से सदैव दूर रखा। सूर्योदय से पूर्व जागकर नर्मदा-स्नान के उपरांत वे पूजन किया करती थीं। तत्पश्चात धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन द्वारा वह अपने द्वारा किए जा रहे कर्मों का आत्ममूल्यांकन करती थीं। उनका धर्म पुस्तक के पृष्ठों तक ही सीमित नहीं था। प्रजा के सुख से बढ़कर उनके लिए कुछ भी नहीं था। प्रजा ही उनकी संतान थी, उनका सर्वस्व थी। उन्होंने प्रजा को सुखी रखना ही अपने जीवन का परम लक्ष्य बना रखा था, तभी तो अपने व्यक्तिगत दुःखों के कंटकों को उन्होंने अपने कर्तव्यपंथ पर कभी भी बिछने नहीं दिया।

माता अहिल्याबाई द्वारा निर्मित मूर्तियाँ, मंदिर तथा तीर्थस्थल अत्यंत सुंदर, भव्य तथा सुदृढ़ हैं। सभी अपने आप में भारतीय वास्तुकला तथा शिल्पकला के नायाब उदाहरण हैं। स्वयं शिव की उपासिका होने के कारण उनके द्वारा सर्वाधिक संख्या में शिव मंदिरों का निर्माण करवाया जाना स्वाभाविक है, किंतु उन्होंने विभिन्न धार्मिक मतावलंबियों के लिए भी देवी-देवताओं के अनेक प्रतिष्ठित मंदिर बनवाये। श्री बदरीनारायण, श्री द्वारका, श्री रामेश्वर, श्री जगन्नाथ पुरी, सौराष्ट्र, श्री शैल मल्लिकार्जुन ओंकारेश्वर, परली बैजनाथ, काशी, त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, अवन्तिका(उज्जैन), चित्रकूट, पुष्कर, एलोरा, भुसावल, पुणताम्बे, भरतपुर, नाथद्वारा(राजस्थान), टेहरी (बुंदेलखंड), बुरहानपुर, बेरुल, नैमिषारण्य, संवलग्राम, प्रयाग, अमरकंटक, पंढरपुर, चौंडी, केदारनाथ, नासिक, ऋषिकेश, गंगोत्री, इंदौर, गया, आदि जैसे अनेक स्थानों पर देवी अहिल्याबाई ने जनहित में मंदिर, धर्मशाला, कुंड, घाट आदि बनवाए।उनका हृदय मानवीय संवेदनाओं और राष्ट्रीय सौहार्द्र का आगार था। गया जी अवस्थित श्री विष्णुपद मंदिर व सभा मंडप का निर्माण करके तो देवी अहिल्याबाई ने अपने पितरों के प्रति सबसे अच्छी और सबसे सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

सत्य यही है कि किसी व्यक्ति का नाम समय के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों से तभी अंकित हो पाता है, जब वह निष्काम भाव से जन-हितार्थ कार्य करता है, परोपकार करता हुआ ही मृत्यु को प्राप्त होता है। महारानी अहिल्याबाई भी आजीवन तन-मन-धन से देश तथा समाज का कल्याण करती रहीं। उनके द्वारा किये गये लोकहितकारी कार्यों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। श्री विष्णुपद मंदिर का पुनरुद्धार करने के दिव्य कार्य हेतु तो महारानी अहिल्याबाई होल्कर के प्रति गयाधाम की धरती सदैव ऋणी रहेगी।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा व 20 हजार का अर्थदंड

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** अदालत ने बुधवार को दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की कैद सहित 20 हजार रुपए जुमार्ना अदा करने का फैसला सुनाया है। अनन्य विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट जयशंकर तिवारी ने बताया कि आरोपी रंजीत कुमार उर्फ सोनू ने 12 जून 2021 को अपने पड़ोसी के यहां रात के समय एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता के आवेदन पर संबंधित थाना में 15 जून 2021 को धारा 447, 448, 456, 376, 307 के तहत ऋक्ष दर्ज कर किया है। मामले में पुलिस ने जांच उपरांत आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया था। जिस समय आरोपी घटना को अंजाम दिया उसकी उम्र 19



साल थी। पीड़िता की उम्र 17 साल थी। आरोपी ने चाकू दिखाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता को चाकू से चोट भी आए थी।

अदालत ने मामले की स्पीडी ट्रायल के रूप में सुनवाई के बाद आरोपी को दस वर्ष की कैद सहित 20 हजार रुपए बतौर जुमार्ना अदा करने का फैसला सुनाया। लोक अभियोजक ने बताया कि 20 हजार रुपए जमा नहीं करने पर आरोपी को 2 माह की अतिरिक्त सजा होगी।

# जमालपुर की काली पहाड़ी स्थित जलाशय का जीर्णोद्धार शीघ्र हो-दुर्गेश .

**मुंगेर :** जमालपुर विधानसभा के पूर्व लोजपा प्रत्याशी दुर्गेश सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि जमालपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास नहीं हो पा रहा है । उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों को सिंचाई उपलब्ध कराने के लिए डकरा नाला परियोजना का अभी तक शुभारंभ नहीं किया गया है। अल्प वृष्टि और अतिवृष्टि की चपेट में आने से किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है ।जिसके चलते किसानों का पलायन हो रहा है ।जमालपुर में गिरते भूजल स्तर चिंता का विषय है । चारों तरफ शुद्ध पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है । नगर परिषद जमालपुर के काली पहाड़ी की तराई में अवस्थित जलाशय का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण निहायत जरूरी है। इसके लिए रेल प्रशासन ने अनापत्ति प्रमाण पत्र भी दे दिया है। शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र में पीएचडी के द्वारा गाड़े गए कई चांपानल खराब हो चुके हैं। इस स्थिति में शुद्ध पेयजल के लिए जमालपुर रेलवे स्टेशन व शहर के अंतिम छोर पर अवस्थित ग्रामीण इलाकों में बने कुआं ही आम शहरवासियों का एकमात्र सहारा है। दुर्गेश सिंह ने जमालपुर के काली पहाड़ी की तराई में अवस्थित जलाशय का शीघ्र जीर्णोद्धार , शहर में बंद पड़े पीएचडी के चापानल को अविलंब दुरुस्त कराने व डकरा नाला परियोजना कार्य को अति शीघ्र अमलीजामा पहनाने की मांग मुंगेर डीएम नवीन कुमार से की है।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

### मुखिया ने कराया जल मीनार का जीर्णोद्धार

बेरमो: चंद्रपुरा प्रखंड दुग्दा उत्तरी पंचायत के चंदुआडीह बीसीसीएल कॉलोनी में लगभग ढाई वर्ष पूर्व में बनी संयुक्त जल मीनार यूंही शोभा की वस्तु बनी हुई थी, करण मात्र यह था कि जिस स्थान पर यह सोलर युक्त जल मीनार को बनाया गया था! वहां आगे पीछे बड़े बड़े वृक्ष होने के कारण सोलर में सूर्य की किरण नहीं पड़ रही थी।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### जीपीडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम को सभी चंद्रपुरा प्रखंड के मुखियाओं ने किया बहिष्कार

बेरमो /चंद्रपुरा : जीपीडीपी कार्यक्रम के तहत, पंचायत में विकास कार्यो को लेकर,चंद्रपुरा प्रखंड सभागार में, मंगलवार को,एक दिवसीय, प्रशिक्षण कार्यक्रम का, आयोजन किया गया ।जिसमें पंचायत के सभी मुखिया एंव पंचायत सचिवों ने भाग लिया था। इस बैठक में, 15 वें वित्त आयोग, मनरेगा एंव स्वच्छ भारत मिशन योजना के अलावे, अन्य विभागों पर चर्चा किया जा ही रहा था की बीच में ही मैडम बीडीओ के विरोध में सभी मुखिया ने अपनी मांगों को लेकर विरोध किया। कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष युगल महतो, संरक्षक अनुग्रह नारायन सिंह, सचिव चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, निरंजन महतो, संगठन सचिव शंकर महतो, रेनू देवी, रीतलाल रजक, मंजू देवी, अनिता देवी,प्रवीण पांडे, कविता देवी,रूनम कुमारी, नारायण मरांडी, बीना देवी, के अलावे मुखिया प्रतिनिधि शामिल थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दर्जनों लोगों ने ग्रहण की जदयू की सदस्यता

वेस्ट बोकारो (घाटो) : हजारीबाग युवा जदयू जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक के नेतृत्व में बुधवार को बिहार राज्यसभा सांसद खीरू महतो के स्थित जदयू आवासीय कार्यालय में पतरातु प्रखंड के नेता भूषण उरांव अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जदयू पर आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण वाले सनोज सोनकर, परमेश्वर उरांव, मो .इब्राहिम, खुरसीद आलम, जितेंद्र करमाली, चिरेश्वर करमाली, रवि उरांव, दीपक गाड़ी, मुकेश पाहन, त्रिवेणी कुमार, घनश्याम ठाकुर, चेतु उरांव सहित महेंद्र तुरी शामिल है। इस अवसर पर सांसद खीरू महतो व मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। खीरू महतो ने बताया कि आगामी दिनांक 2 जून को रामगढ़ के सत्कार होटल में जदयू मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें भूषण उरांव को रामगढ़ जदयू युवा जिला अध्यक्ष पद के लिए घोषणा किया जाएगा।

### गोमिया प्रखंड कार्यालय में स्वच्छता पर कार्यशाला आयोजित

बेरमो : प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बुधवार को बीडीओ कपिल कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सभी पंचायतो के मुखिया, जल सहिया व पंचायत सचिव शामिल हुए। मौके पर बीडीओ ने मुखिया व जल सहिया को निर्देश देते हुए कहा कि योग्य लाभुक जिनका शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है, एक सप्ताह के अंदर वैसे लाभुकों की सूची तैयार कर विभाग को समर्पित करें। उन्होंने पर्यावरण दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी लोगों का कर्तव्य है कि पर्यावरण को दूषित होने से बचाएं, इसकी सुरक्षा के लिए हम सभी को तत्पर रहना चाहिए।

बैठक

## भाजपा गोमिया विस के मोर्चा पदधारियों ने की बैटक

# भाजपा की नीतियों व सिद्धांतों को आम लोगों तक पहुंचाना है: रविंद्र

राष्ट्रीय खबर

बेरमो: प्रखंड के बैंक मोड़ स्थित मां गायत्री लॉज में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी गोमिया विधानसभा क्षेत्र के सभी मोर्चो की बैठक भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष चितरंजन साव की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय,भाजपा ओबीसी मोर्चा के केंद्रीय सदस्य देवनारायण प्रजापति, मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ईश्वरचंद्र प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष व जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज,जिला उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस बैठक में पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार द्वारा आमलोगों के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं लोगों को उनकी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन जानकारी के अभाव में इन योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद लोग नहीं ले पा रहे हैं। उसके लिए भाजपा




कार्यकर्ता इन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुँचाते हुए उसका लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की राह पर अग्रसर है और आज पूरे विश्व में भारत देश का डंका बज रहा है। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा आज पूरे विश्व में सबसे बड़ी पार्टी है और इस पार्टी का सदस्य बनना काफी गर्व महसूस होता है। कहा कि नौ वर्षों में मोदी सरकार द्वारा कई ऐतिहासिक कार्य किया गया है और गरीबों व आमलोगों के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ जरूरतमंद को मिल रहा है. इसी प्रकार महिलाओं व बेरोजगार युवकों के लिए भी कई योजनाएं चलाई जा रही है। कहा कि भाजपा कार्यकताओं को मिशन 2024 में जुट जाना है और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाना है।

इसी के तहत आगामी 13 जून को गोमिया विधानसभा स्तरीय भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा और इसकी तैयारी में सभी कार्यकताओं को लग जाना है। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय शर्मा,गोमिया मंडल भाजपा अध्यक्ष नारायण महतो,साड़म मंडल अध्यक्ष शिवशंकर दुबे,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गंदौरी राम व मोहन कुमार,राजेश वर्णवाल,जिला मीडिया प्रभारी विशाल चौहान,रोहित यादव,दीपक ठाकुर,रामभरत सिंह,अशोक सोरेन,रामकिंकर वर्मा,प्रेमलाल साव,अमन वर्मा,धनेश्वर प्रसाद,अटल हलधर, हीरालाल रवानी,जितेंद्र त्रिपाठी, राजेश पांडेय,योगेंद्र प्रसाद,तारमेश्वर प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई



राष्ट्रीय खबर

बेरमो: सीसीएल बीएंडके स्थित आफिसर क्लब में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से एसओपी राजीव कुमार मौजूद थे।

इस दौरान मई माह में बीएडके क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए 13 सीसीएल कर्मियों को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को एसओपी राजीव कुमार द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। मौके पर उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का हिस्सा है।

जो सभी लोगों के जीवन मे एक बार आता है। इस दौरान उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनके बेहतर स्वास्थ्य की भी कामना किये। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक कार्मिक विश्वास वत्स व धन्यवाद ज्ञापन कार्मिक प्रबंधक अवधेश कुमार ने किया। मौके पर एमटी सीडी संजीत कुमार, एमटी पर्सनल, यूनियन प्रतिनिधि गजेंद्र प्रसाद सिंह, राम निहोरा सिंह, गणेश महतो,विजय भोई, संतोष सिंहा रंणधीर राम, पंकज आदर्श, सहित कई लोग उपस्थित हुए।

## दर्जनों लोगों ने ग्रहण की जदयू की सदस्यता

राष्ट्रीय खबर



वेस्ट बोकारो (घाटो) : हजारीबाग युवा जदयू जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक के नेतृत्व में बुधवार को बिहार राज्यसभा सांसद खीरू महतो के स्थित जदयू आवासीय कार्यालय में पतरातु प्रखंड के नेता भूषण उरांव अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जदयू पर आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण किया। सदीद आलम, जितेंद्र रांव, दीपक गाड़ी, मुकेश पाहन, त्रिवेणी कुमार, घनश्याम ठाकुर, चेतु उरांव सहित महेंद्र तुरी शामिल है। इस अवसर पर सांसद खीरू महतो व मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। खीरू महतो ने बताया कि आगामी दिनांक 2 जून को रामगढ़ के सत्कार होटल में जदयू मिलन समारोह पद के लिए घोषणा किया जाएगा।

## मंत्री योगेन्द्र ने मुख्यमंत्री से की मुलाकत, सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय खबर

बेरमो: बुधवार को मंत्री (दर्जा प्राप्त) योगेंद्र प्रसाद महतो राजधानी रांची पहुंच राज्य के यशस्वी लोकप्रिय युवा माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भेंट की। माननीय मंत्री जी ने मुख्यमंत्री सर को गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुरलुंग को अपग्रेड कर उच्च विद्यालय में प्रोन्नत कराने का आग्रह किया व संबंधित मांग पत्र भी सौंपा। माननीय मंत्री जी ने कम उ.ट को संबंधित मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्यों एवं सैंकड़ों ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन के आलोक में उन्हें बताया कि हुरलुंग गोमिया प्रखंड के अतिउग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में स्थित है। 3 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, 6 प्राथमिक सहित अन्य विद्यालय संचालित हैं। लेकिन उत्क्रमित उच्च विद्यालय चतरोचट्टी यहां से 10 किमी दूरी पर स्थित है। इस क्षेत्र में 2000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए इन्हें 10 किमी से अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। बीच में घने जंगल, नदी, नाले भी पड़ते हैं। जिससे न चाहते हुए भी सैंकड़ों बच्चे आगे की पढ़ाई छोड़ देते हैं।मंत्री जी ने पत्र में अपने विधायक कार्यकाल मेंउक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में परिणत कराने से संबंधित हुई कार्रवाइयों से भी विस्तार से अवगत कराया है और यह जानकारी दी है ।

## तंबाकू का सेवन सेहत के लिए घातक: प्रो सुदामा




राष्ट्रीय खबर

बेरमो : तेनुघाट महाविद्यालय तेनुघाट में विश्व तम्बाकू दिवस बुधवार को मनाया गया।

यहां कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस पदाधिकारी महाविद्यालय प्रो. रावण मांझी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्रचार्य प्रो सुदामा तिवारी अपने सम्बोधन में कहा कि पूरी दुनिया में हर साल 31मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है।

इस दिन का मकसद तंबाकू के उपयोग से जुड़े खतरे को रखना उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू सेवन से लोगो को शारिरिक नुकसान होता है। उन्होंने शारिरिक,मानसिक,मनोबैज्ञानिक,स ामाजिक विषयो पर अपना विचार रखते हुए सभी को जागरूक किया। प्रो. धनंजय रविदास ने कहा की तम्बाकू का सेवन से दुनिया में हर छठवें मिनट में एक आदमी की मौत तम्बाकू के कारण रहा है।

प्रो रावण मांझी ने भी अपने सम्बोधन में कहा कि तंबाकू से होनेवाले बीमारियों के बारे में लोगोको जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है,तंबाकू सेवनसे आदमी को निकोटीन की आदतें बन जाती है और इसका असर दिमाग में पड़ता है ।कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रो.श्रीकांत प्रसाद,प्रो.महावीर यादव, प्रो. दिनेश्वर स्वर्णकार प्रसाद, प्रो. प्रेम प्रसाद समेत महाविद्यालय कर्मचारीगण एवं भारीसंख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

आयोजन

## केबी कॉलेज में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

# नशा मुक्त राष्ट्र निर्माण पर कार्यक्रम आयोजित

- नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मानव जीवन अनमोल है
- तंबाकू का प्रयोग न करने के प्रति जागरूकता का संकल्प युवाओं में जागरूकता का प्रचार प्रसार हेतु किया जाना है

राष्ट्रीय खबर

बेरमो : महाविद्यालय के वेलफेयर कमिटी एवं कदअउ के संयुक्त तत्वावधान एवं प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता में शिक्षकों, कर्मियों व विद्यार्थियों की उपस्थिति में नशे मुक्त परिसर निर्माण हेतु हस्ताक्षर अभियान, मानव सृंखला, नशे के दुष्प्रभाव संदेश देता हुआ लघु नाटक/ नुक्कड नाटक, शपथ का आयोजन कॉलेज प्रांगण में किया गया। प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने कहा तंबाकू हमारे पर्यावरण के लिये खतरा है। तंबाकू का प्रयोग न




करने के प्रति जागरूकता का संकल्प युवाओं में जागरूकता का प्रचार प्रसार हेतु किया जाना है । नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मानव जीवन अनमोल है । बेहतर स्वास्थ्य व अपने परिवार के सदस्यों की भलाई के लिये धूम्रपान न करें । महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु स्लोगन माध्यम से जागरूकता एवं मानव सृंखला बनायी गयी , लघु नाटक/ नुक्कड़ नाटक का आयोजन कॉलेज प्रांगण में किया गया। आयोजनकर्ता सह वेलफेयर कमिटी कोऑर्डिनेटर डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा कि नशे मुक्त समाज निर्माण हेतु संवाहक की भूमिका युवाओं में दी जानी है ।स्वयं जागरूक होकर युवा नशे मुक्त समाज निर्माण हेतु संवाहक की भूमिका में नजर आएंगे। डॉ अरुण कुमार रॉय महतो , कदअउ कोऑर्डिनेटर ने कहा कि धूम्रपान करने से नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

तंबाकू से लाखों लोग पहले ही बीमारियों के शिकार हो जाते हैं, साथ ही मौत के मुंह मे चलें जाते हैं। लघु नाटक / नुक्कड नाटक में भाग लेने वाले प्रतिभागियों मे आयुष सिंह, सेजल कुमारी, शक्ति कुमार डे आदि हैं । दानिया फिरदौस ने लघु एव नुक्कड नाटक के सार को प्रस्तुत किया । मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर लघु व नुक्कड नाटक प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। नशे मुक्त समाज निर्माण में संवाहक की भूमिका में यह युवा नजर आएंगे। प्राचार्य के द्वारा नशे मुक्त परिसर निर्माण हेतु शपथ ग्रहण करवायी गयी। अंत में राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गयी। मौके पर प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय, प्रो गोपाल प्रजापति, डॉ आर पी सिंह, डॉ बासुदेव प्रजापति, डॉ व्यास कुमार, डॉ नीला पूर्णिमा तिर्की , प्रो पी पी कुशवाहा , प्रो मनोहर मांझी , प्रो मधुरा केरकेट्टा , प्रो नितिन चेतन तिग्गा , प्रो अमित कुमार रवि , प्रो साजन भारती , रविंद्र कुमार दास , दुर्गा पासवान , पुरषोत्तम चौधरी , राजेश्वर सिंह समेत कॉलेज परिवार समेत सैकड़ो विद्यार्थियों की उपस्थिति रही ।

## दो वाहनों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत, दो घायल



पतरातू : पतरातु लेक रिजॉर्ट डैम के दक्षिणी छोर पर स्थित कटुआ कोचा अंतर्गत शंकर फैमिली ढाबा से महज 50 मीटर की दूरी पर पतरातु रांची मुख्य मार्ग पर एक ईटा लदा टाटा टर्बो ट्रक जेएच 05 सी डब्लू 9657 जो रांची की ओर जा रही थी। वही मारुति स्विफ्ट कार जेएच 24 बी 1355 में सवार तीन व्यक्ति रांची से पतरातु की ओर आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो टर्बो ट्रक और स्विफ्ट कार के आमने सामने जोरदार टक्कर में कार सवार एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। वही कार सवार दो व्यक्ति दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को स्थानीय प्रशासन एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेजा गया। साथ ही दुर्घटना स्थल पर मृत व्यक्ति के शव को पतरातू पुलिस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू भिजवाया गया। बताया जाता है कि टक्कर इतना जोरदार था कि स्विफ्ट कार का अगले पूरे हिस्से का परखच्चा उड़ गया। वहीं तेज रफ्तार की वजह से अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे पहाड़ के समीप सड़क से दूर जा खड़ा हो गया। वही दुर्घटना में ट्रक का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कार सवार तीनों व्यक्ति बरका सियाल स्थित सीसीएल में कार्यरत थे और वे अपनी ड्यूटी के लिए निकले हुए थे। दुर्घटना के बाद सड़क जाम होने से आवागमन बाधित रहा। लेकिन पतरातू पुलिस की तत्परता से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया गया। अब आवागमन को सुचारु ढंग से चालू किया गया।

## मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमाओं का किया गया प्राण प्रतिष्ठा



कुजू: दिगवार में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा क्षेत्र गुंजायमान है। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच पूजा को लेकर बड़ी आस्था दिख रही है। छठवें दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि -विधान से प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे थे, जो काफी उत्साहित आनंदित थे। इससे पूर्व यज्ञाचार्य विकास पांडेय, उपाचार्य प्रवीण पांडेय, ओमकार पांडेय, प्रकाश पांडेय, सुमन वत्स, शशि तिवारी, शुभम शास्त्री, नीरज शास्त्री, सत्यजीत पांडेय, कृपाचार्य मिश्रा, दीपू शास्त्री ने यजमान बने रामकिशुन प्रसाद, खेमलाल महतो, विनोद कुमार कुशवाहा, हरि नारायण कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, विनोद प्रसाद, सुखदेव महतो, कैलाश प्रसाद, अर्जुन महतो, बालो महतो, नंदलाल महतो, जागो महतो, सुखदेव प्रसाद, शशि शशि प्रसाद सपत्नीक को यज्ञशाला मंडप में वेद पाठ, वेदी पूजन, मंडप पूजन, न्यास के पश्चात प्राण प्रतिष्ठा कराया। बाद में षोडशोपचार पूजन, आरती, पुष्पांजलि आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया गया। इधर कथा वाचक अनिल कुमार बाल व्यास ने रामचरित मानस एवं कथा वाचिका देवी ज्योति शास्त्री श्रीमद् भागवत कथा के प्रसंगों का वर्णन कर श्रद्धालुओं के बीच ज्ञान बांटने का प्रयास किया।

## रुकैया खातून व जानवी कुमारी बनी स्कूल टॉपर

बेरमो: जैक बोर्ड परीक्षा परीणाम घोषित हुआ जिसमें डीवीसी प्लस दो उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंटर कला संकाय में 95.5 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की वहीं वाणिज्य संकाय में 93 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की कला संकाय में कुल 517 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमे 494 ने सफलता हासिल की। वहीं वाणिज्य संकाय में कुल 86 वियर्थियो ने भाग लिया। जिसमे 80 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। कला संकाय में स्कूल में टॉप रहीं। प्रथम स्थान रूकैया खातून 84.2 प्रतिशत व द्वितीय स्थान मोनू कुमार 82.4 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर रौशन कुमार 82 प्रतिशत लाकर सफलता प्राप्त किया । वाणिज्य संकाय में टॉप रहीं। प्रथम स्थान जानवी कुमारी 88.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान हर्ष सिंह 87.6 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर निखिल कुमार शर्मा 87.2 प्रतिशत लाकर सफलता अर्जित किया। डीवीसी जमा दो उच्च विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए। दामोदर घाटी निगम बोकारो थर्मल पावर स्टेशन के मुख्य अभियन्ता सह परियोजना प्रधान एनके चौधरी एवं उप महाप्रबंधक बीजी होलकर ने विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं विद्यालय के प्राचार्य धनंजय कुमार सभी सफल विद्यार्थियों व शिक्षक शिक्षिकाओं को सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

## मारवाड़ी युवा मंच ने किया अमृत जलधारा का निर्माण



बेरमो: मारवाड़ी युवा मंच फुसरो-बेरमो द्वारा अमृत जलधारा का निर्माण अजय अग्रवाल (सरवन)और विजय कुमार सर्राफ द्वारा अपने पिता स्वर्गीय चांदमल जी सर्राफ एवं वीणा देवी स्मृति में मध्य विधालय फुसरो परिसर में निर्माण कराया गया। बुधवार को योगेश तिवारी, राजन साव और उत्तम सिंह ने उद्घाटन करते हुए कहा कि बच्चों को अब ठंडे पानी मिलेगी। मारवाड़ी सम्मेलन बेरमो के अध्यक्ष सुरेंद्र खेमका उर्फ चिंटू ने कहा कि मारवाड़ी महिला सम्मेलन के तत्वावधान मे फुसरो न्यू रोड हनुमान मंदिर मे अमृत जल धारा का शुरू कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अरविंद कुमार सिंह ,सहित दिलीप गोयल, उत्तम सिंह, राकेश सिंह,राजन साव, सरवन अग्रवाल, मुरारी गोयल ,मनोज केडिया, कान्तु अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवा,प्रवीण अग्रवाल, सोनू अग्रवाल,आनंद गोयल, अनिल कुमार ,मोहन ठाकुर ,सहित काफी संख्या में मंच के साथी उपस्थित हुए।

संपादकीय

# पहलवानों के सवाल से भागती भाजपा

एक सामान्य फौजदारी शिकायत की बात अब अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंच गयी। ऐसा सिर्फ इसलिए हुआ क्योंकि सत्तारूढ़ भाजपा अपने सांसद को गिरफ्तार होते देखना नहीं चाहती है। दूसरी तरफ उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाले पहलवान अपने मेडल बहाने हरिद्वार में हर की पौड़ी पहुंच भी गए, लेकिन इस काम को अंजाम देने से पहले किसान नेता नरेश टिकैत ने वहां पहुंचकर पहलवानों को रोक लिया। टिकैत ने पहलवानों को समझाते हुए मेडल अपने पास ले लिए और सरकार को 5 दिन का अल्टीमेटम दिया। मंगलवार को पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा था कि वह मेडल को गंगा में बहाने जा रहे हैं, क्योंकि जितना पवित्र गंगा को माना जाता है, उतनी ही पवित्रता से मेहनत कर उन्होंने मेडल हासिल किए थे। उन्होंने एलान किया था कि गंगा में मेडल बहाने के बाद पहलवानों दिल्ली में स्थित इंडिया गेट पर आमरण अनशन भी करेंगे। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने साथ साथ



कहा कि जंतर मंतर के बाद इंडिया गेट पर भी आंदोलन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बीच रेसलिंग के सबसे बड़े संगठन ने भी अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने पहलवानों के साथ हो रहे व्यवहार और उन्हें हिरासत में लिए जाने की कड़ी निंदा की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस संगठन की तरफ से कहा गया है कि अगर 45 दिन के अंदर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चुनाव नहीं होते हैं तो विश्व कुश्ती फेडरेशन आगे के लिए भारत को सस्पेंड कर सकता है। बता दें कि यू डब्ल्यू डब्ल्यू इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन है। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया इसी संगठन का एक सदस्य है। अगर भारतीय कुश्ती फेडरेशन को सस्पेंड कर दिया गया तो भारतीय एथलीट्स को आगे के सभी अंतरराष्ट्रीय मैच न्यूट्रल झंडे के साथ खेलने होंगे। माने, कोई भी खिलाड़ी भारत के झंडे के साथ अंतरराष्ट्रीय कुश्ती मैचों में भाग नहीं ले पाएगा। इस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने पहलवानों के साथ हो रहे व्यवहार और उन्हें हिरासत में लिए जाने की कड़ी निंदा करते हुए अब तक हुई जांच पर भी सवाल खड़े किए हैं। संगठन ने मामले से जुड़े अधिकारियों से आरोपों की निष्पक्ष जांच करने का आग्रह किया है। खबर यह भी आयी है कि भारत के अंदर चल रहे इस विवाद पर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी और यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग, प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के साथ एक मीटिंग करने पर भी विचार कर रहे हैं। अब इसे भी कोई अगर मोदी का मास्टर स्ट्रोक ही कहें तो उसकी बुद्धि पर चरस आने के अलावा कुछ और नहीं किया जा सकता है। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी की प्रवक्ता लुसाने ने बताया कि पहलवानों के साथ जैसा बर्ताव किया गया है वो बहुत परेशान करने वाला था। कमेटी ने यौन शोषण मामले में निष्पक्ष जांच करने की बात भी कही। जांच के दौरान एथलीट्स की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए और जांच तेजी से पूरी की जाए। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी ने इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन से एथलीट्स की सुरक्षा सुनिश्चित का आग्रह भी किया है। यह सब तब हो रहा है जबकि भारत इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के अक्टूबर में होने में वाले वार्षिक सत्र की मेजबानी करेगा। ऐसी भी जानकारी है कि भारत सरकार यहां 2036 ओलंपिक खेलों के लिए गुजरात को उम्मीदवार के तौर पर पेश कर सकती है। अब दूसरी तरफ जंतर मंतर से जबरन हटाये गये पहलवानों के मेडल बहाने के एलान के बाद अनेक संगठनों की तरफ से ऐसा नहीं करने की अपील की गयी थी। किसान पंचायतों और खापों के नेता भी इस सूचना पर हरिद्वार पहुंच गये थे। जिन्होंने वहां भी मेडल गंगा में विसर्जित करने आये लोगों को बड़ी मुश्किल से समझाया। किसान नेता नरेश टिकैत ने उनके मेडल ले लिए और उन्हें समझाते हुए सरकार को पांच दिन का अल्टीमेटम दे दिया। श्री टिकैत ने बड़े सम्मान के साथ यह सारे मेडल उनसे हासिल कर लिये। इससे साफ है कि पश्चिमी उत्तरप्रदेश के इलाके में फिर से एक टकराव की जमीन तैयार हो रही है। लेकिन यह भाजपा के विचार का विषय है कि जो कुछ हो रहा है, उससे जनता के बीच पार्टी की क्या छवि बन रही है। दूसरी तरफ अभियुक्त होने के बाद भी बृजभूषण शरण सिंह का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच होने देनी चाहिए। सब कुछ दिल्ली पुलिस के हाथ में है, पहलवानों के आग्रह पर ही एफआईआर हुई है। बृजभूषण ने आगे कहा कि पहलवान गंगाजी में मेडल बहाने गए थे, लेकिन नरेश टिकैत के हाथ में मेडल देकर लौट आए। उन्होंने कहा कि जांच हो रही है और वो अगर गलत पाए जाते हैं तो गिरफ्तारी भी हो जाएगी। दूसरी तरफ मीडिया ने भाजपा की महिला नेत्री मीनाक्षी लेखी को इस सवाल से दौड़कर भागते देखा है। दरअसल भाजपा को इसकी चिंता होनी चाहिए क्योंकि वे अब जनता की सब्र का इम्तहान ले रहे हैं।

# ये आंसू कहीं सुनामी न बन जायें ?




देश के नये संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा गत 28 मई को किया जा चुका है। यह अजीब भ्रमपूर्ण स्थिति है कि भारत को स्वदेश निर्मित नये संसद भवन मिलने जैसी 28 मई की महत्वपूर्ण तिथि को इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जायेगा या यह दिन देश के इतिहास का एक काला अध्याय दर्ज होगा ? जाहिर है सत्ता पक्ष के लोग और इनके समर्थक ,भोंपू मीडिया आदि ने तो नये संसद भवन के उद्घाटन दिवस को कुछ इस अंदाज में पेश किया गोया देश को वास्तव में गुलामी से मुक्ति ही अब मिली हो। खैर,सत्ता की खुशामद परस्ती और हाकिम के सुर से अपना सुर मिला कर बोलने जैसी प्रवृति चूँकि अब एक आम बात हो चुकी है लिहाजा इस विषय पर चर्चा करना ही फुजूल है। परन्तु देश इन सवालों के जवाब तो जरूर जानना चाहेगा की आखिर इतने बड़े आयोजन व कार्यक्रम में राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति को आमंत्रित न करने का कारण क्या था ? देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे महामहिम राष्ट्रपति को आमंत्रित न करना उनका अपमान है या नहीं ? देश को यह जानने की भी



**तनवीर जाफरी**
पत्रकार

उत्सुकता है कि सत्ता पक्ष व मीडिया के इतने बखान करने के बावजूद आखिर किन परिस्थितियों में देश के 20 प्रमुख विपक्षी राजनैतिक दलों ने नये संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार किया और इन सब से इतर नये संसद भवन के उद्घाटन की इसी 28 मई को नई दिल्ली के जंतर मंतर पर बैठे ओलम्पियन खिलड़ियों के साथ पुलिस किस तरह पेश आई,इस घटना को भी 28 मई का इतिहास कभी भूल नहीं पायेगा। कितना दुर्भाग्यपूर्ण था यह दृश्य कि एक तरफ जहां ओलम्पिक पदक विजेता महिलायें अपने साथ हुये शारीरिक शोषण के आरोपी एक भाजपा सांसद की गिरफ़्तारी को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से धरना प्रदर्शन कर रही थीं। तो पुलिस उन्हें नये संसद भवन के पास उनके द्वारा आहूत महिला पंचायत में जाने से रोकने लिये अपना पूरा जोर लगाए हुए थी। दिल्ली की सीमाओं को एक दिन पहले से ही महिला पंचायत में पहुँचने वालों के प्रवेश के लिये सील कर दिया गया था। तो दूसरी ओर वही आरोपी सांसद जिसपर पहले भी दर्जनों आपराधिक केस दर्ज हैं, उसी नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन समारोह में सम्मानित अतिथि सांसद के रूप में शरीक होकर 'ऐतिहासिक उद्घाटन समारोह' की शोभा बढ़ा रहा था ? एक तरफ उसी सांसद के कथित शोषण का शिकार अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता पहलवान उनके साथ हो रही पुलिस ज्यादती व धक्केशाही से दुखी होकर चीख चिल्ला रही थीं व आंसू बहा रही थीं तो दूसरी ओर जंतर मंतर से कुछ ही दूरी पर सत्ता संरक्षण में वही आरोपी सांसद भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच सत्ता के जश्न का हिस्सा बनकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा था ?

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मिले जिन पदकों को हासिल करने के लिये इन जांबाज पहलवानों को जी तोड़ मेहनत करनी पड़ी,जिसकेलिए समाज के ताने सहने पड़े और जिन पदकों को हासिल करने से 140 भारतवासियों को गर्व हुआ,देश का नाम पूरी दुनिया में ऊँचा हुआ,पहलवानों के जिन पदकों से तिरंगे की शान बढ़ी वही पदक गंगा नदी में प्रवाहित करने का खयाल उन खिलाड़ियों के मन में आना और इसके लिये उनका हरिद्वार तक कूच भी कर जाना,यह घटना कितनी दुखदायी है ? पहलवानों की बेबसी और लाचारी का सुबूत देने वाली यह घटना कितनी ह्रदय विदारक है। भला हो किसान नेताओं का जिन्होंने खिलाड़ियों को गंगा नदी में अपना बहुमूल्य मेडल फेंकने से रोक लिया। देश ने किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी की चंद सेकेंड की पहलवानों से की गयी वह भावुक अपील भी सुनी जिसमें वे पहलवानों से मैडल न फेंकने की अपील करते करते फफक कर रो पड़े। पूरा देश खिलाड़ियों की इस घोषणा से स्तब्ध रह गया था कि शोषण की शिकार देश की शान इन खिलाड़ियों ने देश की खातिर जिन पदकों को अपनी भरपूर मेहनत से हासिल किया था वह पदक आखिर क्योंकर नदी के प्रवाह में बहा दिये जायेंगे ?

परन्तु लगता है कि सत्ता का घमंड और एक आरोपी सांसद को बचाने की शासकीय मुहिम का अब अंत होने वाला है। बेबसी के आलम में देश का गौरव बन चुकी बेटियों के आंसू अब यथाशीघ्र अपना रंग दिखाने वाले हैं। याद कीजिये किसान आंदोलन के दौरान जब सत्ता के चंद गुर्गों ने किसान नेता राकेश टिकैत व उनके साथियों के साथ दुर्व्यवहार किया था उस समय टिकैत की आँखों से निकले आंसुओं ने किसान आंदोलन में तूफान खड़ा कर दिया था। और स्वयं को अजेय व जिद्दी समझने वाली सरकार ने किसानों के सामने घुटने तक दिये थे। तीन विवादित कृषि कानून वापस लेने पड़े थे। और अब एक बार दुनिया के पहलवानों को धूल चटाने वाले पहलवान बेटियों के आंसू आने वाले कुछ दिनों में क्या गुल खिलाने वाले हैं निकट भविष्य में सामने आने वाला है।

अब तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने भी महिला पहलवानों के साथ हुई घटना पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। पूरे विश्व के मीडिया ने इस पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित व प्रसारित की है। परन्तु देश के मान सम्मान की झूठी दुहाई देने वालों को अपनी पार्टी के सांसद की रक्षा पहली प्राथमिकता दिखाई दे रही है। इस बीच संयुक्त किसान मोर्चा भी सक्रिय हो उठा है। ऐसी संभावना है कि संयुक्त किसान मोर्चा अपनी पूरी ताकत के साथ देश की बेटियों की लड़ाई लड़ने का मन बना चुका है। 5 जून को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन की घोषणा संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा कर दी गयी है। जिन किसान नेताओं ने बेटियों के इंसाफ दिलाने के लिये उन्हें मैडल फेंकने से रोका है वही किसान अब बेटियों के हक में सरकार से दो दो हाथ करने के लिये तैयार हो रहे हैं। कहीं ऐसा न हो कि आने वाले दिनों में मजबूर बेटियों और चढ़ूनी जैसे मजबूत किसान नेताओं की आँखों से निकलने वाले आंसू अहंकारी सत्ता के लिये सुनामी बन जायें ?

नजरिया

# बीजेपी बंटवारे में अपना दल को दे सकती है मुस्लिम बाहुल्य सीटें

अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने में जुटी बीजेपी उत्तर प्रदेश के मुसलमानों को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लुभाने के लिए अपने गठबंधन के सहयोगी 'अपना दल' पर बड़ा दांव लगाने जा रही है.बीजेपी आलाकमान को समझ में आ गया है कि जब सीधी उंगली से घी नहीं निकले तो उंगली टेढ़ी करने में कोई बुराई नहीं है.इसके लिए वह अपना दल का सहारा लेगी,बीजेपी के थिंक टैंक के दिमाग में मुसलमानों का वोट हासिल करने के लिए अपना दल का सहारा लेने का हाल ही में सपा के दिग्गज फायर ब्रांड नेता आजम खान के गण में सम्पन्न हुए स्वार(रामपुर) विधान सभा उप चुनाव के बाद आया है. हाल ही में हुए रामपुर जिले की स्वार विधानसभा सीट पर उपचुनाव में अपना दल(एस) के मुस्लिम प्रत्याशी को मिली जीत से उत्साहित भाजपा गठबंधन लोकसभा चुनाव में यह प्रयोग कई सीटों पर आजमा सकता है। भाजपा आलाकमान की सोच यह है कि मुस्लिम बाहुल्य जिन कुछ सीटों पर उसकी जीत की संभावना नहीं के बराबर हैं वहां की सीट विपक्ष के लिए छोड़ देने की बजाए अपने सहयोगी अपना दल को दे दी जाए जिसके पक्ष में मुसलमानों को वोटिंग करने में ज्यादा परेशानी नहीं होती है. यह दांव सही बैठ गया तो अपना दल कुछ सीटें निकालने में सफल हो जाएगी,जो उसके लिए घाटे का सौदा नहीं रहेगा.पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मुस्लिम बाहुल्य संभल, मुरादाबाद, अमरोहा,नगीना, सहारनपुर और पूर्वी यूपी की गाजीपुर, घोसी, अम्बेडकरनगर,जौनपुर आदि कुछ लोकसभा सीटों पर बीजेपी को सपा-बसपा गठबंधनक के प्रत्याशी से हार का सामना करना पड़ा था,यहां मुस्लिम वोटरों की संख्या अच्छी खासी थी। कहा जा रहा है कि 2024 में खासतौर से उन मुस्लिम बहुल सीटों पर दांव लगाने की तैयारी है, जिन पर 2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी या उसके सहयोगी दल जीत नहीं हासिल कर सके थे।इस वक्त भाजपा का प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 64 पर कब्जा है। पार्टी के सहयोगी दल अपना दल(एस) के पास भी दो लोकसभा सीटे हैं। वहीं इस वक्त समाजवादी पार्टी के पास तीन सीटें है। 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पांच सीटों पर चुनाव जीती थी। लेकिन 2022 में हुए उपचुनावों में सपा को आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा बीएसपी 2019 के चुनावों में 10 सीटें जीती थी। लेकिन हाल ही में गाजीपुर के पूर्व सांसद अफजाल अंसारी को चार साल से अधिक की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी सदस्यता को भी खत्म कर दिया गया है। अब बसपा के पास सिर्फ नौ सीटें ही बची हैं। रामपुर की स्वार विधानसभा सीट मुस्लिम बहुल सीट है। इस सीट पर 65 फीसदी से अधिक मुस्लिम वोटर हैं।कई वर्षो से इस सीट पर सपा नेता आजम खां के परिवार का वर्चस्व रहा है। 2017 और 2022 विधानसभा चुनावों में आजम खां के बेटे अब्दुल्लाह आजम ने यहां से जीत दर्ज की थी। उपचुनावों में भाजपा ने अपने सहयोगी अपना दल (एस) को यह सीट दे दी थी, अपना दल(एस) ने इस सीट से मुस्लिम प्रत्याशी शफीक अंसारी को टिकट दिया,जो जीतने में सफल रहा। इससे पार्टी को लगता है कि लोकसभा चुनावों में भी अगर इस तरह का प्रयोग किया जाए तो मुस्लिम बहुल सीटों पर जीत हासिल की जा सकती है। ऐसे मुस्लिम मुस्लिम मतदाता जो सपा-बसपा से दूरी बनाकर रखना चाहते हैं,वह अपना दल के नाम र बीजेपी के साथ आ सकते हैं क्योंकि उनके लिए भाजपा के कमल के फूल के निशान की जगह अपना दल (एस) को वोट देने से गुरेज नहीं रहता है।



**अजय कुमार**
पत्रकार

**हाल ही में गाजीपुर के पूर्व सांसद अफजाल अंसारी को चार साल से अधिक की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी सदस्यता को भी खत्म कर दिया गया है।**

# सच्ची लगन सफलता की शर्त है

प्रेरक-प्रसंग

मैक्समूलर की माँ की हार्दिक इच्छा थी कि उसका बेटा देश का कोई बड़ा अधिकारी बने। एक विधवा होते हुए भी उसने मैक्समूलर की पढ़ाई में कोई कमी नहीं की, लेकिन मैक्समूलर को तो दूसरी ही धुन थी। वह कहता, 'नहीं, माँ मुझे संस्कृत पढ़ना है, पढ़ने दो।' वे संस्कृत के अध्ययन में जुट गए। लिपजिग कॉलेज में अध्ययन के दौरान इन्हें यह आर्श्च हुआ कि अंग्रेजी के अनेक शब्द संस्कृत से निकले हैं यथा - डॉक्टर-दुहित्र से, फादर-पितर से, मदर-मातृ से, वाइफ-वधु से तथा ब्रदर-भ्रातर से। उन्हें गुरू की खोज में पेरिस जाना पड़ा। पेरिस में बर्नूफ को पाकर उन्हें अत्यनत



प्रसन्नता हुई। जब इन्होंने वेद अध्ययन की इच्छा व्यक्त की, तो गुरू ने कहा - 'तुम में प्रतिभा है, लगन है, एकनिष्ठता है। तुम हिन्दू धर्म या वेद दोनों में से किसी एक को अपना जीवन अर्पित कर दो।'

मैक्समूलर ने वेद पढ़ने की जब इच्छा व्यक्त की तो गुरू ने दो हिदायतें दीं- वेद का भाष्य करते समय तुम धूम्रपान नहीं करोगे। मूल और भाष्य का एक शब्द एक अक्षर भी नहीं छोड़ोगे नहीं। उन्होंने इन वचनों का दृढ़ता से पालन किया और अपने 27 वर्षों के कठोर श्रम से ऋग्वेद का उद्धार किया, जो ईस्ट इण्डिया कंपनी के संग्रहालय में कैद थे। हिन्दू धर्म के इस पवित्र ग्रन्थ के जीर्णोद्धार का श्रेय इन्हीं विद्वानों को जाता है, जिन्होंने अपने जीवन के लगभग पचास वर्ष भारतीय वांगमय में विचरते हुए बिताया।

जानकारी

# महाबलीपुरम के पंच रथ



पंच रथ महाबलीपुरम के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक है जो द्रविड़ शैले वास्तुकला का एक बहेतरीन उदहारण हैं। यह रॉक कट मंदिरों का एक समूह है जो पांच रथ के नाम से जाना जाता है। इन पांचो रथों का नाम महाभारत काल के पांडवों भाइयों और उनके पत्नी के नाम पर रखा गया है। पहला रथ प्रवेश द्वार पर है और इसे द्रोपदी रथ कहा जाता है जो देवी दुर्गा को समर्पित है। अगला रथ अर्जुन रथ के नाम पर जाना जाता है और यह भगवान शिव को समर्पित है। जबकि इस रथ के ठीक सामने नकुल सहदेव का रथ है। धर्मराज युधिष्ठिर का रथ सबसे बड़ा है और यह भगवान शिव को समर्पित है। परिसर में एक विशाल रथ भी है जो भीम के रथ को दशार्ता है।

# Realme 11 Pro सीरीज का 8 जून को भारत में लॉन्च

साइबर दुनिया

नई दिल्ली: चाइनीज स्मार्टफोन मेकर Realme के नए स्मार्टफोन्स Realme 11 Pro और Realme 11 Pro+ को 8 जून को भारत में लॉन्च किया जाएगा। इन स्मार्टफोन्स को इस महीने की शुरूआत में Realme 11 के साथ चीन में पेश किया गया था। Realme 11 Pro और Realme 11 Pro+ में MediaTek Dimensity चिपसेट दिया गया है।



इन स्मार्टफोन्स में 6.7 इंच कर्व्ड डिस्प्ले और 1 TB तक की इंटरनल स्टोरेज है। इनमें 5,000 mA की बैटरी दी गई है। कंपनी ने ट्विटर पर एक पोस्ट में बताया है कि Realme 11 Pro सीरीज को भारत में 8 जून को लॉन्च किया जाएगा। इन स्मार्टफोन्स के लिए Flipkart पर एक लैंडिंग पेज पर भी यह जानकारी दी गई है। हालांकि, इस लैंडिंग पेज पर इनके स्पेसिफिकेशंस को नहीं बताया गया है।

Realme 11 Pro A:SX Realme 11 Pro+ के स्पेसिफिकेशंस (अनुमानित)

कंपनी ने चीन में इन स्मार्टफोन्स को इस महीने की शुरूआत में लॉन्च किया था। इनमें डुअल सिम (नैनो) है और ये एंड्रॉयड 13 बेस्ड Realme UI 4.0 पर चलते हैं। इनमें 6.7 इंच फुल ლaऊ (1,080X2,412 पिक्सल) कर्व्ड डिस्प्ले दिया गया है। ये 6 ल्ले ऑक्टाकोर MediaTek Dimensity के साथ हैं और इनमें 12 GB का RAM दिया गया है। Realme 11 Pro में OIS के साथ 100 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा है। इसमें 2 मेगापिक्सल का सेकेंडरी कैमरा दिया गया है। Realme 11 Pro+ में 200 मेगापिक्सल का Samsung HP3 सेंसर और I/1.69 का अपार्चर है। इसके अलावा 8 मेगापिक्सल का वाइड-एंगल कैमरा और 2 मेगापिक्सल का मैक्रो सेंसर मिलता है। सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए इनमें क्रमशः 16 मेगापिक्सल और 32 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा है।

टॉप ट्वीट

"मेरे घर की मिट्टी माँ के चरणों में अर्पित करने और प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रत्येक घर से ईंट/शिला का संकलन किया गया। देवी लोक निर्माण के लिए अन्य शक्तिपीठों से भी मिट्टी लाई गई। देवी लोक के लिए पहाड़ी के ऊपर मणिद्वीप की अवधारणा के आधार पर विकास कार्य किए जा रहे हैं।"

शिवराज सिंह चौहान
मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री





"मेरे आने से पहले महिला अभिनेत्रियां इस पुरुषवादी सोच के दायरे में रहकर काम करती थीं। सबको बराबर पैसे मिले, इसके लिए सबसे पहले मैंने आवाज उठाई थी। मैंने देखा कि कुछ ए लिस्टर्स अभिनेत्री फ्री में काम करने को भी तैयार हैं।उन्हें इनसिक्योरिटी रहती थी कि कही उनका रोल किसी डिजर्विंग आदमी के पास न चला जाए।"

कंगना रनौत
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

# संबंधों के औचित्य पर सवाल

महानगरों में लिव इन रिलेशनशिप की घातक बीमारी के हिंसक परिणाम आधुनिकतावादी विचारधारा को आईना दिखाने के लिए काफी है। एक के बाद एक हैवानियत के सामने आते किस्से अब इस पर कानूनी नियंत्रण की जरूरत महसूस करते हैं। सरकार को इस मामले में गंभीरता से विचार करना चाहिए वही पालकों को भी अपने नौनिहालों को संस्कारित करना चाहिए जिससे दिल दहलाने वाले वाकये सामने ना आए।

श्रद्धा मर्डर कांड के बाद दिल्ली में हैवानियत भरा एक और कारनामा सामने आया है। एक 16 वर्षीय मासूम बच्ची को उसके सिरफिरे दोस्त ने सिर्फ इसलिए टुकड़े-टुकड़े कर दिए क्योंकि साक्षी के दोस्त ने अपराधी को दूर रहने की बात कही थी। दोस्ती के बीच उलझी साक्षी का कसूर इतना ही था कि उसने सामाजिक बंधनों को दरकिनार करके भी एक दोस्त से इसलिए दोस्ती की थी कि उसे एक सहारा मिल सके मगर जाहिल दोस्त ने जिस तरह उसके साथ विश्वासघात किया वह एक बड़ा सवाल है आज सोशल मीडिया पर चल रही दोस्ती और उसके बाद उसे गृहस्ती में बदलने के औचित्य पर ?अगर ऐसे ही दर्दनाक वाकये सामने आते रहे तो प्यार और विश्वास दोनों ही सच्चाई से परे हो जाएंगे।

अमृतलाल मारू 'रवि' इन्दौर मप्र

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### ज्योति बनी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, चौपारण की टॉपर

चौपारण : चौपारण जिन बच्चों के सिर से मां-बाप का साया उठ जाता हो वो बेसहारा हो जाते हैं। अक्सर ऐसे बच्चों की प्रतिभा बगैर अभिभावक के कुंद हो जाती है और उनकी जिंदगी बोझ बन जाती है। लेकिन ऐसे बच्चों में दूसरे सामान्य बच्चों की तुलना में प्रतिभा निखरने का अवसर अत्यधिक होता है।

## सिटी अपडेट्स >>

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की मैट्रिक एवं इंटर का रिजल्ट रहा सत प्रतिशत

**बड़कागांव** : बड़कागांव कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बड़कागांव मैं मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत जिसमें मैट्रिक में कुल 64 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें सभी प्रथम एवं द्वितीय स्थान से उत्तीर्ण हुए। वही मोनिका कुमारी ने 402 अंक लाकर स्कूल का प्रथम टॉपर बनी, द्वितीय टॉपर नरगिस कुमारी 390 अंक तथा तीसरा टॉपर प्रिया कुमारी 386 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं इंटरमीडिएट का रिजल्ट काफी शानदार रहा जिसमें सूफिया परवीन 426 अंक 85.2% लाकर स्कूल की प्रथम टॉपर, अंजली कुमारी 412 अंक लाकर द्वितीय टॉपर तथा तृतीय स्थान पर तीन छात्राओं ज्योति बाला, निशा कुमारी , अमेरिका कुमारी 389 अंक 77.8% प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी उत्तीर्ण छात्राओं को विद्यालय की वार्डन लीलावती कुमारी, लेखापाल राजकुमार साव, निशि रानी, किरण कुमारी, सीताराम महतो,अजय पटेल,संगीता कुमारी, प्रमोद कुमार, रूबी कुमारी, चिंतामणि महतो, विनीता कुमारी के अलावा अन्य लोगों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### लेवी वसूलने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा गया जेल

**हजारीबाग** : हजारीबाग 12 मई से अबतक करेडारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत कार्यरत बीजीआर माइनिंग कंपनी के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर सत्यानारायण को पीएलएफआई के उग्रवादी संगठन के नाम से 02 करोड़ रूपया लेवी के रूप में मागा गया था । तथा नहीं देने पर कंपनी के पदाधिकारियों के साथ खून की होली खेलने की धमकी दी जा रही थी। इस संबंध में 30 मई की आवेदक सत्यानारायण के द्वारा केरेडारी थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया जिसके आधार पर करेडारी थाना कांड सं0-174 / 22, 30 मई को 385387/34 भादवि एवं 17 सीएलए एक्ट दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। अनुसंधान के द्वारा इस कांड के वादी के द्वारा 30 मई को सुचित किया गया कि पीएलएफआई के सदस्य मोबाईल सं०)- 9334579634 के धारक के द्वारा वाटसएप्प में कॉल कर लेवी का पैसा लेकर शाम 05 बजे धाम के पास आने को कहा। इस संबंध में योजनाबद्ध तरीके से एक छापामारी पुलिस दल का गठन किया गया तथा बताया गये स्थान के आस-पास गुप्त तरीके से तैनात किया गया। जैसे ही कंपनी की गाड़ी पैसा देने के लिए उग्रवादी संगठन के बताये स्थल पर पहुंचा तो उक्त गाड़ी बुरू से पचड़ा की ओर जाने वाली सड़क की तरफ आगे बढ़ने लगी जिसका पीछा छापामारी दल के द्वारा किया गया। इसी दौरान बुकरू और पचड़ा के बीच पड़ने वाले जंगल के पास छापामारी दल के द्वारा लेवी का पैसा लेने आये दो अपराधकर्मियों को पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम पता कुलदीप गंझू उम्र 23 वर्ष पिता जगदीश राय . सुरेन्द्र गंझ उम्र 27 वर्ष पिता-तुलेश्वर गझु दोनों ग्राम-लोहरा थाना-केरेडारी जिला-हजारीबाग बताया गिरफ्तार कर पुछताछ करने पर इन्होंने आगे बताया की पीएलएफआई संगठन के जोरदाग निवासी दुखन पासवान के कहने पर लेवी का पैसा वसूलने गये थे।

शपथ

### तंबाकू का सेवन नहीं करने की ली शपथ

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस

- पदाधिकारियो एवं कर्मियों को तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलायी गयी
- पदाधिकारी ने तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी
- मास्क एवं कैप का वितरण, जागरुकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**धनबाद:** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग ने सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में प्रभारी सिविल सर्जन की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। इसमें पदाधिकारियो एवं कर्मियों को तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग के जिला नेडल पदाधिकारी ने तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही हमें भोजन चाहिए तम्बाकू नहीं छपा हुआ मास्क एवं कैप का वितरण, जागरुकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर स्वास्थ्य कर्मियों, पुलिस कर्मियों, सफाई कर्मियों, सदर अस्पताल कर्मियों एवं आम जनमानस को तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरुक किया गया। शपथ ग्रहण समारोह एवं जागरुकता रैली में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग डॉ मंजु दास, जिला सलाहकार राहुल कुमार, सोशल वर्कर शुभांकर मैत्रा, जिला फलेरिया पदाधिकारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का विशेष शिविर सम्पन्न



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव** : बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों का सात दिवसीय शिविर में छः दिनों के प्रशिक्षण का प्रतिवेदन पढ़ा गया जिसमे योग, साफ-सफाई, संगीत ,लक्ष्य गीत, दहेज प्रथा नाटक प्रस्तुत किया गया। सभी स्वयं सेवकों ने शपथ लिया कि इस सात दिवसीय प्रशिक्षण को अपने जीवन में उतारने का पूर्ण प्रयास करेंगे तथा सभी स्वयंसेवकों ने कैंडल जलाकर गाया हम होंगे कामयाब एक दिन संगीत के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो आयोजक थे, मौके पर प्रो ललिता कुमारी एवं स्वयंसेवक एवं स्वयंसेवक संदीप कुमार, सचिन कुमार, दिलचंद कुमार, ब्रजेश कुमार, राहुल कुमार, सुनीता कुमारी, बबीता, विद्या, शिवम कुमार, तिलेश्वर कुमार, मधु कुमारी, लक्ष्मी आदि उपस्थित थे।

### आदर्श इंटर कॉलेज के 99% छात्रों ने इंटर कला परीक्षा में सफलता पायी

## वाणिज्य में छात्रों ने लहराया सफलता का परचम



राष्ट्रीय खबर

**इचाक** : इचाक इंटर कला और वाणिज्य परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें आदर्श इंटर कॉलेज इचाक के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कॉलेज के कला में 99% छात्रों ने उत्तीर्णता हासिल किया है और वाणिज्य मे 100 % । महाविद्यालय में कुल 1245 विद्यार्थी कला संकाय में सम्मिलित हुए, जिसमें 765 प्रथम श्रेणी से 462 द्वितीय श्रेणी से, 2तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कला टॉप 10 छात्रों में अनीषा कुमारी अंक 441, अमन कुमार अंक 435, सीमा कुमारी अंक 432, सोनम परवीन अंक 431, श्रेया कुमारी अंक 427, कुंदन कुमार अंक 426, संदीप प्रसाद मेहता अंक 421, सौरभ नारायण अंक 419, विशाल कुमार अंक 418, कृती कुमारी 415 अंक लाकर कॉलेज का नाम रोशन किया। वाणिज्य मे कसिस नाज महाविद्यालय ३तस्त्रस्त्री१ बनी कसिस नाज 400 अंक, आसिफ अहमद 399 अंक, इरम निसात अंसारी 377 अंकलाई । इस बेहतर प्रदर्शन पर कॉलेज के प्राचार्य मनीष कुमार एवं सचिव जीवन कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को उसके उज्जवल भविष्य की कामना कि । प्रो मनोज कुमार, युगेश कुमार, ओंकार मेहता, प्रो0 कैलाश कुमार, राजेश प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, प्रसाद, प्रो मुन्ना पांडे, प्रो कुमारी अंजली, संगीता कुमारी, ममता मेहता, प्रो सुलेखा कुमारी, सतेंद्र राणा, बासुदेव पांडे, सुरेंद्र शर्मा सहित सभी शिक्षकों ने सभी छात्रों को बधाई दी।

# डीडीसी ने किया पीरटांड़ में लगे आम बगान का निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़** : डीडीसी शशिभूषण मेहरा ने बुधवार को पीरटांड़ प्रखंड के बांध पंचायत के धावाटंड में लगे आम बागवानी योजना का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान डीडीसी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी भी साथ में पहुँचे।

जहां उन्होंने आम बागवानी से प्रभावित होकर खुशी जाहिर की ओर किसानो से बात करते हुए कई जानकारी भी प्राप्त किया। उन्होंने आम बागवानी के लिए किसानों को सिंचाई समेत आवश्यकतानुसार अन्य सरकारी सहयोग करने का भी आश्वासन दिया।

जिसके बाद डीडीसी ने प्रखंड के 2 विद्यालयों का भी निरीक्षण किया। जिसमें राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय पीरटांड़ ओर मध्य विद्यालय चिरकी शामिल हैं। उन्होंने विद्यालय में सरकार द्वारा दी गई सामग्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सामग्री की देखरेख करने एवं कई सम्बंधित आवश्यक निर्देश भी दिया।

## मधुबन राम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकी

राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़ :** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन स्थित पौराणिक हनुमान मन्दिर में बुधवार को मंदिर नवनिर्माण का 13 वीं वार्षिकी बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित कि गई। आज ही के दिन 31 म ई 2010 को प्राण प्रतिष्ठा पूरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के सानिध्य में संपन्न कराया गया था। जिसके उपलक्ष्य पर आज बुधवार को तेरहवीं वर्षगांठ आयोजित कि गई । जिसमें समिति की ओर से हनुमान जी की पूजन, विधान हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ ,श्रृंगार की रचना करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम कर भजन संध्या का आयोजन किया गया। एवम महाआरती उतारी गई। फिर सामुहिक रूप से महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण लाल, सचिव नंदकिशोर सिंह, अम्बिका राय, सुमन कुमार सिन्हा, तेजनारायण महतो, भरत साहू,केशव तिवारी, विधाभुषण मिश्र,कैलाश अग्रवाल, उमेश रजक, पुरन राय, दीलिप तुरी, रीतेष मंदिरवार, रंजीत सिंह, बिनोद राम, संजय तिवारी, अशोक यादव, अंजू श्रीवास्तव, मंजू देवी, सरीता सहाय, झरना देवी, अरूणा सिन्हा, कदमी देवी, सावित्री देवी, सीता देवी, निर्मला मंदिरवार, सोना उपाध्याय, सहित कई लोग शामिल थे।

समारोह

### सेवानिवृत्त कार्मिकों को दी गई विदाई

# बीएसएफ मेरू कैंप में स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

- उद्देश्य व लक्ष्य हमारे लघु, मध्यम व दीर्घकालीन अवधि के कार्यकलापों को प्रभावित करते है
- कुछ कार्मिकों का स्वैच्छिक सेवानिवृत जाना एक स्वाभाविक बात है



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत कार्मिकों के लिए सेवानिवृत्ति उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। कर्मचारियों के लिए सामान्यतः सेवानिवृत्ति की तिथि सेवा में आने के पहले दिन से ही निश्चित हो जाती है। सभी के जीवन में पारिवारिक जरूरतें, उद्देश्य व लक्ष्य होते है। यही उद्देश्य व लक्ष्य हमारे लघु, मध्यम व दीर्घकालीन अवधि के कार्यकलापों को प्रभावित करते है। कुछ कार्मिकों का स्वैच्छिक सेवानिवृत्त जाना एक स्वाभाविक बात है। इसी कड़ी में प्रशिक्षण केन्द्र एंव विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप में बुधवार को महानिरीक्षक, प इन्द्रजीत सिंह राणा, प्रशिक्षण केन्द्र एंव विद्यालय के तत्वावधान में परिसर स्थित परिवार कल्याण केन्द्र में स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हो रहे बल के कार्मिकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महानिरीक्षक, इन्द्रजीत सिंह राणा, देवी सरण सिंह, उपमहानिरीक्षक (प्रशा0), राजेश कुमार, उपमहानिरीक्षक (एसटीएस), आरआर लाल, उपमहानिरीक्षक (प्रशि0), डीके प्रमाणिक, उपमहानिरीक्षक, सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे इस संस्थान से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हो रहे कार्मिक मुख्य आरक्षक/चालक अनीस एबी एवं आरक्षक/चालक पी0 रहमान जोकि केरल राज्य के रहने वाले हैं इन्होने राष्ट्र व सीमा सुरक्षा बल के लिए शौर्य और वीरता से परिपूर्ण प्रेरक कार्य पद्धति विकसित करते हुए पूर्ण तन्मयता एंव मनोयोग से निर्वहन करते हुए अपने जीवन के लगभग 21 वर्ष राष्ट्र को अपनी सेवाएं इस अवसर पर महानिरीक्षक, इन्द्रजीत सिंह राणा, प्रशिक्षण केन्द्र एंव विद्यालय द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे कार्मिकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एंव अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्ति नए जीवन की एक नई शुरूआत हैं। सेवानिवृत्ति राजकीय सेवाएं करते हुए एक निर्धारित आयु के बाद सेवा से विश्राम लेना या फिर नई राह पर अग्रसर होना है। हमे आगे के जीवन में अपने अनुभव से लाभ उठाने की योजना बनानी चाहिए। सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों को आश्वस्त किया कि प्रहरी परिवार सदैव आपके साथ है। अतं में ने सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों के स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की मगंल कामनां की।

## न्यूज फटाफट

### बहेरा गांव की कुमारी रूही 90.4% लाकर बनी छठी टॉपर



**हजारीबाग** : हजारीबाग बहेरा मुखिया देवकी महतो एवं विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो की भतीजी कुमारी रूही ने झारखंड ऐकडेमिक कॉउन्सिल की इंटरमीडिएट परीक्षा कला संकाय में अधिकतम 500 में 452 अंक (90.4%)लाकर कुमारी रूही ने पूरे जिले में अपनी नाम रोशन की। साथ ही उरुस्लाइन इंटर कॉलेज, रांची की छठी टॉपर बनी। ज्ञात हो कि रूही कुमारी स्व०गणेश महतो एवं सुशीला देवी की सुपुत्री है। लगभग 2 वर्ष की आयु में पिताजी की असामयिक निधन होने के पश्चात लालन-पालन की जिम्मेवारी उनके दोनों बड़े पापा देवकी महतो एवं शिवलाल महतो ने उठाया। बहेरा में ही रहकर 10 वीं की परीक्षा डीएवी, तापीन नार्थ से 85% के साथ पास की एवं12वीं की शिक्षा उरुस्लाइन इंटर कॉलेज, रांची से किया। इस खबर को सुनकर पूरे गांव में खुशी की लहर एवं बधाई देने वालो का तांता लग रहा। रूही कला संकाय मे स्नातक (राजनीतिक शास्त्र) की पढ़ाई कर आगे सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करना चाहती है। बेटी की उपलब्धि पर समस्त परिवार में खुशी का माहौल है।

### सिंगर कुमकुम बिहारी के भक्ति गीतों को सुनने उमड़ी लोगों की भीड़



**इचाक** : इचाक प्रखण्ड के दरिया में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी एवं नवाह परायण महायज्ञ सह दुर्गा महिषासुर मर्दिनी परिवार, राम जानकी, माता पार्वती, गणेश, हनुमान एवं संतोषी माता प्राण प्रतिष्ठा के समापन के मौके पर 29 मई के रात मशहूर गायिका कुमकुम बिहारी ने हजारों लोगों के बीच अपना जलवा बिखेरा। उन्होंने एक से एक भक्ति गीतों को गाकर उपस्थित सभी लोगो को खूब झुमाया। और बीच बीच मे भगवान शंकर और माता पार्वती के झांकी, माता काली और दैत्य की युद्ध की झांकी का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पूर्व यज्ञ समिति के द्वारा जिप सदस्य रेणु देवी, मुखिया बिना मेहता, पंसस सारो देवी ने कुमकुम बिहारी को चुनरी ओढ़कर स्वागत किया। स्वागत के बाद सिंगर बिहारी ने भक्तों के भीड़ को इस तरह समां बांधा कि समय कैसे बीत गया किसी को पता नही चला। उन्होने महिलाओं को खूब भक्ति के गीतों का रसपान कराया। रात्रि तीन बजे तक भक्तों को भक्ति गीतों में लीन कर दिया। इस दौरान भीड़ में उपस्थित महिला- पुरुष, बूढ़े बच्चे समेत अपने आप को कोई रोक नही सका और वह भी भक्ति गीतों में लीन होकर अपने आप को खूब झुमाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से महायज्ञ समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार मेहता, उपाध्यक्ष बीरबल प्रसाद मेहता, बसंत प्रसाद मेहता, राजेंद्र मेहता, सचिव लखन कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार मेहता, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार मेहता, सचिव कुशलचंद प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद मेहता भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, जदयू नेता अर्जुन कुमार मेहता, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष जय नंदन मेहता, सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता, सुशांत सोनी, किशोरी प्रसाद मेहता, सुरेश शाह, मुख्य पुजारी राम प्रकाश मेहता, मुरली सिंह, लखन मेहता, विजय मेहता, नकुल कुमार, संजय कुमार मेहता समेत दरिया, जगड़ा एवं जोगिडीह के समस्त ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

### जेएम महाविद्यालय उरुका के छात्रों ने वाणिज्य एवं कला में लहराया परचम

**इचाक** : इचाक प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जगन्नाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरुक का रिजल्ट इंटर कला और वाणिज्य में बेहतर रहा। जहां इंटर वाणिज्य में शत-प्रतिशत तो कला में 99 प्रतिशत रिजल्ट रहा। महाविद्यालय का रिजल्ट कला में जिला टॉप 10 में 4 विद्यार्थी आए। जिसमें शिवानी कुमारी 447 अंक थर्ड रैंक सिमरन कुमारी 444 अंक 5वा रैंक,विशाखा कुमारी 441 अंक 7वा रैंक, प्रियांशु कुमार 440 अंक लाकर जिला में 8वा रैंक प्राप्त किया। वहीं निशांत कुमार 427, सूरज कुमार 425, रूपेश कुमार421, उपासना कुमारी 420, संध्या कुमारी 415, नेहा कुमारी 412, सपना कुमारी 409, ब्यूटी 406, ओम 406 और आशीष कुमार 400 अंक प्राप्त किए। महाविद्यालय का रिजल्ट वाणिज्य सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए वहीं कला में प्रथम श्रेणी से 52% द्वितीय श्रेणी में 46% तृतीय श्रेणी से 1% तथा 1% छात्र अनुतीर्ण हुए महाविद्यालय के प्राचार्य बसंत कुमार, प्रो. राजेंद्र यादव ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दिए तथा उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वाले शिक्षकों में प्रोफेसर विजय कुमार दास, प्रोफेसर राम प्रकाश मेहता, प्रोफेसर राजेंद्र यादव, प्रोफेसर उमेश कुमार, प्रो प्रदीप कुमार, प्रोफेसर प्रेमचंद कुमार पन्त, प्रदीप कुमार, जयप्रकाश कुमार, भुनेश्वर प्रसाद मेहता, सुरेंद्र मिश्रा, सुषमा देवी आदि थे।

### जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत सभी संवेदको के साथ उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**हजारीबाग** : हजारीबाग उक्त बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन में विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। कई संवेदको द्वारा बताया गया कि कुछ् मुखिया काम में बाधा उत्पन्न करते हैं और अपने हिसाब से काम कराना चाहते हैं जिसके कारण काम को समय से पूर्ण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उपायुक्त के द्वारा इन समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश सभी कनीय अभियंताओ को दिया गया। उनको निर्देशित किया गया कि यदि कोई मुखिया अथवा अन्य जनप्रतिनिधि या कोई भी व्यक्ति कार्य में बाधा उत्पन्न करते हैं तो उन पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए एफ आई आर दर्ज कराएं एवं समस्या को शीघ्र निपटान कराएं ताकि कार्य को ससमय पूर्ण किया जा सके। उपायुक्त द्वारा अगले 15 दिनों में कार्य को गति प्रदान करने का निर्देश दिया गया। मानसून को देखते हुए देखते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में तेजी से सभी स्ट्रक्चर्स के फाउंडेशन कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मानसून आने वाला है मानसून के आने के कारण कार्य में धीमी गति हो जाएगी क्योंकि बोरिंग की गाड़ी विभिन्न जगहों पर जा नहीं पाएगी। सभी संवेदको को अपनी टीम को बढ़ाने एवं संसाधनों को बढ़ाने का निर्देश दिया गया ताकि समय से कार्य को पूर्ण किया जा सके। साथ ही निर्देशित किया गया कि अगले 2 सप्ताह के अंदर जहां भी आवश्यकता हो वहां पर बोरिंग को कंप्लीट करें एवं जलापूर्ति योजना के फाउंडेशन वर्क को अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। समर एक्शन प्लान के तहत विभिन्न प्रखंडों में नलकूपों की मरम्मत के लिए चलाए जा रहे हैं गाड़ियों की संख्या उनके ड्राइवर का नंबर को पीआरडी के माध्यम से समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में उपायुक्त के आलावा कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार मुंडारी सहायक समहर्ता सह प्रशिक्षु आईएएस, सभी कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, जिला समन्वयक, विभिन्न संवेदक उपस्थित थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### जनता दल यूनाइटेड का बैठक 11 जून को

**पाकुड़ :** आगामी दिनांक 11 जून को जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरु महतो झारखंड प्रभारी बिहार विधानसभा के विधायक मनोज यादव जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक श्री कामेश्वर नाथ दास जी प्रदेश जदयू कार्यालय के प्रभारी श्रवण कुमार का आगमन 11 तारीख को दिन के 12:00 बजे पाकुड़ परिसदन में आना तय हुआ है । लोग जदयू कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बिजली की लचर व्यवस्था से उपभोक्ताओं में आक्रोश

**पलामू :** जिले के हरिहरगंज और पिपरा प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत शहरी और ग्रामीण इलाकों में बिजली की आंख मिचौली काफी दिनों से जारी है। जिस वजह से भीषण गर्मी झेल रहे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी हुई है। इसे लेकर दोनों प्रखण्ड के हजारों उपभोक्ताओं में आक्रोश भी गहराता जा रहा है। वहीं बिजली उपभोक्ता संघ के सदस्यों में आपात बैठक बुलाकर नियमित तौर पर विद्युत आपूर्ति के लिए आन्दोलन शुरू करने को लेकर सुगबुगाहट भी सुनी जा रही है। कई लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण बच्चों की तबीयत खराब हो रही है और बुजुर्ग महिला पुरुष भी गर्मी से व्याकुल हो रहे हैं।। यह बताया गया कि इन दिनों वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत लोड शेडिंग द्वारा विद्युत आपूर्ति कराई जा रही है। बहरहाल बिजली की लचर व्यवस्था कब सुधरेगी यह तो आने वाले समय में ही पता चल सकेगा।

### जिले भर में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**पाकुड़ :**जिलेभर में सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों एवं निजी संस्थानों में बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी विभागों व संस्थानों , मित्र या परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दिनेश विलियम मरांडी ने लैम्पस से धान बीज वितरण का किया शुभारंभ

**पाकुड़ :** जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि हिरणपुर लैंपस में 120 क्विंटल, आलुबेरा लैंपस में 100 क्विंटल, कमार्टार लैंपस में 40 क्विंटल, सोनाधनी लैंपस में 60 क्विंटल, पाकुड़िया लैंपस में 120 क्विंटल, बनोग्राम लैंपस में 50 क्विंटल, गणपुरा लैंपस में 50 क्विंटल, दमदमा लैंपस में 260 क्विंटल स्वर्णा धान का बीज उपलब्ध है जहां किसानों को 50% अनुदान पर कृषक अंशदान 17 रूपया 80 पैसे प्रति किलो की दर से एवं 25 किलो का बैग में किसानों के लिए बीज उपलब्ध कराया जाएगा । जिन जिन किसानों को बीज लेना है। वह अपने साथ आधार कार्ड, मोबाइल नंबर जमीन का पर्चा के साथ आए और ओटीपी के माध्यम से बीज प्राप्त करें। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार भगत समेत अन्य उपस्थित थे।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**पाकुड़ :** झालसा रांची के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस को लेकर शहर स्थित पुराना अस्पताल में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।समाज और देश में तंबाकू के दुष्प्रभाव का ज़िक्र करते हुए बताया कि इससे कई के घातक बीमारी का जन्म देता हैसेहत के लिए तंबाकू का सेवन जानलेवा हो सकता है। तंबाकू या धूम्रपान व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक असर डालता है। इसके अलावा तम्बाकू का उपयोग से कैंसर या फेफड़े की बीमारी भी हो सकती है।

---

हत्या

### झारखण्ड के गढ़वा जिले के रमना प्रखंड में

# 50 से ज्यादा बार चाकू से गोदकर महिला की हत्या,पुलिस जांच में जुटी



राष्ट्रीय खबर

**गढवा :** झारखण्ड के गढ़वा जिले के रमना प्रखंड में एक महिला को 50 से ज्यादा बार चाकू से गोदकर मार डाला गया है।उसका शव उसके घर से करीब 2 किलोमीटर दूर एक पेड़ के नीचे से बरामद हुआ है। महिला का नाम शहीदा बीबी है।रमना थाना क्षेत्र के टंडवा गांव में बदबनी चौकीदारी महुआ पेड़ के समीप एक महिला की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गयी है। उसकी पहचान टंडवा निवासी जैनुल अंसारी की पत्नी शहीदा (30 वर्ष) बीबी के रूप में की गयी है।

महिला का शव उसके घर से लगभग दो किलोमीटर दूर बहियार खुर्द पंचायत व टंडवा के सियान पर बदबनी महुआ पेड़ के समीप पड़ा था।गाय चराने वाले ग्रामीणों ने इसे देखने के बाद इसकी जानकारी लोगों को दी। इसके बाद आसपास के ग्रामीणों ने वहां पहुंचकर मृतक की पहचान की। मृतक के शरीर के पूरे हिस्से में चाकू से 50 से ज्यादा वार किया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक का पति जैनुल अंसारी अभी बेंगलुरु में चालक का कार्य कर रहा है। उसे घटना की सूचना दी गयी।

बताया गया कि जैनुल अंसारी की शादी 10 वर्ष पूर्व शहीदा बीबी से हुई थी। घटना की सूचना पाकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी के साथ स्थानीय पुलिस अवर निरीक्षक विवेक पंडित ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेजा। साथ ही मामले की छानबीन शुरू की।शहीदा बीबी की इस तरह से निर्मम हत्या कैसे हुई, इसका पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने दोषियों को चिह्नित कर उसके खिलाफ कड़ी करवाई करने की मांग की है।इस संबंध में डीएसपी प्रमोद केसरी ने बताया की मामले की छानबीन शुरू कर दी गयी है।जल्द ही हत्या के कारणों का खुलासा करते हुए अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## उपायुक्त ने की मनरेगा एवं पीएम आवास योजना के प्रगति की समीक्षा



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राज्य सरकार के द्वार संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने मानव दिवस सृजन, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना,रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना, लंबित पीएम आवास की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने जिले के सभी बीडीओ को प्रतिदिन प्रत्येक गांव में पांच योजना चालू रखने का निदेश दिया ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराकर मानव दिवस सृजन में वृद्धि किया जा सके। मनरेगा योजना में खराब प्रदर्शन करने वाले प्रखंड हैदरनगर, मेदिनीनगर, पाटन पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए पंचायतवार समीक्षा कर प्रगति लाने का निदेश दिया। साथ ही कार्य में कोताही बरतने वाले रोजगार सेवकों पर कार्यमुक्त करने का अनुशंसा करने की बात कही।

### सोनाजोड़ी लैम्पस में गृह लक्ष्मी जमा वृद्धि योजना के

## खाताधारियों को भुगतान नहीं मिलने पर विरोध प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** जन संघर्ष मोर्चा पाकुड़ के द्वारा सहकारिता विभाग पाकुड़ द्वारा संचालित पाकुड़ और सोनाजोड़ी लैम्पस में गृह लक्ष्मी जमा बृद्धि योजना के खाताधारिओं के द्वारा अपने जमाराशि का भुगतान नहीं होने के विरोध में सिद्धो-कान्हु पार्क पाकुड़ से समाहरणालय पाकुड़ तक भुगतान मार्च मोर्चा के संयोजक हिसाबी राय के नेतृत्व निकाला गया।इस भुगतान मार्च में पाकुड़ एवं सोनाजोड़ी लैम्पस के खाताधारकों सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने भी भाग लिया। उक्त भुगतान मार्च में अनुग्राहित प्रसाद साह विशेष रूप से उपस्थित रहे।भुगतान मार्च समाहरणालय पाकुड़ पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई। इस अवसर संयोजक हिसाबी राय ने बताया कि बताया कि सहकारिता विभाग पाकुड़ द्वारा संचालित पाकुड़ एवं सोनाजोड़ी लैम्पस में लगभग तीन हजार ऐसे खाताधारी हैं जिन्होंने गृहलक्ष्मी जमावृद्धि योजना के तहत अपने दैनिक आमदनी का कुछ भाग बचाकर बरसों से जमा करते रहे हैं।सभी अत्यंत गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के लोग हैं।जिन्होंने अपने दैनिक बचत की राशि एजेंट के माध्यम से जमा करते रहे हैं।लेकिन परिपक्वता की अवधि पूरी होने के बाद भी वर्ष 2018 से खाताधारकों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण आन्दोलन का रास्ता अपनाया गया है। तदोपरांत जन संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा खाताधारिओं के भुगतान से संबंधित ज्ञापन उपायुक्त पाकुड़ श्री वरूण रंजन को उनके कार्यालय कक्ष में सौंपा गया।

## उपायुक्त ने दस मुसहर परिवार को सौंपा जमीन का पट्टा



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** राज्य में आवासन कर रहे मुसहर परिवारों को सभी सरकारी सहायता मुहैया कराए जाने संबंधी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के आलोक में आज जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे नीलांबर-पिताम्बरपुर प्रखंड के नौडीहा पंचायत अंतर्गत कोइरीपतरा गांव पहुंचे। यहां स्थानीय पंचायत भवन में उन्होंने 10 मुसहर परिवारों 1. खेलाकी मुसहर, पिता- बासुदेव मुसहर,2. बलराम मुसहर, पिता- जोधी मुसहर,3. कमेश मुसहर, पिता - स्व. रामवृक्ष मुसहर,4. मोहर मुसहर, पिता-सीताराम मुसहर,5. सीताराम मुसहर, पिता- रामगति मुसहर,6. विदेशी मुसहर, पिता - लधर मुसहर,7. उदय मुसहर, पिता- स्व. वृक्ष मुसहर,8. छोटू मुसहर, पिता- सीता मुसहर,9. भोला मुसहर, पिता- पिरथी मुसहर,10. गुलाबी मुसहर, पिता - मंटू मुसहर के बीच आवासीय भूमि का पर्चा वितरण किया। इस मौके पर उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि सरकार की ओर से आप सभी को तीन-तीन डिसमिल जमीन बंदोबस्त किया जा रहा है अब आप सभी यहां अपना घर बनाकर रह सकेंगे,घर बनाने के लिये आप सभी को अंबेडकर आवास योजना से जल्द ही लाभान्वित किया जायेगा। इतना सुनते ही मुसहर परिवारों के चेहरे पर मुस्कान आ गयी सबके चेहरे खुशी से झूम उठे। सभी ने एक सुर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उपायुक्त के प्रति आभार जताया।वहीं पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि मुसहर परिवार आज भी मुख्यधारा से कटा हुआ है उन्हें मुख्यधारा में लाना हम सबों का दायित्व है। उन्होंने उपायुक्त को इस कार्य हेतु साधुवाद दिया। मौके पर सदर एसडीएम राजेश साह,पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता,प्रखंड प्रमुख,स्थानीय मुखिया मनदीप मेहता समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पलामू की बेटी अंकिता शुक्ला बनी कॉमर्स टॉपर



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू के राजकीय गिरिवर प्लस 2 उच्च विद्यालय की छात्रा अंकिला शुक्ला ने कॉमर्स में 87।6 प्रतिशत लाकर जिले में टॉप किया है। चैनपुर प्रखंड के रांकी गांव निवासी अंकिता के पिता अखिलेश्वर शुक्ला गांव में ही एलआईसी के एजेंट हैं और माता रंजनी शुक्ला गृहिणी है। बेटी के रिजल्ट से माता-पिता सहित पूरा परिवार गदगद है। अंकिता ने अभी तक की पढ़ाई गांव में रहकर की है। मैट्रिक की परीक्षा में वह अपने स्कूल में टॉप की थी। अंकिता ने बताया कि वह अपने रिजल्ट से काफी खुश है। तैयारी के दौरान भरोसा था कि अच्छे मार्क्स आएंगे। लेकिन जिले में टॉप करेगी, ऐसा सोची भी नहीं था। वह घर से रोजाना कोचिंग के डाल्टनगंज जाया करती थी। इसके अलावा घर पर 5-6 घंटे सेल्फ स्टडी करती थी।अंकिता ने बताया कि उसके पास स्मार्ट फोन नहीं है। घर की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि पिता उसे मोबाइल दे सकें। लेकिन माता-पिता ने पढ़ाई में कोई कमी नहीं होने दी। साथ ही हमेशा पढ़ाई के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को जाता है। अंकिता आगे चल कर बैंक मैनेजर बनना चाहती है।अंकिता की मां रंजना शुक्ला बेटी की सफलता पर कहते हुए भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि अंकिता सीमित संसाधन में अपनी मेहनत के बल पर यह मुकाम पाई है। आज तक हमारे खानदान में किसी ने टॉप नहीं किया था। अंकिता की सफलता पर हमे बेहद खुशी है।

## पति ने प्रेमी को सौंपी अपनी पत्नी, एक माह पहले हुई थी शादी



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू जिस युवक ने सात जन्म तक साथ निभाने का वादा कर दुल्हन को घर लाया था, अब वह युवक अपनी दुल्हन को किसी और के साथ विदा कर रहा है. दरअसल दुल्हन अपने प्रेमी के साथ भाग रही थी, इसी क्रम में ग्रामीणों ने उसे देख लिया. फिर पति को खबर दी गई, पति ग्रामीणों के बीच पत्नी को उसके प्रेमी के हाथों में सौंपने की घोषणा कर दी. दुल्हन को परिजनों को बुलाया गया है, परिजनों की मौजूदगी में दुल्हन को उसके प्रेमी को विदा किया जाएगा। यह पूरा मामला पलामू के मनातू थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मनातू थाना क्षेत्र के बीच किला गांव निवासी सनोज कुमार सिंह की 10 मई 2023 को शादी हुई थी।सनोज कुमार सिंह की शादी पलामू के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के तुकार्डीह के रहने वाले प्रियंका कुमारी के साथ हुई है।प्रियंका कुमारी का अपने गांव के ही जितेंद्र विश्वकर्मा नामक एक युवक के साथ 2012 से ही प्रेम संबंध था।लेकिन जाति अलग होने के कारण परिजनों ने दोनों की शादी नहीं करवाई थी।

प्रेम संबंध की जानकारी होने के बाद प्रियंका कुमारी के परिजनों ने आनन-फानन में उसकी शादी सनोज कुमार सिंह के साथ करवा दी. लेकिन शादी के बाद भी प्रियंका अपने प्रेमी जितेंद्र के साथ मोबाइल से संपर्क में थी। मंगलवार को जितेंद्र प्रियंका को लेने मनातू पहुंचा था।प्रियंका जितेंद्र के साथ घर से निकल कर भाग रही थी। इसी क्रम में ग्रामीणों ने दोनों को देख लिया।ग्रामीणों ने दोनों को पकड़कर परिजनों के हवाले कर दिया और पूरे मामले की जानकारी सनोज कुमार सिंह को दी गई।सनोज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के हाथों में सौंप दिया।

सनोज कुमार सिंह ने पूरे मामले की जानकारी प्रियंका के परिजनों को दे दी है। फिलहाल प्रेमी और प्रेमिका एक साथ हैं। प्रियंका के परिजनों को बुलाया गया है। जिसके बाद उसे प्रेमी जितेंद्र के साथ विदा कर दिया जाएगा।परिजनों मामले की जानकारी पुलिस को भी दी है, पुलिस प्रियंका के परिजनों का इंतजार कर रही है. हालांकि लिखित रूप से पुलिस को किसी ने भी आवेदन नहीं दिया है।

---

## न्यूज फटाफट

### भारी मात्रा में नकली शराब बरामद



**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में अवैध देसी नकली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि डाल्टेनगंज से एक कार भारी मात्रा में अवैध देसी नकली शराब लेकर गढ़वा की ओर जा रहा है।इसी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शाहपुर मांगरदशा घाटी के पास छापामारी अभियान चलाकर अवैध देसी शराब को बरामद किया। अवैध नकली शराब के साथ आरोपी अजय कुमार सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### शबीना अदीब के सम्मान में अदबी संसार का मुशायरा



**मेदिनीनगर :** शहर के बैरिया चौक स्थित होटल क्राउन प्लाजा में अदबी संसार ने उर्दू जगत के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायरा शबीना अदीब के सम्मान में मुशायरा का आयोजन किया।अदबी संसार के संस्थापक एम. जे. अजहर, संरक्षक अमीन रहबर, अध्यक्ष इमरान शाद व नौशाद अहमद खां ने शबीना अदीब को संयुक्त रूप से शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया।पलामू जिले के कवि-शायरों की प्रकाशित हिंदी-उर्दू की कई पुस्तकें लाल ए सेहरा, मुशायरा, फूले विपिन पलाश, नींद खुली तन्हाई है आदि उन्हें पेश की। अदबी संसार के प्रतिनिधि मंडल ने सभी अतिथि कवि-साहित्यकारों शबीना अदीब सहित क्रमश: विनीत चौहान, सर्वेश अस्थाना, राजीव राज, हेमंत पांडेय को फूले विपिन पलाश का एक-एक अंक भेंट किया।मौके. पर कवि-शायरों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं पेश की।शबीना अदीब: *न दोस्तों के करम रहेंगे न दुश्मनों के सितम रहेंगे, फि ना के नजदीक है दुनिया न तुम रहोगे न हम रहेंगे।एक हो सकते नहीं हम सामने रहते हुए, तुम फलक हो मैं जमीं हूं तुम समझते क्यों नहीं।खताएं मुझसे हुई हैं लेकिन मुझे यकीं है तू बख़्श देगा, मैं हश्र के दिन पुकार लूंगी तेरे करम को सजा से पहले।अमीन रहबर हालात कह रहे हैं जमाने के दम ब दम, शीशा अगर बनोगे तो पत्थर भी आएगा।एम.जे.अजहर मेरी कमी उसे महसूस जिस घड़ी होगी, चमन से ढूंढने आएगी खुद बहार मुझे।नौशाद अहमद खां :रात की कोख में पलते हैं उजाले दिन के, जुस्तजू राह की मंजिल का पता देती है।इमरान शाद :गुम हुए लोग जो अंधेरों में, रौशनी उनको तुम दिखा देना।अध्यक्षता इमरान शाद व संचालन एम.जे.अजहर ने किया।

### विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस आयोजित



**पलामू :** हीलिंग फिल्ड फाउंडेशन के द्वारा हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान फाउंडेशन के द्वारा इलाके भर की युवतियों और महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली परेशानियों से बचाव के लिए कई जानकारियां दी गई।वहीं इस दौरान किसी भी बीमारियों से सुरक्षा को लेकर स्वच्छता का ख्याल रखने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक,पोस्टर और ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया।मौके पर बीपीएम ,डीपीएम, एएनएम स्वास्थ्य सहिया,जल सहिया , हीलिंग फील्ड फाउंडेशन के मनीष तिवारी के अलावे समूह के महिलाएं भी उपस्थित रहे।

### के0 के0 एम0 कालेज में सीएससी एसआरसीटी सेंटर का हुआ उद्घाटन



**पाकुड़ :** स्थानीय के० के० एम० कॉलेज पाकुड़ में सी आर सी व सी एस सी का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ० शिवप्रसाद लोहरा के द्वारा फीता काटकर किया गया! इस अवसर पर महिला कॉलेज पाकुड़ की प्राचार्या डॉ० सुशीला हांसदा और सी एस सी के ज़िला मैनेजर निखिल नागबंसी, श्रीमती संतोसिला हेंब्रम, डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन कंसल्टेंट संजीत कुमार निराला और कॉलेज के प्रधान सहायक श्री नीरज कुमार, स्टाफ एस आर सी संचालक जमाल विश्वास के अलावे कालेज के शिक्षक, कर्मचारी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे। सीएससी एसआरसी के द्वारा प्रदान की वाली सर्विस के बारे में जानकारी दी गई। प्राचार्य के द्वारा बताया गया की इस स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर के कॉलेज कैंपस में खुलने से विशेषकर कॉलेज के छात्र/छात्राओं को कई प्रकार की ऑनलाइन कार्य आसानी से और रियायती दर पर हो सकेगा और साथ ही अन्य डिजिटल सेवा पोर्टल से मिलने वाली सर्विस का लाभ ले सकेंगे और साथ ही प्राचार्य के द्वारा एस आर सी सेंटर संचालक को निर्धारित दर पर कालेज के छात्र/छात्राओं को ऑनलाइन से जुड़ी सभी आवश्यक सेवाएं बेहतर ढंग से प्रदान करने का निर्देश एसआरसी संचालक को देते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी।

### परिवहन विभाग ने किया दो ट्रैक्टर जप्त



**पाकुड़ :** उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन टास्क फोर्स की टीम के द्वारा निरंतर पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान मंगलवार को जिले के हिरणपुर प्रखंड, महेशपुर प्रखंड, पाकुड़िया प्रखंड व सदर प्रखंड में खनन टास्क फोर्स की टीम के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में अवैध तरीके से परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की गई है। कालिकापुर के पास गिट्टी लदा ट्रैक्टर की जांच की गई। जांच के क्रम में ट्रैक्टर संख्या जेएच 16एच/262 से कागजात की मांग की गई।उक्त ट्रैक्टर द्वारा कागजात दिखाया नही जा सका जिसके बाद ट्रैक्टर पर कार्रवाई करते हुए उसे जप्त किया गया। अंचल अधिकारी आलोक वरण केसरी द्वारा थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। वहीं मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चांचकी अंजना पथ पर चांदनगर के पास बिना नंबर की गिट्टी लदे ट्रैक्टर को परिवहन चालान के जांच के लिए रोका गया।

## शहर >> अपडेट

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोडरमा :** कोडरमा थाना अंतर्गत नीरू नावाडीह में एक युवक ने फांसी लागकर आत्महत्या कर लिया। उसकी पहचान विकास कुमार (उम्र 19 वर्ष, पिता राजेश दास ग्राम नीरू नावाडीह) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घर मे विवाद के बाद अपने कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को इसकी जानकारी बुधवार की सुबह हुई जब कमरे का दरवाजा खोला गया और पंखे से झूलते उस युवक का शव देखा।

## सिटी अपडेट्स >>

### डीएवी पब्लिक स्कूल ने तंबाकू निषेध दिवस पर दिया संदेश

**कोडरमा :** झुमरीतिलैया स्थित पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तंबाकू से बनाए रखे दूरी इस विषय पर शायंतिका मोदी, आरुष वर्णवाल, अंकिता रानी, विभोर मिश्रा और जिज्ञासा रानी ने भाषण प्रस्तुत किया। इन बच्चों का कुशल मार्गदर्शन विद्यालय की शिक्षिका प्रमोद बल्लारी खडंगा किया। ह्यतंबाकू का ना करे प्रयोग, इससे लगेगा रोगह्ल इस विषय पर आकृति कुमारी, प्रियांशु कुमार, अनस अली ,दिव्या राणा, सृष्टि कुमारी,गोल्डी कुमारी, अन्वी सेठ और अदिति कुमारी ने आकर्षक पोस्टर का निर्माण किया। इन बच्चों का कुशल मार्गदर्शन संगीता जेठवा ने किया। तंबाकू से बचाव के लिए अनुश्री दास, लावण्या देवराज, अरात्रिका सिन्हा, आयुषी कुमारी, सृष्टि कुमारी और प्रिय लक्ष्मी ने एक से बढ़कर एक नारे लिखे। इन बच्चों का मार्गदर्शन महजबीं प्रवीण ने किया। तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बच्चों ने जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया इसमें बच्चों ने लोगों के बीच जाकर इसके प्रयोग से होने वाले नुकसान से अवगत कराया। जिसमें आराध्या जैन, श्रेयांश, उमा ईशान और तुषार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आयोग की सदस्य जेएमएम जिला अध्यक्ष के घर पहुंच परिजनों से मुलाकात की

**कोडरमा :** दो दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंची राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रुचि कुजुर बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह के निधन पर शोकाकुल परिजनों से मिलने उनके पैतृक आवास जयनगर प्रखंड स्थित डडाडीह पहुंची और उनके चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पित किया। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही परिजनों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि कोडरमा जेएमएम जिला अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह का पिछले दिनों हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। मौके पर जेएमएम जिला प्रवक्ता संजय कुमार भी उपस्थित थे।

### दो दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**कोडरमा :** समर्पण एवं आरएमआई की ओर से जरगा स्कूल में आयोजित पियर एजुकेटर का दो दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हुआ। इस शिविर में बेंदी, जरगा एवं गझण्डी पंचायत के कुल 25 किशोर-किशोरियों ने भाग लिया। प्रशिक्षक संतोष कुमार वर्णवाल ने किशोर-किशोरियों के शारीरिक, मानसिक व बोद्धिक विकास के लिए बुनियादी अवधारणाओं की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न खेलों, गीतों एवं नाटकों के माध्यम से जीवन में शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। परियोजना समन्वयक आलोक सिन्हा ने कई किस्से और उदाहरणों के माध्यम से जीवन के सच्चाईयों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यकर्ता मनीष लहेरी ने किया। कार्यक्रम में राजेश कुमार, क्षेत्रीय कार्यकर्ता महेंद्र कुमार, बबीता देवी, राजेश कुमार आदि की अहम भूमिका रही।

---

**तंबाकू नियंत्रण** — आम लोगों में तंबाकू एवं इसके उत्पादों से होने वाले नुकसान से जागरूक करना है

# तंबाकू नियंत्रण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

▶▶ विभिन्न प्रखंडों में जाकर आमजनों को तंबाकू एवं इसके उत्पादों से होने वाले नुकसान से जागरूक करेंगी

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग, कोडरमा द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त आदित्य रंजन ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया। इसका मकसद आम लोगों में तंबाकू एवं इसके उत्पादों से होने वाले नुकसान से जागरूक करना है। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर आमजनों को तंबाकू एवं इसके उत्पादों से होने वाले नुकसान से जागरूक करेंगी। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ मनोज, दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शरद, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के डॉ. रमण कुमार, डीपीएम महेश, विनीत व अन्य मौजूद रहे।



### विश्व तंबाकू दिवस पर शपथ लिया, हस्ताक्षर अभियान चला

**सतगावां:** प्रखंड सह अंचल सभागार में बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस को लेकर शपथ समारोह व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित बीडीओ बैद्यनाथ उरांव ने उपस्थित कर्मचारियों व समाजसेवियों को तंबाकू का सेवन नहीं करने, तंबाकू से दूर रहने, जिंदगी चुने तंबाकू नहीं, भोजन चाहिए तंबाकू नहीं आदि विस्तार रूप से जानकारी दी। उपस्थित कर्मचारियों को पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं शपथ लेता हूं कि मै अपने जीवन में कभी भी किसी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद का सेवन नहीं करूंगा। मैं अपने परिजनों मित्रों या परिचितों को भी तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा। वहीं कार्यालय के बाहर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।मौके पर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी राहुल कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, लिपिक भरत कुमार, प्रखंड समन्वयक नीरज कुमार, महिला पर्यवेक्षिका मीना केसरी, रेखा कुमारी, प्रमोद कुमार बक्शी, मोहम्मद इसराईफिल, बलदेव पंडित, लिपिक लालन कुमार, आनंद कुमार, किशुन यादव, प्रसादी यादव, अजय कुमार, सुधीर कुमार, दीपक कुमार, विजय कुमार, विपुल कुमार, अजीत कुमार, शदानन्द प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## सैनिक स्कूल परिसर में हो रहे निर्माण कार्य को लेकर हुई बैठक



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** उप विकास आयुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में प्राचार्य सैनिक स्कूल, तिलैया की उपस्थिति में तिलैया स्कूल परिसर में बनाये जा रहे संरचना, भवन एवं भूमि संबधित कठिनाई के निराकरण हेतु बैठक आहूत किया गया। बैठक में सैनिक स्कूल, तिलैया के जमीन का सीमांकन, दाखील खरीज एवं लगान में हो रही कठिनाई के संबंध मे अंचलाधिकारी, चन्दवारा के द्वारा बताया गया कि दाखिल खरीज का कार्य लगभग हो गया है, रसीद कटाना शेष है। सितम्बर 2023 में राज्यपाल के संभावित आगमन कार्यक्रम के पूर्व सैनिक स्कूल, तिलैया में बनाये जा रहे संरचना, भवन को पूर्ण कराने का निदेश उपस्थित अभियंता, संवेदक को दिया गया। सैनिक स्कूल परिसर में बनाये गये स्वास्थ्य उप केन्द्र, कांटी को हैण्ड ओभर कर दिया गया है। प्राचार्य सैनिक स्कूल ने स्वास्थ्य उप केंन्द्र मे फर्नीचर एवं एक नर्स की प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया। प्राचार्य, सैनिक स्कूल तिलैया के द्वारा जिले में होने वाले सामाजिक गतिविधियों में तिलैया स्कूल के बच्चे की सहभागिता के लिए सहमति व्यक्त किया गया।

तंबाकू का खतरनाक धुंआ शरीर में जाता है और हार्ट में ब्लॉकेज कर देता है

## तम्बाकू एवं इसके उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ ली



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग, कोडरमा द्वारा सदर अस्पताल कोडरमा के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल में कार्यरत कर्मियों एवं उपचार हेतु आये लोगों को तम्बाकू एवं इसके उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के डॉ. रमण कुमार के नेतृत्व में दिलाया गया। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि तम्बाकू या इससे बने उत्पादों के प्रयोग से मुख का कैंसर जैसी खतरनाक बिमारी होती है। जब आप धूम्रपान करते हैं तो उसका धुंआ पूरे श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है, साथ ही फेफड़े को भी प्रभावित करता है, तंबाकू का खतरनाक धुंआ शरीर में जाता है और हार्ट में ब्लॉकेज कर देता है, जिससे दिल का दौरा पड़ने का रिस्क ज्यादा हो जाता है। इसके उपयोग का सीधा संबंध मुंह से होता है इसलिए ज्यादा तंबाकू खाने से मुंह का कैंसर होने की संभावना होती है। डॉ. रमण कुमार ने बताया कि तम्बाकू धीरे-धीरे हम लोग छोड़ सकते हैं क्योंकि एक प्रयास ही है, जो हमें धीरे-धीरे सफल बनाता है। उपाधीक्षक डॉ. मनोज कुमार नें बताया की तंबाकू का सेवन करने से ब्लड और हार्ट वेसल डैमेज होती हैं।

## दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** समाहरणालय सभागार में बुधवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, कोडरमा के सौजन्य से दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि जिले युवाओं को योजना से अच्छादित करते हुए प्रशिक्षित करें।

उन्होंने सभी पीआईएएस से कहा कि नियोजन कार्यालय, श्रम विभाग से सूची लेते हुए सभी युवाओं से संपर्क साधा करें और उन्हें प्रशिक्षण दें। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला नियोजन पदाधिकारी मो. इमरान फारूकी, जिला कृषि पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत जेएसएलपीएस के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## सांसद अन्नपूर्णा देवी ने जल शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने समाहरणालय स्थित जल शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने जल शक्ति केंद्र में बनाये गये कोडरमा जिला में जल संरक्षण की दिशा में होने वाले कार्यों को देखा और प्रशंसा की।

मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय व अन्य मौजूद रहे।

**पड़ताल** — ह्यूमन ट्रैफिकिंग रोकने के लिए उठाये जा रहे कदम की जानकारी प्राप्त की

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की कमिटी ने कोडरमा जिला का किया भ्रमण

▶▶ प्राथमिक बैठक के बाद आयोग की टीम ने मॉडल अंगनबाड़ी केंद्र लोचनपुर का निरीक्षण किया

▶▶ आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका विनोदनी अवध्या, सहायिका रीता देवी ने मॉडल केंद्र के बारे में जानकारी दिया



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की दो सदस्य रूचि कुजुर और आभा वीरेंद्र अकिंचन ने कोडरमा जिला का भ्रमण सह निरीक्षण कार्य किया। बाल संरक्षण आयोग दो दिवासीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम परिसदन भवन में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह, एलपीओ दिनेश कु पाल, सीडब्लूसी सदस्य शैलेश कुमार, अनिल सिंह, पंकज कुमार, डॉली प्रधान, महिला पर्यवेक्षिका पूनम कुमार, श्रवण कुमार कोर्डिनेटर चाइल्ड लाइन ने आयोग के सदस्य का स्वागत किया। प्राथमिक बैठक के बाद आयोग की टीम ने मॉडल अंगनबाड़ी केंद्र लोचनपुर का निरीक्षण किया, आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका विनोदनी अवध्या, सहायिका रीता देवी ने मॉडल केंद्र के बारे में जानकारी दिया,आयोग की टीम ने बच्चों के पढ़ाई की गुणवत्ता, उनके भोजन की व्यवस्था, साफ सफाई, बाथरूम की व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया। तत्पश्चात कोडरमा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण स्टेशन मास्टर रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में किया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सीडब्लूसी सदस्य और जिला टीम के साथ रेलवे स्टेशन से ह्यूमन ट्रैफिकिंग रोकने के लिए उठाये जा रहे कदम की जानकारी प्राप्त की। रेलवे पुलिस के एएसआई ओम प्रकाश सिंह, इंस्पेक्टर अंकुर कुमार, एएसआई शिबू सरदार ने निरिक्षण में साथ दिया। आयोग की टीम ने बाल मित्र थाना में जा कर नाबालिक बच्चों के ट्रेफाकिंग, बाल श्रम, बाल अपराध इत्यादि में उठाये जा रहें कदम की जानकारी प्राप्त किया।

---

## न्यूज फटाफट

### जिला ऊर्जा समिति की हुई बैठक

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला ऊर्जा समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई। सांसद ने विद्युत विभाग व केटीपीएस से कोडरमा जिला में बिजली आपूर्ति को लेकर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोडरमा जिलेवासियों में पर्याप्त मात्रा में बिजली मिले, सुनिश्चित करें। बिजली आपूर्ति से संबंधित किसी भी तरह की समस्या यथा लोडशेडिंग, शाड डाउन इत्यादि को दुरुस्त करे ताकि पर्याप्त मात्रा में लोगों को बिजली मिले। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग, केटीपीएस के प्रतिनिधि व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### घर मे सोते समय सर्पदंश से बालिका की मौत

**कोडरमा :** जिले के डोमचांच थाना के तेतरियाडीह में बुधवार की सुबह सर्पदंश से एक बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान अहिक कुमारी (उम्र 8 वर्ष, पिता मंटू मेहता) के रूप में हुई है। बच्ची के परिजनों ने बताया कि बच्ची घर में सो रही थी। इसी दौरान उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत बच्ची को मृत घोषित कर दिया। ज्ञात हो कि इससे पहले मंगलवार की सुबह भी जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के घुटीटांड़ में कुए पर नहाने के दौरान एक 10 वर्षीय बच्ची को जहरीले सांप ने डस लिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी।

### राशन डीलर की बेटी कॉमर्स मैं थर्ड स्टेट टॉपर बनी आर एल एस वाई इंटर कॉलेज के बच्चों ने दिखाया दम



**कोडरमा :** 12वीं वाणिज्य संकाय की स्टेट में तीसरा स्थान व जिला टॉपर बनने का गौरव आरएलएसवाई इंटर कॉलेज की छात्रा रिया केसरी को मिला है। रिया आगे चल कर सीए बनना चाहती है। रिया ने बातचीत में बताया कि उसका इरादा स्टेट टॉपर बनने का था लेकिन स्टेट में तीसरा स्थान पर ही संतोष करना पड़ा उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादी, माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। अपनी पुत्री के परीक्षा परिणाम पर माता रीना केसरी और पिता राशन दुकान संचालक अनिल कुमार केसरी काफी खुश हैं। रिया तीन बहनों में दूसरी नंबर पर है। रिया कि एक बड़ी और एक छोटी बहन है। रिया अपने परिवार के साथ शहर के ताराटांड में रहती है। रिया ने बताया कि कॉलेज के प्राचार्य जितेन्द्र बहादुर सिंह सभी पृध्यापकों शिक्षक प्रो. अभिषेक रंजन व एजुकेशन मोनास्ट्री के संचालक रंजीत वर्मा ने अच्छा मार्गदर्शन दिया। जिसका परिणाम सामने है। प्राचार्य जितेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा की कॉमर्स और आट्र्स मैं कई बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर न सिर्फ संस्थान का बल्कि पूरे कोडरमा जिले का मान बढाया है । इस बेहतर प्रदर्शन के लिए समूचे संस्थान के प्राध्यापक प्रशंसा के पात्र हैं और यह संस्थान के बेहतर कार्य माहौल का परिचायक है।

### कृषि विज्ञान केंद्र में ऊर्जा संरक्षण व उपयोग पर कार्यशाला आयोजित



**जयनगर :** प्रखंड के कृषि विज्ञान केंद्र कोडरमा में कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण एवं उपयोग पर एक कार्यशाला का आयोजन जरेडा के सहयोग से किया। वरीय वैज्ञानिक डॉ. चंचिला कुमारी ने संरक्षण व कम लागत तकनीक की जानकारी देते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र सोलर सिस्टम पर चल रहा है। वैसे ही प्रयास करें कि गांव भी सोलर के रूप में विकसित हो। वहीं विशेषज्ञ प्रभाकर झा ने कृषि क्षेत्र में ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर गहन चर्चा की एवं कृषि में उपयोग होने वाले मिशनरी के रखरखाव की भी जानकारी दी। कार्यशाला को डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. भूपेंद्र सिंह, मनीष कुमार, रूपेश रंजन आदि ने संबोधित किया। कार्यशाला में दर्जनों किसान मौजूद थे।

### पॉवर हाउस में काम के दौरान करंट लगने से विद्युत कर्मी घायल

**कोडरमा :** कोडरमा विद्युत पॉवर हाउस में बुधवार सुबह काम काम करने के दौरान अचानक करंट लग जाने से विद्युत कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार विद्युत कर्मी हीरोडीह निवासी 30 वर्षीय प्रकाश सिंह पिता विजय सिंह पावर हाउस में फिटर का काम कर रहा था। इसी क्रम में अचानक बिजली तार के चपेट में आ गया। उक्त कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### कोडरमा के वनरक्षियों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध

**कोडरमा :** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ द्वारा अपने मांगो को लेकर दिन काला बिल्ला लगाकर राज्यव्यापी विरोध दर्ज कराया गया। कोडरमा जिला संघ के समस्त सदस्य ने काला बिल्ला लगाकर अपने विभागीय कार्य का निष्पादन किया। संघ 2020 से झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली 2014 में पदोन्नति को बाधित करने और अन्य अलाभकारी परिवर्तन को लेकर पिछले 3 वर्षों से कई बार विरोध किया जो अगले एक सप्ताह तक जारी रहेगा। विदित हो कि वर्ष 2014 के वनरक्षी नियुक्ति नियमावली में स्पष्ट प्रावधान है कि वनपाल के शत प्रतिशत पदों को वनरक्षियों के पदोन्नति से भरा जायेगा। लेकिन इसके विपरीत वनपाल के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु नियमावली बनाया जा रहा है। उपस्थित सभी वनरक्षियों ने विभाग को आगाह किया कि सीधी नियुक्ति का प्रयास न करके वर्तमान में कार्यरत वनरक्षियों को अविलंब पदोन्नत करके वनपाल के पदों को भरा जाय।

### इंटर आट्र्स की परीक्षा में प्रखंड टॉपर बनी सगुफा सोनम

**सतगावां :** इंटर आट्र्स का रिजल्ट मंगलवार को घोषित हुआ। राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय बासोडीह की छात्रा सगूफा सोनम ने सतगावां प्रखंड में 410 अंक लाकर प्रखंड में पहला स्थान लाकर नाम रौशन किया है। वहीं दूसरे स्थान पर राज्य संपोषित 10+2 उच्च विद्यालय बासोडीह की छात्रा अंजली कुमारी व सोनू कुमार ने 401 अंक हासिल किए। उच्च विद्यालय बासोडीह की छात्रा संजना कुमारी ने 399 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल छात्र छात्राओं ने सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों प्रधानाध्यापक अवधेश पांडेय व ब्रिलियंट स्कूल के प्रधानाचार्य प्रभात कुमार को दिया। सगुफा सोनम ने कहा कि वह अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती है। पिता किसान और माता गृहिणी है।

## न्यूज फटाफट

### थाईलैंड ओपन : किरण ने किया उलटफेर, सिंधु हारीं



**बैंगकॉक :** युवा भारतीय शटलर किरण जॉर्ज ने थाईलैंड ओपन 2023 के पहले चरण में मंगलवार को उलटफेर करते हुए चीन के शी यू क्वी को मात दी, जबकि शीर्ष शटलर पीवी सिंधु हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयीं। विश्व रैंकिंग में 59वें नंबर के खिलाड़ी किरण ने मात्र 47 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में विश्व नंबर नौ यू क्वी को 21-18, 22-20 से परास्त किया। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व सिल्वर मेडलिस्ट यू क्वी का पहली बार सामना कर रहे किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की। किरण को लय हासिल करने में समय लगा लेकिन उन्होंने पहले गेम में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और स्कोर 16-16 पर बराबर कर लिया। चीनी शटलर ने बढ़त की स्थिति में वापस आना चाहा लेकिन किरण 21-18 से पहला गेम जीतने में सफल रहे। किरण ने दूसरे गेम में दमदार शुरुआत के साथ तेजी से छह अंक की बढ़त ले ली, हालांकि यू क्वी ने जल्द ही उनकी बढ़त समाप्त की और दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। ब्रेक तक किरण 11-10 से आगे चल रहे थे लेकिन ब्रेक के बाद चीनी शटलर ने अपने अनुभव का प्रदर्शन करते हुए उन्हें दबाव में रखा। यू क्वी 20-17 की बढ़त हासिल करने के बाद मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा सकते थे, लेकिन किरण ने ऐसा नहीं होने दिया और लगातार पांच पॉइंट स्कोर करते हुए उलटफेर को अंजाम दिया। दूसरी ओर, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु पहले चरण में कनाडा की मिशेल ली से 8-21, 21-18, 18-21 से हार गयीं। इस मैच से पहले मिशेल के खिलाफ नौ मुकाबलों में सिंधु का 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड था।

### वर्ल्ड कप में भाग लेने लिए पीबीसी से गारंटी लेगा आईसीसी



**नई दिल्ली :** एशिया कप 2023 को लेकर पाकिस्तान के साथ लगाता तनातनी देखने को मिल रही है। पाकिस्तान के पास एशिया कप की मेजबानी है। हालांकि, भारत ने वहां का दौरा करने से इनकार कर दिया है। इसके बाद पाकिस्तान की ओर से हाइब्रिड प्रारूप भी पेश किया गया जिसे खारिज किया जा चुका है। अब पाकिस्तान की ओर से दावा किया जा रहा है कि अगर हमसे एशिया कप की मेजबानी ली गई तो हम भी भारत में होने वाले वर्ल्ड कप में शामिल नहीं होंगे। वर्ल्ड कप की मेजबनी भारत के पास था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले और सीईओ ज्योफ एलार्डिस कथित तौर पर पाकिस्तान में हैं और बोर्ड से आश्वासन मांग रहे हैं कि वह भारत में विश्व कप के लिए अपनी टीम भेजेगा। एशिया कप 2023 के आयोजन स्थल को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच सहमति नहीं दिख रही है। क्ठउ के शीर्ष अधिकारी लाहौर में हैं और चाहते हैं कि ढउइ भारत में डउक्रविश्व कप के लिए हाइब्रिड मॉडल पर जोर न दे।पीसीबी के प्रमुख नजम सेठी ने कहा कि अगर मेन इन ब्लू एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं जाता है तो टीम 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं आएगी। आईसीसी और विश्व कप के मेजबान, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) नजम सेठी द्वारा पेश किए जा रहे हाइब्रिड मॉडल से चिंतित हैं, जो पीसीबी की क्रिकेट प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं। भारत और पाकिस्तान के मैच दर्शकों के लिए एक आशीर्वाद हैं क्योंकि दर्शक इन दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों को खेलते देखना पसंद करते हैं। इसके अलावा, चूंकि दोनों पड़ोसी देश द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेलते हैं, इसलिए उत्साह बढ़ जाता है।

**शेयर** बीसीसीआई ने घोषणा की थी कि एडिडास ब्रैंड भारतीय टीम के साथ जुड़ रहा है

# एडीडॉस ने शेयर की भारतीय क्रिकेट टीम की नई जर्सी के लुक, फैंस हुए खुश

▶▶ भारतीय टीम के खिलाड़ी प्रैक्टिस करने के दौरान नई जर्सी में दिखेंगे



**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के खत्म होने के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल मुकाबले के लिए कमर कस रही है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का फाइनल मुकाबला सात जून से लंदन के केनिंगटन ओवल मैदान में खेला जाना है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए टीम इंडिया के खिलाड़ी इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। वहीं भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने टेस्ट चैंपियनशिप के लिए इंग्लैंड में जोरदार प्रैक्टिस की शुरूआत कर दी है। इसी बीच भारतीय क्रिकेट टीम नए अंदाज में फाइनल मुकाबले में दिखेगी। एडिडास ने टीम इंडिया की नई ट्रेनिंग किट और जर्सी फैंस के बीच शेयर की है।

बता दें कि भारतीय टीम के खिलाड़ी प्रैक्टिस करने के दौरान नई जर्सी में दिखेंगे। इसे लेकर एडिडास ने प्रैक्टिस सेशन से टीम इंडिया के कुछ फोटोज शेयर किए है। एडिडास द्वारा प्रायोजित नए क्रिकेट गियर के साथ टीम इंडिया सबसे प्रत्याशित कार्यक्रम में भी जाएगी। गौरतलब है कि दुनिया के क्रिकेट फैंस क्रिकेट के इस महाइवेंट के आयोजन को लेकर बेहद उत्साहित है।

भारतीय टीम नई सफेद गेंद के साथ नई जर्सी में खेलने के लिए तैयार है। इस नई जर्सी की कई फोटो सोशल मीडिया पर जारी की गई है। इन्हें फैंस काफी शेयर कर रहे है। नई जर्सी का बेसब्री से इंतजार कर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के फैंस अब तक सामने आई फोटो को काफी पसंद कर रहे है। हालांकि अब तक पूरी जर्सी का लुक सामने नहीं आया है मगर कुछ झलकियों को देखकर भी फैंस काफी खुश है।

बीसीसीआई ने एडिडास के साथ किया करार

हाल ही में बीसीसीआई ने घोषणा की थी कि एडिडास ब्रैंड भारतीय टीम के साथ जुड़ रहा है। बीसीसीआई को खेल के परिधान के लिए एडिडास के रूप में नया प्रायोजक मिला है। नए प्रायोजक के लोगो वाली नई किट का अनावरण कर दिया गया है। वर्तमान में किलर जीन्स प्रायोजक है, जिसके साथ अनुबंध 31 मई को खत्म होगा। इसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम के प्रायोजक के तौर पर एडिडास होगा। वहीं नए एडिडास के लोगो वाली नई किट में खिलाड़ियों ने 26 मई को तस्वीरें भी पोस्ट की है। नई जर्सी में शार्दुल ठाकुर, उमेश यादव, राहुल द्रविड़, विक्रम राठौर समेत अन्य टीम के स्टाफ दिख रहे है।

## खेल जगत अपडेट्स

### गोरखपुर में बनाएंगे रोइंग प्रशिक्षण अकादमी : डॉ सहगल



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ नवनीत सहगल ने बुध्दवार को कहा कि खेल विभाग आरएफआई के साथ मिलकर गोरखपुर में रोइंग ट्रेनिंग एकेडमी की स्थापना करेगा। रामगढ़ताल की जेट्टी पर रोइंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होने आए डॉ सहगल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रामगढ़ताल में वाटर स्पोर्ट्स की असीम संभावनाओं को देखते हुये पहली बार रोइंग की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हुई है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का जायजा लेने आए रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ;आरएफआई. के शीर्ष पदाधिकारी भी मानते हैं कि रामगढ़ताल और यहां का वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं के लिए सर्वथा उपयुक्त है।

## अनुशासन बनाता है कोहली को सर्वश्रेष्ठ : हेज़लवुड

**एजेंसियां**

**लंकाशर:** ऑस्ट्रेलिया के तेज़ गेंदबाज़ जॉश हेज़लवुड का मानना है कि भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली का अनुशासन उन्हें अन्य खिलाड़ियों से बेहतर बनाता है। हेज़लवुड ने मंगलवार को आईसीसी के साथ बातचीत में कहा, ''मेरे खयाल वह जितनी मेहनत करते हैं, वह सबसे अलग है। सबसे पहले उनकी फिटनेस, और फिर उनका कौशल, बल्लेबाजी और फील्डिंग (उन्हें सबसे अलग बनाती है।'' उन्होंने कहा, ''वह हमेशा सबसे पहले ट्रेनिंग के लिये आत हैं और सबसे बाद में जाते हैं। वह जिस जुनून के साथ अभ्यास करते हैं वह इतना अधिक होता है कि दूसरों पर भी असर छोड़ता है। यह कई बार दूसरे खिलाड़ियों में भी सुधार ला सकता है।'' कोहली और हेज़लवुड सात जून से होने वाले



विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में आमने-सामने होंगे, हालांकि पिछले दो वर्षों में इन दोनों ने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिये खेलते हुए काफी समय साथ बिताया है। कोहली के अलावा हेज़लवुड आरसीबी में मोहम्मद सिराज के साथ भी समय बिता चुके हैं जो आगामी डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत के प्रमुख गेंदबाज होंगे। आईपीएल 2023 के 14 मैचों में 19 विकेट चटकाने वाले सिराज शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और हेज़लवुड का मानना है कि वह टेस्ट क्रिकेट में भी उतने ही घातक साबित होंगे। हेज़लवुड ने कहा, ''मैं इस साल (चोट के कारण) आईपीएल में थोड़ा देर से पहुंचा लेकिन उससे पहले ही वह शानदार प्रदर्शन कर रहे थे। वह हमेशा सबसे पहले विकेट चटकाते हैं और उनकी इकॉनमी भी बेहतरीन होती है।'' उन्होंने कहा, ''चिन्नास्वामी (आरसीबी का घरेलू मैदान) में गेंदबाजी करना आसान नहीं है, लेकिन वह लगातार छह या साढ़े छह की रनगति से ही रन देते थे। उनका नियंत्रण लाजवाब था और वह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।'' हेज़लवुड लंबे समय से एड़ी की चोट से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दिसंबर में हुई टेस्ट सीरीज से बाहर रहे थे।

## हम 'बाजबॉल' पर टिके रहेंगे : मैकुलम

**एजेंसियां**

**लंदन:** इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम ने घरेलू टेस्ट सत्र शुरू होने से पहले कहा है कि उनकी टीम छोटे-बड़े प्रतिद्वंदियों के खिलाफ बेखौफ क्रिकेट खेलना जारी रखेगी। इंग्लैंड को एक जून से शुरू होने वाले चार-दिवसीय टेस्ट मैच में आयरलैंड का सामना करना है, जबकि 16 जून से उसका सामना पांच मैचों की एशेज़ टेस्ट शृंखला में ऑस्ट्रेलिया से होगा। करीब डेढ़ साल पहले ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू सरज़मीन पर इंग्लैंड को 4-0 से हराया था, हालांकि मैकुलम के आगमन के बाद से पिछले एक साल में इंग्लैंड की क्रिकेट में बहुत बदलाव आया है। इंग्लैंड ने पिछले 12 में से 10 टेस्ट मैचों में जीत दर्ज की है और मैकुलम ऑस्ट्रेलिया का सामना भी सफलता के मंत्र ह्यबाज़बॉलह्ण के साथ ही करना चाहते हैं। मैकुलम ने कहा, जितना बड़ा दांव लगा होता है, उतना ही चीजों को सरल और तनावमुक्त रखने की जरूरत होती है। आपको वही करना है जो आपको सफलता का सबसे ज्यादा मौका देता है। संकट की आशंका दिखते ही आप अपने मंत्र से भाग नहीं सकते। उन्होंने कहा, जैसे ही आपको लगे कि दुनिया आपको देख रही है, आप अपना तरीका नहीं बदल सकते। आप यूं ही उस चीज से मुंह नहीं मोड़ सकते जिसने आपको सबसे ज्यादा सफलता दी है। आपको शांत रहने और जितना हो सके चीजों को सरल रखने की जरूरत है। इंग्लैंड के बल्लेबाज़ों ने हालिया बदलाव के बाद से पांच से अधिक की रनगति से रन बनाये हैं, जबकि गेंदबाजों



ने भी नियमित रूप से 20 विकेट चटकाते हुए जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आगामी सत्र में हालांकि प्रमुख गेंदबाजों के चोटग्रस्त होने के कारण इंग्लैंड के पास नये खिलाड़ियों को चुनने की चुनौती होगी। ओली रॉबिनसन (टखना), जेम्स एंडरसन (ग्रोइन) और जोफ्रा आर्चर (कोहनी) के चोटग्रस्त होने के बाद जॉश टंग आयरलैंड के विरुद्ध बुधवार को टेस्ट पदार्पण करेंगे। मैकुलम ने कहा, जब मैंने पहली बार यह काम संभाला, तो लोगों ने कहा कि इंग्लैंड क्रिकेट में ज्यादा गहराई नहीं है और मैं इससे पूरी तरह असहमत हूं। मुझे लगता है कि इस टीम में बहुत गहराई है और हमारे पास कई विकल्प उपलब्ध हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध होने वाली शृंखला के लिये कहा, आने वाले समय को लेकर बहुत उत्साह है। हर किसी के लिये यह सीरीज अनिश्चितता से भरी है।

### मेल एक्टर्स के बराबर पैसे लेने वाली इकलौती अभिनेत्री हूं

# कंगना रनौत



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत का कहना है कि मेल एक्टर्स के बराबर पैसे लेने वाली वह इकलौती अभिनेत्री हैं। कंगना रनौत का कहना है कि वह फिल्म इंडस्ट्री की पहली फीमेल एक्टर हैं जिन्हें पुरुष अभिनेताओं के बराबर फीस मिलती है। कंगना ने कहा कि जहां एक तरफ वे बराबरी के लिए लड़ती हैं वहीं कुछ बड़ी अभिनेत्रियां फ्री में फिल्म में काम करने के लिए तैयार हो जाती हैं। ऐसा वे इसलिए करती हैं कि जिससे उनका रोल किसी और न मिल जाए। कंगना ने कहा कि मेरे आने से पहले महिला अभिनेत्रियां इस पुरुषवादी सोच के दायरे में रहकर काम करती थीं। सबको बराबर पैसे मिले, इसके लिए सबसे पहले मैंने आवाज उठाई थी। मैंने देखा कि कुछ ए लिस्टर्स अभिनेत्री फ्री में काम करने को भी तैयार हैं।उन्हें इनसिक्योरिटी रहती थी कि कही उनका रोल किसी डिजर्विंग आदमी के पास न चला जाए। इसके बाद मीडिया में फेक आर्टिकल्स छपते हैं कि उन्होंने इस फिल्म के लिए सबसे ज्यादा रुपए चार्ज किए।

## अभी फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं आमिर खान

**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अभी फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। आमिर खान ने अपनी फिल्म ह्यलाल सिंह चड्ढाह्ण की असफलता के बाद से फिल्मों से ब्रेक ले लिया है। हाल ही में आमिर फिल्म ह्यकैरी ऑन जट्टा 3ह्ण की स्क्रीनिंग पर पहुंचे। इस दौरान जब आमिर से फिल्मों में वापसी करने को लेकर सवाल किया गया तब आमिर ने बताया कि फिल्हाल वह किसी भी फिल्म के लिए तैयार नहीं हैं। आमिर खान ने कहा, मैंने अभी तक कोई फिल्म करने का फैसला नहीं किया है। मैं अभी अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहता हूं। मैं इसके बारे में अच्छा महसूस कर रहा हूं क्योंकि मैं अभी यही करना चाहता हूं। जब मैं भावनात्मक रूप से तैयार हो जाऊंगा, तो मैं निश्चित रूप से फिल्म करूंगा।



### अंकुश राजा का नया गाना 'आंचरा ओढ़ावे के कब मिली' रिलीज

मुंबई : भोजपुरी स्टार अंकुश राजा का नया गाना 'आंचरा ओढ़ावे के कब मिली' रिलीज हो गया है। गाना 'आंचरा ओढ़ावे के कब मिलीह्ण को राजघराना फिल्म्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। 'आंचरा ओढ़ावे के कब मिली' गाने को लेकर अंकुश राजा बेहद एक्साइटेड नजर आए। उन्होंने कहा कि युवाओं के सेंटीमेंट को टच करता हुआ हमारा यह गाना है। हम भोजपुरी की ऑडियंस से अपील करेंगे कि आप इसे खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इस गाने में अंकुश राजा के साथ सपना चौहान की केमिस्ट्री नजर आ रही है। गाना 'आंचरा ओढ़ावे के कब मिली' के को - प्रोड्यूसर नीरज रणधीर हैं। निर्माता आदित्य कुमार झा, निर्देशक और कोरियोग्राफर लकी विश्वकर्मा है।

## अभिनेत्री सारा अली खान पहुंचीं श्री महाकालेश्वर मंदिर

**एजेंसियां**

**उज्जैन:** बॉलीवुड फिल्मों की अभिनेत्री सारा अली खान आज सुबह मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचीं। सुश्री खान ने मंदिर में श्री महाकाल के दर्शन के बाद विधि-विधान से पूजा की। वे मंदिर प्रबंधन की ओर से तय किए गए परिधान साड़ी में मंदिर पहुंचीं और दर्शन किए। सुश्री खान इसके पहले भी श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन और पूजन कर चुकीं हैं। कुछ समय पहले वे इंदौर में एक शूटिंग के लिए आईं थीं। इसी दौरान उन्होंने अपनी मां अमृता सिंह के साथ श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए थे।



### आमिर खान ने 'कपिल शर्मा शो' में शामिल नहीं होने की वजह बतायी

**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने कपिल शर्मा शो में शामिल नहीं होने की वजह बतायी है। फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' में पहुंचते हैं लेकिन आमिर खान कभी मेहमान बनकर इस शो में नहीं पहुंचे हैं। आमिर खान हाल ही में पंजाबी फिल्म 'कैरी ऑन जट्टा 3' के ट्रेलर रिलीज इवेंट में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इवेंट के दौरान उनकी मुलाकात कपिल शर्मा से हुई। इस दौरान आमिर खान ने कपिल शर्मा की तारीफ की। आमिर ने कपिल शर्मा से पूछा कि वह उन्हें उनके शो में क्यों नहीं बुलाते हैं? आमिर खान का यह सवाल सुनते ही कपिल शर्मा हंस पड़े। इस पर आमिर ने उनसे कहा कि उन्हें पता था कि यह सवाल वो उनसे करेंगे इसलिए उन्होंने पहले ही ये सवाल पूछ लिया। आमिर खान ने कहा कि कपिल शर्मा ने उन्हें जब भी बुलाया है उनकी फिल्मों के प्रमोशन के दौरान बुलाया है।आमिर खान ने कहा कि वह अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए नहीं आएंगे। इसके अलावा वह कभी भी इस शो पर हिस्सा लेने पहुंच सकते हैं। कपिल शर्मा ने कहा कि सेट पर उनका आना उनके लिए बड़े भाग्य की बात होगी। वह जरूर उन्हें शो में बुलाएंगे।

### विक्की-सारा ने किये हनुमान सेतु मंदिर और शिव मंदिर में दर्शन



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल और अभिनेत्री सारा अली खान ने लखनऊ के हनुमान सेतु और शिव मंदिर में दर्शन किये। सारा अली खान और विक्की कौशल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ह्यजरा हटके जरा बचकेह्ण के प्रमोशन में व्यस्त हैं इस बीच दोनों फिल्म के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे है। इस दौरान सारा और विक्की हनुमान सेतु पहुंचे और भगवान हनुमान से आर्शीवाद मांगा। इसके बाद दोनों लखनऊ के शिव मंदिर भी पहुंचे। विक्की और सारा की फिल्म ह्यजरा हटके ज़रा बचकेह्ण 02 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## प्रदेश >> अपडेट

### पानी में डूबने से दो बच्चों की मौत

**सतना :** मध्यप्रदेश के सतना जिले में पानी की टंकी में गिर जाने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बदेरा थाना क्षेत्र के परशुराम मोहल्ले में कल निर्माणाधीन कालेज की पानी की टंकी में गिरने से अनमोल और शिवम यादव की मौत हो गई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच में लिया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अजमेर :** राजस्थान में अजमेर के किशनगढ़ में आज अज्ञात कारणों से एक युवक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनगढ़ की सिंधी कालोनी निवासी जीतू फुलवानी (25) ने अज्ञात परिस्थितियों में घर पर ही फांसी लगा ली। . सूचना पर मौके पर पहुंची मदनगंज थानापुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। पुलिस जांच में जुटी है।

### खरगोन में पेट्रोल पंप से दो लाख रुपये से अधिक की चोरी

**खरगोन :** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बड़वाह के समीप काटकूट रोड पर स्थित पेट्रोल पंप से दो अज्ञात लोगों ने कैशियर को झांसे में डालकर दो लाख रुपये से अधिक की चोरी कर ली।

### पुष्कर सरोवर में हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डूबकी

**अजमेर :** राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में आज ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी, जिसे निर्जला एकादशी भी कहा जाता है, पर पवित्र पुष्कर सरोवर में हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगातार पुण्य कमाया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जबलपुर में 15 करोड़ में बनेगा न्यायिक अकादमी का भवन

**भोपाल :** प्रदेश के जबलपुर नगर में न्यू बायपास रोड और बरगी लेफ्ट केनाल के बीच 43.40 एकड़ क्षेत्र में एमपी ज्युडिशियल अकादमी का नया भवन 15 करोड़ रुपये लागत से बनेगा। इसके लिये लोक निर्माण विभाग ने टेण्डर जारी कर दिये हैं। टेण्डर मंजूर होने पर 4 माह के अंदर वास्तुविद एवं डिजायन देनी होगी जबकि 24 माह में निर्माण कार्य करना होगा और इसके बाद 12 तक मेंटीनेंस की गारंटी देनी होगी। अमानत राशि के रुप में दस लाख रुपये भी जमा कराना होगी।

### टीएनसीपी नियमों में 11 साल बाद बदलाव, सिटी प्लानर की एन्ट्री

**भोपाल :** राज्य सरकार ने 11 साल पहले बने मप्र नगर तथा ग्राम निवेश नियम 2012 में बदलाव का प्रारुप जारी किया है तथा इसमें चीफ सिटी प्लानर को शामिल किया गया है। ये बदलाव आगामी 10 जून के बाद प्रभावशील कर दिये जायेंगे। पहले प्रावधान था कि संचालक टीएनसीपी की सहायता हेतु राज्य सरकार सहायक संचालक, उप संचालक, संयुक्त संचालक, अपर संचालक और अन्य अधिकारियों को नियुक्त कर सकेगी परन्तु अब इसके स्थान पर प्रावधान किया गया है कि संचालक टीएनसीपी की सहायता हेतु राज्य सरकार मुख्य नगर निवेशक यानि चीफ सिटी प्लानर और अन्य अधिकारियों को नियुक्त कर सकेगी। इसी प्रकार, पहले प्रावधान था कि मास्टर प्लान या जोनल प्लान में उपांतरण हेतु भूस्वामी को आवेदन के साथ 5 हजार रुपये प्रति हैक्टेयर शुल्क जमा करना होगा परन्तु अब इस शुल्क को 10 हजार रुपये प्रति हैक्टेयर कर दिया गया है। ऐसे आवेदनों का परीक्षण करने के लिये संचालक टीएनसीपी की अध्यक्षता वाली समिति में अब जिला पंचायत का सीईओ जहां क्षेत्र पूर्णतः या अंशतः ग्रामीण क्षेत्र में आता है तथा संबंधित नगर विकास प्राधिकरण का सीईओ सदस्य नहीं रहेंगे।

अध्यादेश मामला

### माकपा के समर्थन के बाद भाजपा ने भ्रष्ट कहा

# दिल्ली अध्यादेश पर येचुरी ने भी केजरीवाल का समर्थन किया

राष्ट्रीय खबर




**नयी दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री दिल्ली के अध्यादेश के मुद्दे पर अब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का समर्थन भी हासिल करने में कामयाब हो गये हैं। माकपा नेता सीताराम येचुरी के साथ मुलाकात में यह बात निकलकर सामने आयी है। इसके एलान के बाद ही भाजपा ने कहा कि दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के लिए केंद्रीय अध्यादेश का विरोध करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समर्थन में आने वाले सभी लोगों को लोग भ्रष्टाचार के पक्ष में खड़े भ्रष्ट के रूप में देखेंगे। माकपा महासचिव सीताराम येचुरी द्वारा इस मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल को अपनी पार्टी के समर्थन का आश्वासन देने के बाद भाजपा की यह प्रतिक्रिया आयी है।भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने और दिल्ली और भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए अध्यादेश लाया गया है।

सुश्री लेखी ने आरोप लगाया, जो लोग अध्यादेश के खिलाफ खड़े हैं, उन्हें लोग भ्रष्ट के रूप में देखेंगे जो भ्रष्टाचार के पक्ष में खड़े हैं। उन्होंने कहा, जो लोग (केजरीवाल) से मिल रहे हैं, उनसे मैं अपनी तरफ से कहना चाहती हूं कि अगर आप भ्रष्ट हैं तो आपको उनके पक्ष में आना चाहिए। इतिहास आपके इस कृत्य को दर्ज करेगा। यह घटनाक्रम दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के माकपा कार्यालय में येचुरी से मुलाकात के बाद आया है। अरविंद केजरीवाल इस मुद्दे पर समर्थन जुटाने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं से मिल रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री और जद (यू) नेता नीतीश कुमार, उनके उप और राजद नेता तेजस्वी यादव, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख नेता उद्धव ठाकरे, राकांपा प्रमुख शरद पवार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मुद्दे पर आप के साथ एकजुटता का एलान कर दिया है।

भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर संघवाद पर हमला करने का आरोप लगाते हुए, श्री येचुरी ने इससे पहले दिन में केंद्रीय अध्यादेश की निंदा की और संसद में इसका विरोध करने के लिए आप को अपनी पार्टी का समर्थन दिया, जब इसे बदलने के लिए एक विधेयक लाया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) का समर्थन करने की भी अपील की और कहा कि दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर अध्यादेश की घोषणा संविधान का बेशर्म उल्लंघन है और यह दिल्ली की सरकार के साथ हो सकता है। ऐसा किसी भी गैर भाजपा सरकार के साथ हो सकता है।

**पहलवानों के सवाल पर दौड़कर भाग निकली**

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी को पत्रकारों ने घेरकर महिला पहलवानों के सवाल पर घेर लिया। भाषण देकर निकलते वक्त पत्रकारों ने उनसे यह सवाल किया था। यह सवाल सुनते ही वह दौड़कर जाने लगी। पत्रकारों में भी महिला पत्रकार थे जो दौड़ती हुए नेता से लगातार यह सवाल पूछते रहे। वह दौड़ती हुए सिर्फ एक लाइन बोली कि कानून अपना काम करेगा।

## आज सलकनपुर में देवी लोक महोत्सव में शामिल होंगे शिवराज



एजेंसियां

**सलकनपुर (सीहोर:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज प्रसिद्ध देवी मंदिर सलकनपुर में देवी लोक महोत्सव में शामिल होंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान मां बिजासन के धाम में बन रहे भव्य देवी लोक का भूमि-पूजन करेंगे। ये देवी लोक 211.37 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार होगा। इसके तहत 17 मई से शुरू हुई मां की पादुका यात्रा 28 मई तक गांव-गांव पहुंची। 'मेरे घर की मिट्टी माँ के चरणों में अर्पित' करने और प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रत्येक घर से ईंट/शिला का संकलन किया गया। देवी लोक निर्माण के लिए अन्य शक्तिपीठों से भी मिट्टी लाई गई। देवी लोक के लिए पहाड़ी के ऊपर मणिद्वीप की अवधारणा के आधार पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। मणिद्वीप, आदिशक्ति का निवास माना जाता है। देवी लोक में मणिद्वीप के अंतर्गत चौंसठ योगिनी प्लाजा, फाउंटेन प्लाजा, पर्यटक सुविधा केंद्र विकसित किया जा रहा है।

### अगले माह होंगे उपचुनाव

## 12571 पंचों, 68 सरपंचों एवं 11 नगरीय निकायों में पार्षद करेंगे भागीदारी



डॉ. नवीन जोशी

**भोपाल:** अगले माह 12571 पंचों, 68 सरपंचों, 5 जनपद सदस्यों एवं 2 जिला पंचायत सदस्यों एवं 11 नगरीय निकायों में पार्षदों के उपचुनाव होंगे। इसके लिये राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। संबंधित ग्राम पंचायत/ निर्वाचन क्षेत्र/वार्ड के क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। नगरीय निकायों के अंतर्गत नगर परिषद सतवास जिला देवास में वार्ड क्रमांक 5, नगर परिषद जौरा जिला मुरैना के वार्ड क्रमांक 18, नगर परिषद बिलहरा जिला सागर के वार्ड क्रमांक एक, नगर परिषद बांदरी जिला सागर के वार्ड क्रमांक 10, नगर निगम सतना के वार्ड क्रमांक 43, नगर परिषद बुढार जिला शहडोल के वार्ड क्रमांक 13, नगर निगम छिन्दवाड़ा के वार्ड क्रमांक 42, नगर पालिका डोंगरपरासिया जिला छिन्दवाड़ा के वार्ड क्रमांक 6, नगर परिषद रतनगढ़ जिला नीमच के वार्ड क्रमांक 13, नगर परिषद शाहपुर जिला बुरहानपुर के वार्ड क्रमांक 10 एवं नगर पालिका मंदसौर के वार्ड क्रमांक 27 में पार्षद पद पर 13 जून 2023 को उपचुनाव होंगे और 16 जून को मतगणना होगी व परिणाम घोषित होंगे। इसी प्रकार, प्रदेश के सभी 52 जिलों में पंचों के 12 हजार 571, सरपंचों के 68, जनपद पंचायत सदस्यों के 5 एवं जिला पंचायत सदस्यों के 2 पदों पर उपचुनाव होंगे। इनमें छतरपुर जिले में 107 पंचों एवं एक सरपंच, सतना जिले में 21 पंचों एवं 2 सरपंचों, सिंगरौली जिले में 2 पंचों, जबलपुर जिले में 255 पंचों एवं एक सरपंच तथा छिन्दवाड़ा जिले में 42 पंचों एवं 2 सरपंचों के उपचुनाव होने हैं। ये उपचुनाव 13 जून 2023 को होंगे एवं इसी दिन पंचों के पद पर हुये मतदान की गणना होगी ।

## खजुराहो के पास बनेगा विरासत वन स्थल



एजेंसियां

**भोपाल:** प्रदेश के छतरपुर जिले में खजुराहो मंदिर से चार किमी दूर लवकुश नगर क्षेत्र की 17 एकड़ भूमि पर विरासत वन स्थल बनेगा। इसकी डीपीआर बन गई है और इस पर कार्य प्रारंभ हो गया है। आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएम शिवराज सिंह चौहान वहां पौधरोपण के लिये आ सकते हैं। उक्त विरासत वन स्थल पर करीब सात करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे। इस स्थल पर मुख्य रुप से आध्यात्मिक उपवन, स्प्रीचुअल गार्डन्स और फारेस्ट एण्ड अर्बन कम्युनिटी जोन बनाये जायेंगे। नवग्रह वन, नक्षत्र वन, राशि वन एवं पंचवटी वन भी निर्मित किये जायेंगे। पार्किंग जोन एवं पर्यटकों के लिये फूड कोर्ट भी होंगे।

**तीन अन्य स्थलों पर भी बनेंगे सांस्कृतिक वन :**

सतना जिले के चित्रकूट में श्रीराम वन स्थल, उज्जैन जिले में महाकाल वन स्थल एवं राजधानी भोपाल के डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान में भी ये सांस्कृतिक वन बनेंगे। ये सभी पांच हैक्टेयर वाले क्षेत्र हैं। इनकी डीपीआर भी बन गई है। प्रत्येक सांस्कृति वन स्थल पर सात-सात करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे। दरअसल गुजरात में इस तरह के सांस्कृतिक वन काफी संख्या में बन गये हैं तथा वहां हर साल एक जिले का चयन ऐसे स्थल बनाने के लिये किया जाता है। पीएम नरेंद्र मोदी के सुझाव पर मप्र सरकार ने सांस्कृतिक वन स्थल बनाने का कार्यवाही प्रारंभ की है। विभागीय अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में पहले चरण में चार जिलों में सांस्कृतिक वन स्थल बनाये जाने हैं जिनकी डीपीआर बन गई है तथा इन पर कार्य प्रारंभ हो गया है। खजुराहो के विरासत वन स्थल पर 5 जून को सीएम के हाथें पौधरोपण कराये जाने का प्रस्ताव है।

## आप पार्टी तीन जून को उदयपुर में निकालेगी तिरंगा यात्रा




एजेंसियां

**उदयपुर :** राजस्थान के उदयपुर में आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा आगामी विधानसभा चुनाओ के मद्देनज तीन जून को संभागीय तिरंगा यात्रा निकाली जाऐगी। पार्टी के जिला सचिव ओमप्रकाश श्रीमाली ने बताया की जयपुर में 27 मई को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक एवं प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल ने उदयपुर शहर एवं ग्रामीण के पदाधिकारीगणो को जयपुर में शपथ दिलाई गई। उन पदाधिकारीगणो का आज उदयपुर में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें माला एवं पार्टी की टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होने बताया कि संवाद कार्यक्रम के दोरान 3 जून को संभाग स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली जाकर विधानसभा चुनाव का आगाज किया जावेगा। इस हेतु पार्टी द्वारा पोस्टर जारी किया गया।

**गुड न्यूज** बाड़मेर जिला प्रशासन के निर्देशों पर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा

# गोबर के लेप से तैयार हेलीपेड पर उतरेगा मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर

▶▶ करीब 15 महिलाएं और 6 पुरुषों ने मिलकर यह हेलीपैड तैयार किया है

एजेंसियां



**बाड़मेर :** राजस्थान में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे बाड़मेर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आगामी दो जून को गोबर से बने हेलीपैड पर अपना हेलीकॉप्टर लैंड करेंगे। मुख्यमंत्री की यात्रा को देखते हुए बाड़मेर जिला प्रशासन ने जिला मुख्यालय पर गोबर से अनूठा हेलीपैड बनाया है। गत एक सप्ताह से बाड़मेर के संजय स्टेडियम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हेलीकॉप्टर को लैंड करवाने के लिए खास अस्थायी हेलीपैड तैयार करवाया जा रहा है। बाड़मेर जिला प्रशासन के निर्देशों पर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा इस हेलीपैड का निर्माण करवाया जा रहा है। ग्रेवल से हेलीपैड के निर्माण के बाद गोबर के लेप से इस हेलीपेड को 15 के करीब महिलाएं अपने हाथों से बना रही है। देर रात तक इसके पूरी तरह से तैयार होने की उम्मीद है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों द्वारा हेलीपैड निर्माण की चौबीस घण्टे मॉनिटरिंग की जा रही है। मुख्यमंत्री के लिए बनाए जा रहे अस्थाई हेलीपैड के लिए किसी भी तरह की कंक्रीट या सीमेंट का उपयोग नहीं किया गया है। गेंहू की मजदूर सुमेरी देवी बताती है सुबह 7 बजे से हेलीपैड को बनाने का काम किया जा रहा है। करीब 15 महिलाएं और 6 पुरुषों ने मिलकर यह हेलीपैड तैयार किया है। वह बताती है लगातार चौथी बार वह हेलीपैड बनाने का काम किया है। इसमे गोबर,मिट्टी व पानी मिलाकर गीला पेस्ट तैयार किया जाता है। इसके बाद हाथो से इसकी निपाई की जाती है। मां जोग कंस्ट्रक्शन कंपनी के भंवर सिंह बताते है कि गोबर की निपाई होने से हेलीकॉप्टर लैंड करते समय रेत का गुब्बार नहीं उड़ेगा। रेगिस्तानी इलाका होंने के कारण यहां गोबर से हेलीपैड बनाया जा रहा है। वह बताता है कि अब तक करीब डेढ़ दर्जन ऐसे हेलीपैड का निर्माण करवा चुके है।

## न्यूज फटाफट

### ड्रोन हादसे के कारण रूस के तेल संयंत्र में आग लगी

**मॉस्को :** रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र में बुधवार तड़के एक ड्रोन दुर्घटना के कारण अफिप्स्की तेल रिफाइनरी में आग लग गयी। गवर्नर वेनामिन कोंद्रातिव ने टेलीग्राम पर कहा, सेवरस्की जिले में अफिपस्की तेल रिफाइनरी के क्षेत्र में आग लग गयी। कच्चे तेल का आसवन करने वाले प्रतिष्ठानों में से एक में आग लगी है। आग एक यूएवी मानव रहित हवाई वाहन के अफिपस्की तेल रिफाइनरी के क्षेत्र में टकराने से लगी। आग 100 वर्ग मीटर के क्षेत्र में लगी थी । इससे कोई हताहत नहीं हुआ है। श्री कोंद्रातिव ने बताया कि संयंत्र के अग्निशमन दल, साथ ही रूसी आपातकालीन स्थिति मंत्रालय और आपातकालीन सेवाओं के अग्निशामकों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### पोल्ट्री फार्म में गोलाबारी में चार की मौत,16 घायल

**लुहांस्क :** यूक्रेन से अलग होकर खुद को स्वतंत्र देश घोषित करने वाले लुहांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) में करपाटी गांव के एक पोल्ट्री फार्म में हुई गोलाबारी में चार लोगों की मौत हो गयी और 16 अन्य घायल हो गये। यूक्रेन के युद्ध अपराधों से संबद्ध संयुक्त नियंत्रण एवं समन्वय केंद्र (जेसीसीसी) स्थित एलपीआर कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। कार्यालय ने टेलीग्राम पर कहा, ''30 मई, 2023 की रात को, यूक्रेनी सशस्त्र संरचनाओं ने पेरेवलस्क जिले के करपाटी गांव में एक पोल्ट्री फार्म पर गोलाबारी की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हमले में चार निर्माण श्रमिक मारे गये और 16 लोग घायल हो गये।'' कार्यालय ने बताया कि गोलाबारी में पोल्ट्री फार्म की इमारत क्षतिग्रस्त हो गयी।

### शहबाज ने इमरान के बातचीत की पेशकश को ठुकराया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में 09 मई को हुए दंगों और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थकों द्वारा किए गए हिंसक प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में पूर्व प्रधानमंत्री एवं पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान के बातचीत की पेशकश को सिरे से खारिज कर दिया है। खान की पार्टी के साथ बातचीत के विकल्प को सिरे से खारिज करते हुए प्रधानमंत्री शहबाज ने मंगलवार को कहा कि जो लोग 09 मई को सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने में शामिल रहे हैं, उन्हें राष्ट्र विरोधी कार्यों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री शहबाज ने एक ट्वीट में कहा कि संवाद लोकतंत्र के विकास की कुंजी है, लेकिन इसे राजनेताओं की आड़ में 'अराजकतावादियों और आगजनी करने वालों' के साथ नहीं किया जा सकता। शहबाज का यह बयान पूर्व प्रधानमंत्री खान द्वारा शासन से तत्काल बातचीत करने की अपील करने के कुछ दिनों बाद आया है। गौरतलब है कि इससे पहले खान ने वर्तमान शासक को चोर कहा था और यह घोषणा की थी कि वह उनके साथ कभी बातचीत नहीं करेंगे।

### न्यूजीलैंड के स्नेरेस द्वीप समूह में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए

**ऑकलैंड :** न्यूजीलैंड के ऑकलैंड के स्नेरेस द्वीप में बुधवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गयी। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। द स्नेरेस आइलैंड्स, जिसे आम बोलचाल की भाषा में द स्नेरेस के नाम से जाना जाता है, निर्जन द्वीपों का एक समूह है जो न्यूजीलैंड के दक्षिण द्वीप से लगभग 200 किमी दक्षिण और स्टीवर्ट द्वीप के दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में स्थित है। भूकंप का केंद्र सतह से 10.0 किमी की गहराई और 49.5951 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 163.9168 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। अभी तक किसी के हताहत की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

### वियना के अस्पताल में आग लगने से तीन की मौत

**वियना :** ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना के समीप मोएडलिंग कस्बे के एक अस्पताल में मंगलवार सुबह आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को दी। ऑस्ट्रिया की समाचार एजेंसी एपीए ने कहा कि मोएडलिंग स्टेट हॉस्पिटल की तीसरी मंजिल पर एक कमरे में मंगलवार देर रात एक बजे के आसपास आग लग गई जिससे तीन पुरुष मरीजों की मौत हो गई। एपीए के अनुसार, इस हादसे में एक महिला भी घायल हो गई और लगभग 90 रोगियों को अस्पताल से सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस ने मंगलवार रात को संभावना व्यक्त किया कि शायद यह आग पीड़ितों में से एक 75 वर्षीय व्यक्ति के सिगरेट पीने के कारण लगी हो।

### हरदा में दर्दनाक सड़क हादसा,चार कार सवारों की जिंदा जलने से मौत

**हरदा :** मध्यप्रदेश के हरदा जिले में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार कार सवार लोगों की गाड़ी में जिंदा जलने से मौत हो गई। टिमरनी पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के नौसर गांव में हुए इस हादसे में अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई, जिसके बाद उसमें आग लग गई। घटना इतनी भीषण थी कि गाड़ी में बैठे लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। पुलिस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार में सवार चारों लोगों के शव बुरी तरह से जल गए। दुर्घटनाग्रस्त कार हरदा जिले के ग्राम बरकला (चारखेड़ा) निवासी अखिलेश पिता महेश कुशवाहा के नाम से रजिस्टर्ड है। शवों की शिनाख्त की जा रही है।

### अवैध हवाला कारोबारी की दुकान से 50 लाख रुपये से अधिक राशि बरामद, दो गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़ :** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ शहर में अवैध हवाला कारोबारी की एक दुकान से 50 लाख रुपये से अधिक राशि बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है वहीं एक नाबालिग को हिरासत में लेकर बाल सम्प्रेषण गृह भिजवाया गया है। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि शहर के न्यू क्लॉथ मार्केट स्थित मोबाइल की दुकान पर कोतवाली थाना पुलिस ने छापा मार कर दुकान में चलाए जा रहे अवैध हवाला कारोबार के तहत कार्यवाही करते हुए 50 लाख रुपये से अधिक नगद राशि जब्त की है। तलाशी में नगद राशि के अलावा नोट गिनने की मशीन, ब्लेंक चैक, डीवीआर, अलग अलग कंपनी की सीलें आदि जब्त किए गए।

## आज का इतिहास

- ▶▶ 1746 : फ्रांसीसी सेना ने एंटवर्प पर कब्जा किया।
- ▶▶ 1819 : गाल में सेरामपुर कॉलेज की स्थापना की गयी।
- ▶▶ 1835 : कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में अध्यापन कार्य शुरू हुआ।
- ▶▶ 1874 : ईस्ट इंडिया कंपनी को भंग कर दिया गया।
- ▶▶ 1880 : पहली पे-फोन सेवा शुरू की गयी।
- ▶▶ 1916 : जर्मनी की सेना ने वर्दुन के फोर्ट वॉक्स पर हमला किया।
- ▶▶ 1922 : रॉयल अलस्टा पुलिस की आधिकारिक तौर पर स्थापना की गई।
- ▶▶ 1927 : अमेरिका और कनाडा के बीच शांति संबंध बहाल हुये।
- ▶▶ 1930 : भारत की पहली डीलक्स ट्रेन डेक्कन क्वीन बॉम्बे वीटी से पुणे के बीच चली।
- ▶▶ 1941 : ब्रिटिश सेना ने इराक की राजधानी बगदाद पर कब्जा कर लिया।
- ▶▶ 1948 : इजरायल और अरब देश संघर्ष विराम पर राजी हुये।
- ▶▶ 1965 : जापान के फुकुओका क्षेत्र में कोयला खदान में विस्फोट होने से लगभग 250 लोगों की मौत।
- ▶▶ 1969 : कनाडा में रेडियो और टीवी पर तम्बाकू उत्पाद तथा उनसे संबंधित विज्ञापनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया।
- ▶▶ 1970 : पहली जून को ही ब्रिटेन के प्रधानमंत्री हैरॉल्ड विल्सन के ऊपर एक चुनावी सभा के बाहर अंडा फेंका गया।
- ▶▶ 1980 : केबल न्यूज नेटवर्क (सीएनएन) टेलीविजन नेटवर्क का पहली बार प्रसारण शुरू हुआ।
- ▶▶ 1992 : भारत एवं इजरायल के बीच हवाई समझौता हुआ।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची गुरुवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
1-06-2023

## कमांडेंट दीपक सिंह मिले सीएम हेमंत से

रांचीः भारतीय तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड, उत्तर-पूर्व, क्षेत्रीय मुख्यालय, कोलकाता) के महानिरीक्षक (आईजी) इकबाल सिंह चौहान एवं कमांडेंट दीपक सिंह ने आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने आइजी इकबाल सिंह चौहान से झारखंड में भारतीय तटरक्षक बल के कार्यों से संबंधित जानकारी ली।

**लव जिहाद** मॉडल ने आरोपी पर मुंबई में दर्ज कराया जिरो एफआईआर

# मॉडलिंग की कोचिंग चलानेवाले तनवीर अख्तर पर लव जिहाद का आरोप

### मामले की जांच कर रही है रांची पुलिस

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** झारखंड में लव जिहाद का मामला सामने आया है। मुंबई में रहने वाली एक मॉडल ने रांची में मॉडलिंग की कोचिंग चलाने वाले तनवीर अख्तर पर लव जिहाद का आरोप लगाया है। मॉडल ने आरोपी पर मुंबई में दुष्कर्म का केस दर्ज करवाया है ये केस जिरो एफआईआर के रूप मे दर्ज कराया गया है जिसके आधार पर मुंबई पुलिस ने आगे की जांच कि लिए मामले को रांची पुलीस को रेफर कर दिया है, घटना राजधानी के गोन्दा थाना क्षेत्र की है। ऐसे में गोन्दा थाना पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने दुष्कर्म के एफआइआर की पुष्टि की है। रांची पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। दोषी बचेगा नहीं। जानकारी के अनुसार, मूलरूप से बिहार की रहने वाली एक लड़की माडलिंग का गुर सीखने रांची आई थी। मॉडलिंग सीखानेवाले तनवीर अख्तर ने खुद को यश (हिन्दू) बता कर उससे दोस्ती की। अब उसपर धर्म परिवर्तन करने और शादी करने का दवाब डाल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी 2021 से ही उसके साथ दुष्कर्म करता रहा और अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता रहा। तनवीर ने किसी को बताने पर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी।

मॉडल ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें दावा किया है कि तनवीर के हरकत से परेशान हो कर वो रांची छोड़कर मुंबई आ गई लेकिन वह पीछा करते हुए मुंबई आ गया। पीड़िता का कहना है कि तनवीर हर हाल में उसकी मर्जी के खिलाफ शादी करना चाहता है। परेशान हो कर मॉडल ने मुंबई पुलिस से शिकायत की है। उसने आगे बताया कि तनवीर ने उसकी कुछ आपत्तिजनक फोटो उसकी मां और भाई को भी भेज दी थी। उस समय मैंने अपनी जिंदगी खत्म करने की सोच ली थी लेकिन एक जाननेवाले ने उसे ऐसा करने से रोका। वहीं, इसी बीच उसे मजबूरी में बैंकॉक शूट पर जाना पड़ा, जहां आरोपी ने उसके साथ फिर दुष्कर्म किया। इससे पहले आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद तनवीर ने फिर से परेशान नहीं करने की बात कही और उससे शिकायत वापस लेने को कहा।

## हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में गोली चलाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में गोली चलाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम तल्हा उर्फ साहेब है। 29 मई की शाम को परिवार विवाद के लेकर तल्हा उफ साहेब ने हिन्दपीढ़ी थाना गोली चलाकर फरार हो गया था। इस गोली बारी की घटना में इरफान बाल बाल बच गया था। गोली चलने की आवाज से वहां भीड़ लगने लगी यह देखकर अभियुक्त तल्हा उर्फ शाहेब वहां से हिन्दपीढ़ी थाना की ओर भाग गया।30 मई को अभियुक्त तल्हा उर्फ शाहेब देशी कट्टा लेकर बड़ा तालाब छठ घाट, दुर्गा मंदिर के पास घुम रहा है, जिसकी सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची को मिली। इसके बाद पुलिस अधीक्षक नगर के नियंत्रण में पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया तथा अभियुक्त को उक्त स्थान से पकड़ लिया गया। पकड़े गये अभियुक्त की बदन तलाशी के कम में एक देशी कट्टा एवं एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया, जिसे वहां सूची बनाकर जब्त किया गया तथा अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।इसके बाद गिरफ्तार तल्हा उर्फ शाहेब से पूछताछ करने पर बताया कि इनके द्वारा छाता मस्जिद के पास मो० इरफान के उपर फायरिंग करने के बाद शिवाजी चौक, हिन्दपीढ़ी होते हुए बड़ा तालाब की ओर भाग गया। इसी क्रम में अभियुक्त ने एक हथियार बड़ा तालाब में फेंक दिये। जिसका बाद में बड़ा तालाब में काफी खोजबीन किया गया परन्तु बरामद नही हो पाया।

## दिनेश गोप की जिप्सी को खूंटी पुलिस ने जमीन से खोद कर निकाला

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** खूंटी पुलिस ने पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप की जिप्सी को जमीन से खोद कर बाहर निकाला है। पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप अपनी इस जिप्सी को 8 साल पहले जमीन में गाड़ कर छुपा दिया था। पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप द्वारा इस जिप्सी को विद्या विहार पब्लिक स्कूल, गरई, रनिया के समीप जंगली क्षेत्र में जमीन में गड्ढा खोद कर छिपा दिया गया था, जो आज तक वहीं पड़ा हुआ था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके में विस्तृत सर्च अभियान चलाया। उस जगह की खुदाई करने पर एक गहरे हरे रंग की जिप्सी जर्जर अवस्था में पायी गयी। मामले की जांच कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।दिनेश गोप द्वारा इस वाहन को लातेहार से मंगवाया गया था। प्रारम्भ में इस वाहन का रंग सफेद था जिसे दिनेश गोप द्वारा गहरा हरा रंग करा दिया गया था। प्राप्त सूचना के अनुसार दिनेश गोप इस वाहन में स्वयं हथियारबंद दस्ता के साथ घूमता था।

## देर शाम ईडी ऑफिस पहुंचे कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव, पूछताछ शुरू

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव बुधवार की शाम पांच बजे प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) के रांची जोनल ऑफिस पहुंचे। जिसके बाद उनसे ईडी के अधिकारियों के द्वारा पूछताछ की जा रही है। बताते चलें कि मनी लॉउंड्रिंग के आरोप में ईडी की टीम ने कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव सहित सात लोगों के 13 ठिकानों पर छापा मारा था। ईडी की टीम ने मंगलवार की सुबह रांची के छह, गोड्डा के चार और दुमका के तीन ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान गड़बड़ी और निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले हैं।छापेमारी के बाद प्रदीप यादव के रांची स्थित आवास को सील कर दिया गया है। बुधवार को उन्हें रांची बुलाया गया था। प्रदीप यादव का मोबाइल मंगलवार सुबह चार बजे से स्विच ऑफ बता रहा है। इस बाबत उन्होंने इडी से कहा है कि उनका मोबाइल फोन खो गया है। इडी की टीम को दुमका के मिक्की आर्यन कंस्ट्रक्शन कंपनी के अजय कुमार झा उर्फ मिक्की झा के ठिकाने से 60 लाख रुपये और काफी दस्तावेज मिले हैं। यह राशि और दस्तावेज जब्त कर लिए गये हैं। अजय झा कुछ बड़े राजनेताओं का करीबी बताया जाता है। इडी ने यह छापेमारी आयकर विभाग द्वारा चार नवंबर 2022 को प्रदीप यादव के ठिकानों पर हुई छापेमारी के बाद दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के आधार पर की है।

## सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के कैडेटों के लिए स्पोर्ट्स किट की खरीद में लगा खेल विभाग

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः**साझा (झारखंड खेल प्राधिकरण, खेल विभाग, झारखंड) अपने सेंटर ऑफ एक्सेलेंस (एकलव्य खेल केंद्र) के कैडेटों के लिए स्पोर्ट्स कीट की खरीद करेगा। इसके लिए उसने टेंडर नोटिस जारी कर दिया है। इस क्रम में उसकी ओर से करीब 200 कैडेटों के हिसाब से ट्रैक सूट, वार्म-अप शूज, शॉक्स, टी-शर्ट, किट बैग और कैप वगैरह योग्य एजेंसियों से लिया जाना है। 6 जुलाई तक इसके लिए आवेदन किए जा सकते हैं। इसी दिन साझा के मोराबादी, रांची स्थित ऑफिस में इसे खोला भी जायेगा। साझा की ओर से जारी सूचना के मुताबक ऐसे ही बिडर्स आवेदन करेंगे जिनका सालाना टर्न ओवर कम से कम 20 लाख रुपये का हो। खेल सामग्रियों की आपूर्ति के काम में उसका कम से कम तीन सालों का अनुभव हो। साझा की वेबसाइट के जरिये टेंडर प्रक्रिया में शामिल हुआ जा सकता है। टेंडर डॉक्यूमेंट फीस के तौर पर बिडर्स को 6 हजार रुपये लगेंगे जबकि इएमडी के तौर पर 2 लाख रुपये जमा करने होंगे। गौरतलब है कि फिलहाल साझा की ओर से कुल तीन सेंटर ऑफ एक्सेलेंस का संचालन हो रहा है। इनमें से 2 आर्चरी जबकि एक हॉकी के हैं। प्रत्येक की क्षमता 64 कैडेटों की है। कोरोना के कारण पिछले वर्ष स्पोर्टस किट की खरीद नहीं की जा सकी थी।

### धुर्वा के मौसी बाड़ी में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस



**रांची**ः राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित मौसी बाड़ी इलाके में एक शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान कीनू बेदिया के रूप में हुई है और वह रामगढ़ का रहने वाला था। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद धुर्वा थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और जांच में जुटी हुई है। धुर्वा थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है और इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## इटकी से टाटकुंडो पथ का चौड़ीकरण : 55 लोगों की 4.602 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**पुनर्जीवित परियोजना के तहत पथ निर्माण विभाग द्वारा इटकी पावर हाउस से दरहाटांड़-झिंझरी टटकुंदो पथ का चौड़ीकरण किया जाना है। इस पथ के चौड़ीकरण के लिए 55 लोगों की जमीन का अधिग्रहण किया जायेगा। इसको लेकर जिला भू-अर्जन ऑफिस रांची ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, इटकी पावर हाउस से टाटकुंडो पथ के चौड़ीकरण के लिए इटकी मौजा, ठाकुरगांव थाना और इटकी अंचल में 4.602 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जायेगी। हितबद्ध व्यक्ति या अन्य द्वारा अब इन चिन्हित जमीन की खरीद-बिक्री नहीं की जा सकती है। साथ ही इस पर किसी तरह की संरचना नहीं खड़ी की जा सकती है। अगर हितबद्ध व्यक्ति को जमीन से संबंधित शिकायत करनी है, वो 60 दिनों के अंदर भू अर्जन ऑफिस में दर्ज करा सकते हैं।इटकी पावर हाउस से दरहाटांड़-झिंझरी टटकुंदो पथ के चौड़ीकरण के लिए मंगल मोची, थोमस केरकेट्टा, ठठु केरकेट्टा, हीरा केरकेट्टा, रामकी सोर, अभूरन केरकेट्टा, रामेश्वरनाथ शाहदेव, गणेश साव, छेदी साव, सुधीर साव, बलिया मियां, सकील हाजी, मो अकील, तबरेज आलम, मो हबीबुल्लाह, जयतुन निसा, बिरसा उरांव, विनोद भगत, गोपाल महतो, सलेंद्रा महतो, रामचरण महतो, असमारक, जोगेंद्र महतो, लखन महतो, बांसी महतो, दिनेश्वर महतो, गपज महतो, मनोज महतो, राजेश्वर महतो, गुरु चरण, फुलेसर भगत, नंद भगत, विसराम भगत, विजय उरांव, अशोक भगत, सुरेश हजाम, सुजाता देवी और अरुण हजाम की जमीन का अधिग्रहण किया जायेगा।

### कथा वाचक राजन जी महाराज 5 जून को रांची आयेंगे



**रांची**ः श्री राम कथा वाचक राजन जी महाराज 5 जून को रांची आयेंगे। अयोध्या से लखनऊ होते हुए रांची एयरपोर्ट पर दिन के 12:30 बजे पहुंचेंगे, जहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। यहां से सड़क मार्ग से राजन महाराज लातेहार जाएंगे, जहां पर निःशुल्क श्री अन्नपूर्णा भोजनालय सहित कई धार्मिक कार्यों का उद्घाटन कर उपस्थित भक्तों को आशीर्वचन देंगे। श्री राम कथा आयोजन समिति के मुख्य यजमान प्रेमचंद श्रीवास्तव ने आयोजन समिति के सभी धर्म प्रेमियों से 5 जून को दोपहर 12:30 बजे एयरपोर्ट पहुंचकर महाराज जी का स्वागत व अभिनंदन करने का आग्रह किया है।

### एनआईए ने खूंटी, सिमडेगा और गुमला से बरामद किये हैं भारी मात्रा में विस्फोटक

**रांचीः** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले दो दिनों में पीएलएफआई टेरर फंडिंग मामले में झारखंड पुलिस के सहयोग से चलाए गए ऑपरेशन के दौरान बड़ी मात्रा में विस्फोटक, हथियार और कारतूस बरामद की है। यह बरामदगी पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप की निशानदेही पर एनआईए की टीम ने कार्रवाई करते हुए खूंटी, सिमडेगा और गुमला जिले से की है।एनआईए और झारखंड पुलिस ने 29 मई को खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र के झरियाटोली और गरई से लगभग 62.3 किलोग्राम जिलेटिन और 5.56 मिमी की 732 राउंड गोलियां बरामद की। उसी दिन गुमला जिले के कामडारा क्षेत्र के किसनी गांव से एक पिस्टल, 5.56 मिमी की 11 राउंड और .303 की 30 राउंड कारतूस जब्त किए गए। 30 मई को सिमडेगा जिले के थाना महाबुआंग के महुआटोली के जंगल में पहाड़ी से दो आईईडी भी बरामद किये गये। इससे पहले 26 मई को 1500 राउंड जिंदा गोलियां बरामद की गयी थी।एनआईए ने दिनेश गोप को 21 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ 102 आपराधिक मामले हैं और उस पर 30 लाख रुपये का इनाम था। वह वर्तमान में एनआईए की हिरासत में है। जांच के दौरान एनआईए की टीम दिनेश गोप को गोला-बारूद छुपाने के स्थान पर ले गयी। उसकी निशानदेही पर गोला-बारूद बरामद किये गये। खूंटी जिले के दिनेश गोप को कुलदीप यादव और बड़कू के नाम भी से जाना जाता है। इससे पहले एनआईए द्वारा पीएलएफआई के लोगों से 25.38 लाख रुपये के विमुद्रीकृत मुद्रा की वसूली से संबंधित मामले में आरोप पत्र दायर किया गया था।एनआईए की जांच के अनुसार, पीएलएफआई पहले झारखंड लिबरेशन टाइगर्स (जेएलटी) के रूप में जाना जाता था। पीएलएफआई झारखंड में हत्या समेत सैकड़ों आपराधिक घटनाएं कर चुका है। पीएलएफआइ संगठन बेरोजगार युवकों को बाइक, मोबाइल फोन और आसानी से पैसा मुहैया कराने का लालच देता था।

